CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 2 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –184 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बने रश्मि रंजन स्वैन पृष्ठ 3

■ चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका
■ रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती पृष्ठ 4

■ कोलंबिया, चिली ने इजराइल से अपने राजदूत वापस बुलाए
■ थाई नागरिकों की रिहाई के लिए हमास से बात करेंगं अब्दुल्लाहियन पृष्ठ 9

नवनीत व संगीता के एक-एक गोल से भारत ने जापान को हरा लगातार चौथी जीत दर्ज की पृष्ठ 10

# किसानों की दीवाली शुरू, पहले दिन ही मंडी गुलजार

## 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य, पूजा पाठ के साथ हुआ प्रारंभ



**रायपुर**, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में आज एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी शुरू हो गई है। यह खरीदी सीधे किसानों से होती है। जो 31 जनवरी तक होगी।सरकारी खरीदी केंद्रों में धान बेचने मंगलवार से ही टोकन कटना शुरू हो गया। ऑन लाइन (मोबाइल एप) और ऑफ लाइन (समिति) दोनों तरीके से टोकन काटे जा रहे हैं।20 जिलों की एक हजार समितियों में टोकन कटा है। पहले दिन धान बेचने के लिए कुल 8 हजार 157 टोकन कटा है। इसमें सबसे ज्यादा धमतरी में 1775 किसानों ने टोकन लिया है। इन 8 हजार से ज्यादा टोकनों से किसान करीब 3 लाख क्विंटल से ज्यादा धान बेचेगें।

इस वर्ष करीब 25 लाख किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार ने 22 हजार करोड़ का बैंकों से क्रेडिट लिमिट लिया है। भारत सरकार ने अबकी किसानों के बायोमेट्रिक के जरिए धान खरीदी करने का निर्देश दिया था। मगर खाद्य सचिव टीपी वर्मा ने कमिश्नरों और कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि बायोमेट्रिक की व्यवस्था करने में वक्त लगेगा। इसलिए बिना बायोमेट्रिक ही धान खरीदी की जाए।

खाद्य विभाग के अनुसार बिना बायोमेट्रिक मशीनों के धान खरीदी के लिए भारत सरकार से अनुमति थोड़े समय के लिए ही मिली। इन मशीनों के सप्लायर कंपनी ने मशीन के लिए कुछ समय मांगा है। कंपनी ने 4 नवंबर तक मशीनें खरीदी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### रायपुर कलेक्टर ने मंदिर हसौद धान खरीदी का किया शुभारंभ

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जिले के मंदिर हसौद स्थित उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया। डॉ. भुरे ने केंद्र में आए किसान गणेश राम बंजारे का स्वागत किया। बंजारे ने केंद्र में 30 क्विंटल बेचा। डॉ. भुरे ने संबंधित विभागिय अधिकारियों को केंद्र में बारदाना, धान को बारिश से बचाने के लिए कैप कवर, नमी मापने आद्रतामापी यंत्र क्रय कर केलिब्रेशन, उपार्जन केंद्र में कर्मचारी एवं डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति, पर्याप्त संख्या में हमालों की संख्या, प्राथमिक उपचार एवं पंजीयन के लिए आने वाले किसानों हेतु पीने के पानी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अर्जुनी में धान खरीदी शुरू



**अर्जुनी**। 1 नवंबर को राज्य सरकार के निर्देश अनुसार क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रो में धान का तौल हुआ। अर्जुनी के धान खरीदी केंद्र में धान नहीं आने से धान खरीदी शून्य रहा। जबकि समीप स्थित सरकारी समिति मिरगी में किसानो एवम समिति कर्मचारी तथा हेमाल आदि के उपस्थिति में धान खरीदी की कार्य प्रारंभ हुआ। यहां के किसान सुकदेव साहू से 28.40 चिंटल धान मोटा की खरीदी किया गया । इसी प्रकार से समिति स्थित सहकारी समिति गोढी(टी)में 22 चिंटल मोटा धान की खरीदी किसान केजू राम यादव एवं मंगतूराम साहू गोढी (टी) निवासी से खरीदी कर शुभारंभ किया गया ।जिसमें समिति प्रबंधक भूषण साहू, राधे श्याम विश्वकर्मा, पीत्मबर वर्मा, योगेश ध्रुव, दयालाल, ललित ध्रुव, बसंत तथा इस अवसर पर सहकारी समिति मिरगी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### बलौदाबाजार में पहले दिन किसानों ने बेचा 6346 क्विंटल धान

**बलौदाबाजार**। शासन के निर्देश अनुरूप जिले में आज से धान खरीदी शुरू हो गई । स्थानीय किसानों ने कांटा-बाट की पूजा अर्चना कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। पहले ही दिन 52 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 180 किसानों ने 6346 क्विंटल धान बेचे । यह कार्य लगभग तीन माह तक चलेगा। धान खरीदी को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शुरू के दिनों में छोटे एवं सीमांत किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। पूरे परिवार के लोग उपार्जन केन्द्र पहुंचकर उत्साह के साथ अपने धान का तौल करवा रहे हैं। साथ ही आज के लिए 303 किसानों ने अपना टोकन कटाया है । इस बीच कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खाद्य अधिकारी विमल दुबे, उप पंजीयक सहकारिता श्री गौड़ एवं बैंक नोडल अधिकारी श्री शर्मा ने विभिन्न ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### बालोद के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी का शुभारंभ

**बालोद**। शासन द्वारा 1 नवंबर बुधवार को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जहां बालोद सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत छह किसानों ने 800 कट्टा यानी 320 क्विंटल धान, मेढ़की धान खरीदी केंद्र में 13 किसानों ने 16 कट्टा धान, जूंगेरा धान खरीदी केंद्र में 1770 कट्टा एवं तरौद धान खरीदी केंद्र में14 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज धान बेचा। धान खरीदी को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं समिति प्रबंधकों ने धान विक्रय केंद्र में आने वाले किसानों का तिलक वंदन लगाकर सम्मान किया तत्पश्चात किसानों के द्वारा तराजू बट की पूजा अर्चना कराया गया और फिरसमिति प्रबंधकों ने धान खरीदी की शुरुआत की।

# 75 सीट जीतकर प्रदेश में बनाएंगे कांग्रेस की सरकार : मल्लिकार्जुन

## हमारी सरकार ने 5 सालों में सभी वादों को किया पूरा : भूपेश





**सुकमा**, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कोंटा विधानसभा चुनाव के चुनाव प्रचार अभियान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए 5 वर्षों में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर फिर से एक बार प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। वही कांग्रेस दोनों स्टार प्रचारक नेताओं के सुकमा आगमन पर सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उनका हेलीपैड में स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकार नासिर हुसैन, सप्तगिरी शंकर उल्का, निमाई सरकार, हरीश कवासी, राजू साहू , माहेश्वरी बघेल,आयशा हुसैन, गीता कवासी, गुड्डू राजा, मौसम जया, सुनील यादव, सुधीर पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मार्गदर्शन में आदिवासी एवं सभी वर्गों के विकास करने का काम किया है, उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### जो देश की संपत्ति बेचता है वह देश की भलाई के लिए नही सोच सकता: खड़गे





**महासमुंद**। स्थानीय आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाईस्कूल मैदान में जिले की चुनाव आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो गारंटी रखा है उसे कांग्रेस पार्टी पूरा करेगी। श्री खड़गे ने कहा कांग्रेस ने आजादी दिलाई उनसे भाजपा के लोग पूछते है कि उन्होंने 70 साल में देश के लिए क्या किया। वे ये नही जानते कि कांग्रेस ने देश को बचाने का काम किया है। लोकतंत्र बचाने और संविधान को जिंदा रखने का काम कांग्रेस ने किया। एक कहावत है बाप कमाया, बेटा गुमाया, ये लोग एयर फोर्ट बेचकर खा रहे है। देश की एक-एक संपत्ति उद्योगपतियों को बेच रहे है। जो संपत्ति बेचता है वह देश की भलाई के लिए नही सोच सकता। राहुल गांधी भारत जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदलयात्रा करते है और लोगों से मुलाकात करते है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

■ पूरे पांच साल ईमानदारी से की है जनता की सेवा : बघेल

## सार संक्षेप

### महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली** पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ सकती है। खबर है कि आईटी मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि उनका लोकसभा का खाता 49 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई में खोला गया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूना ने इस बारे में कहा कि जब तक इस मामले की जांच चल रही है उन्हें लोकसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए।


### एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**। दिवाली से पहले लोगों को तगड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 1 रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 29 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेंडरों की कीमत तब 1731.5 रुपए हो गई थी।

### इजराइल ने गाजा में शरणार्थी शिविर पर किया हमला

**जेरूसलम**। इजरायली सेना ने बुधवार को गाजा में सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि 7 अक्टूबर के हमले के लिए जिम्मेदार हमास के शीर्ष नेताओं में से एक हमले में मारा गया एक्स पर एक पोस्ट में, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास की सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को मार गिराया। बियारी 7 अक्टूबर को आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार नेताओं में से एक था। अरब लीग, मिस्र व जॉर्डन ने जबालिया शरणार्थी शिविर पर घातक इजरायली हवाई हमले की कड़ी निंदा की।

# मोदी आज और योगी आएंगे परसों



खेल मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित

**कांकेर**, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों का दौरा जारी है। इसी कड़ी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नक्सल प्रभावित कांकेर में चुनावी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

इस दौरान 7 विधानसभा के प्रत्याशियों व समर्थकों की भीड़ एकत्र होने वाली है। प्रधानमंत्री इस मंच से जनता को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते नजर आएंगे। शायद कुछ बड़ी घोषणा कर सकते है नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। आसमान में बीते दो दिनों से हैलीकॉप्टर से निगरानी भी की जा रही है।

### योगी आदित्यनाथ 8 सभा और 4 रोड शो में होंगे शामिल



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा लगातार जारी है। वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। वे 4 और 5 नवंबर को अलग-अलग जिलों में धुआंधार प्रचार प्रसार करेंगे। जहां सीएम योगी 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8 सभा और 4 रोड शो करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ आते ही करेंगे धुआंधार प्रचार, सुबह 10.30 रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 11.10 बजे अंतागढ़ पहुंकर आमसभा को संबोधित करेंगे। 12.10 बजे अंतागढ़ से रवाना होकर डोंगरगांव जाएंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

# राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई

**नई दिल्ली**, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनावी बॉन्ड मामले पर बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई हई। इस दौरान कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड का बचाव किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। पहले नकद में चंदा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा कि राजनीतिक पार्टी को चंदा देने वाले भी गोपनीयता चाहते हैं ताकि दूसरी पार्टी उनके प्रति नाराजगी न रखें। सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।

**कालेधन के चलन को खत्म करने का प्रयास**–मोदी सरकार ने मौजूदा चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक दलों को बैंकिक चैनलों के माध्यम से साफ-सुथरी मुद्रा सुनिश्चित करने का एक प्रयास किया है। सरकार की योजना है कि जहां तक संभव हो, चुनावों में कालेधन के चलन को खत्म किया जाए। तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सवाल उठाते हुए कहाकि गुमनामी या अपारदर्शिता क्या है। यह योजना गोपनीयता के अलावा और कुछ नहीं है। अगर गोपनीयता का तत्व योजना से चला जाता है तो योजना चली जाएगी। फिर 2018 के पहले वाली व्यवस्था में लौट जाएंगें। इसलिए याचिकाकर्ता बताएं कि 10 कदम पीछे जाने से क्या फायदा होगा!

**मुद्रा के डिजिटलीकरण का दिया उदाहरण**–उन्होंने कहाकि जब मुद्रा का डिजिटलीकरण शुरू हुआ तो सरकार का मजाक उडाया गया। लोगों ने कहाकि यह काल्पनिक विचार है। क्या कोई सब्जी विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार करेगा। लेकिन यह पूरी तरह सफल रहा। आज भारत में डिजिटल भुगतान अमेरिका और युरोपीय संघ के कुल भुगतान ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

सॉलिसिटर जनरल बोले, गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई

# सीएम भूपेश बघेल का मोबाइल हैक !

**रायपुर**, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नेताओं की फोन हैकिंग पर बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मेरा मोबाइल हैक होने की आशंका है। पिछले आठ घंटों से मोबाइल बंद है। चार्ज होने के बाद भी फोन चालू नहीं हुआ है। कुछ तो गड़बड़ है, मोबाइल जांच के लिए भेजूंगा।

कांग्रेस के राहुल गांधी, टीएस सिंहदेव सहित कई विपक्षी नेताओं के फोन में भी थ्रेट अलर्ट आया है, जिसमें 'राज्य-प्रायोजित' निगरानी की बात कही गई है। इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स द्वारा उनके आईफोन को टारगेट किए जाने की संभावना है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा था कि इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक संलिप्तता है, तो यह भारत के लोकतंत्र और व्यक्ति की निजता का हनन है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ऐप्पल से प्राप्त ईमेल की तुलना पेगासस जैसे घटना से करते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इस प्रकार का ईमेल आना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



■ कुछ तो गड़बड़ है, मोबाइल को जांच के लिए भेजूंगा : भूपेश

## दिवाली से पहले तगड़ा झटका

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 1 रुपए की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले लोगों को तगड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेंडरों की कीमत तब 1731.50 रुपए हो गई थी। कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपए हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपए, कोलकाता में 1,943 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए हो गई है।

# भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा और कोई मुद्दा नहीं है : जयराम रमेश

**रायपुर**, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है विधानसभा चुनाव में हमारी गारंटी और वादे स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित हैं। छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदों को हम अपने अभियान से दर्शा रहे हैं। लेकिन भाजपा की रणनीति केवल ध्रुवीकरण की है। ध्रुवीकरण के अलावा और कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दाविहीन पार्टी है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से रू-ब-रू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री आएंगे, असम के मुख्यमंत्री भी आए हैं। उनके भाषण में केवल ध्रुवीकरण वाली बात होगी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री केवल इसी भावना से आयेंगे की कैसे ध्रुवीकरण का प्रोत्साहन कर सकें। उन्होंने कहा कि 16 तारीख को देश के गृहमंत्री छत्तीसगढ़ आये थे। 18 तारीख ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



■ मोदी सरकार को मौका मिले तो भिलाई स्टील प्लांट का भी कर दे निजीकरण

### महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में : शिंदे

**मुंबई**, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की। शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए।

## उपलब्धि

*यूनेस्को ने ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में, कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में किया नामित*

# ग्वालियर, कोझिकोड बने यूनेस्को के रचनात्मक शहर

**पेरिस, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क (यूसीसीएन) में इस वर्ष भारत के दो शहरों –ग्वालियर एवं कोझिकोड को नामित किया गया है। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में और केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया गया है।**

*यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की है जिसमें भारत के ये दो शहरों को शामिल किया गया है। इस नवीनतम सूची जारी किये जाने के साथ नेटवर्क में 100 से अधिक देशों के 350 रचनात्मक शहर शामिल हो गये हैं जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं – शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, पाक कला, साहित्य, मीडिया, कला और संगीत। नए नामित रचनात्मक शहरों को अगले वर्ष पुर्तगाल के ब्रागा शहर में एक से पांच जुलाई के बीच होने वाले यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।*

*यूनेस्को की आधिकारिक सूचना के अनुसार नए नामित शहर जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता, साथ ही तेजी से शहरीकरण जैसे उभरते खतरों का सामना करने के लिए अपने लचीलेपन को मजबूत करने के लिए नेटवर्क सदस्यों के साथ सहयोग करेंगे। यूनेस्को का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की 68 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने का है। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले ने कहा, जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं। ग्वालियर ऐतिहासिक रूप से संगीत का केन्द्र रहा है। मध्य काल* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### राहुल ने केसीआर पर साधा निशाना

# केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में है लिप्त



**कोल्लापुर**, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय मोड में दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर बीआरएस सरकार पर निशाना साधा है। बीआरएस सरकार पर कांग्रेस ने जमकर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीआरएस सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को धोखा दिया है। राहुल गांधी मंगलवार को तेलंगाना के कोल्लापुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना एक विश्वासघात है। यह पैसा आपका और आपके भविष्य का है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के गरीबों, किसानों, मजदूरों से एक लाख करोड़ रुपऐ चुराए हैं। बैराज के खंभे अब टूट रहे हैं। तेलंगाना में प्रत्येक परिवार ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# आपकी अच्छी ट्रेनिंग से निर्वाचन कार्य होगा आसान-कलेक्टर

■ सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर को कमीशनिंग का दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में चारों विधान सभाओं के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर एवं मास्टर ट्रेनर को ईवीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहें।

कलेक्टर गोयल ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि हम निर्वाचन के महत्वपूर्ण चरण में पहुंच चुके हैं, जिसमें हमें मशीनों की कमीशनिंग का कार्य करना हैं। इस कार्य में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने के साथ ही तकनीकी जानकारी होनी जरूरी हैं, जो आपको ट्रेनिंग में बताया जा रहा है, जिसका आपको निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग मिलेगा। कलेक्टर गोयल ने कहा कि हम सभी कार्य समय-सीमा में करने हैं। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को कहा की कल से विधानसभा वार मतदान दलों की ट्रेंनिग प्रारंभ हो रही है, ट्रेनिंग बेहतर दिया जाए, चूंकि अब विधानसभा वार टीम बन चुकी हैं, लिहाजा टीम भावना एवं समन्वय महत्वपूर्ण हैं, सभी इसका विशेष ध्यान रखे, जो निर्वाचन के कार्य को आसान बनाएगी। उन्होंने विशेष तौर पर बैलेट यूनिट को जोड़ने एवं मॉक पोल करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आरओ को ट्रेनिंग में उपस्थित रहने एवं मतदान दल के सभी अधिकारियों की शत-प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन में सीआरसी कितना महत्वपूर्ण है उनकी जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों से कमीशनिंग से संबंधित प्रश्नोत्तर किए।

प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा ईवीएम कमीशनिंग कार्य में ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बातों के बारे में बताया गया। जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग प्रक्रिया में कंट्रोल यूनिट, कंडीडेट सेटिंग, बैटरी चेक, बैलेट यूनिट मतपत्र सेटिंग, वीवीपीएटी बैटरी चेकिंग के संबंध में जानकारी दी। साथ ही ईवीएम मॉक पोल टेस्ट राजनीतिक दल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में अनिवार्य रूप से करना हैं, जिसमें प्रत्येक विधानसभा के 5 प्रतिशत मशीनों का एक हजार वोट टेस्ट के साथ मॉकपोल किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में की जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री अनिल कुमार गुप्ता, डॉ.नरेंद्र पर्वत, भुनेश्वर पटेल एवं विकास रंजन सिन्हा ने मतदान प्रक्रिया में ईवीएम कमीशनिंग की आवश्यकता की जानकारी दी। उनके द्वारा उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर व सेक्टर ऑफिसर को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के संचालन के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से कनेक्ट करना, ईवीएम सील करना, मॉकपोल, सीआरसी, सामान्य इरर एवं उसके कारण सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकार दी। प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों ने हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अभ्यास भी किया। इस अवसर पर सभी विधान सभा के आरओ, एआरओ, सेक्टर ऑफिसर एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# राज्य स्थापना दिवस पर जोगी निवास में हुए कार्यक्रम



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 01 नवंबर (देशबन्धु)। 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 23 वर्ष में प्रवेश करने के बाद आज राज्य स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी को पेंड्रा गौरेला और मरवाही के लोगों ने श्रद्धांजलि देकर याद किया। 1 नवंबर को ही छत्तीसगढ़ बनने के बाद अजीत जोगी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी को आज पेंड्रा गौरेला मरवाही के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ज्ञात होगी 1 नवंबर 2000 को 16 जिले और पांच संभागों के साथ मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आया था पेंड्रा गौरेला मरवाही से अजीत जोगी का बहुत गहरा संबंध रहा है, अजीत जोगी की शिक्षा पेंड्रा में ही हुई थी, मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा के विधायक रामदयाल उइके से मरवाही सीट खाली करा कर अजीत जोगी ने मरवाही से विधायक का चुनाव लड़ा और उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज कर अजीत जोगी मुख्यमंत्री बने रहे। एक गरीब परिवार से होने के बाद अजीत जोगी ने इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद आईपीएस चुने गए इसके बाद अजीत जोगी ने पुणे यूपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर इस का एग्जाम पास किया और अभी उनके पास सबसे लंबे समय तक कलेक्टर रहने का रिकॉर्ड है । जोगी निवास पर हुए राज्य स्थापना के कार्यक्रम में जोगी परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे योगी प्रतिमा को सामने रखकर अजीज जोगी को याद किया गया।

# जनरल ऑब्जर्वर डॉ.रूपांजलि ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

मतदान केन्द्र में दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**रायगढ़,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। जनरल आब्जर्वर आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों का जायजा लेने आज रायगढ़ शहर के पालूराम धनानिया वाणिज्य महाविद्यालय में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 14, 15, 36, 37 एवं 39 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्र में खासकर दिव्यांगजनों और वृद्धजनों हेतु व्हीलचेयर और रैम्प निर्धारित आकार में बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के लिए आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक को जनरल आब्जर्वर बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं ऐसी हो कि मतदान सुचारू और निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सके। इसके लिए मतदान केंद्र पर मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रहे। मतदान केंद्र पर शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था, रैंप, चारदीवारी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के साथ ही महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय के साथ उसे साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। इसी तरह पूरे मतदान परिसर को भी स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। ताकि आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के दिन आने वाले सभी मतदाताओं को एक बेहतर माहौल मिल सके। इस दौरान बीएलओ, राजस्व विभाग के अधिकारी तथा कालेज प्रबंधन उपस्थित थे।

# इतवारी-टाटा को रायगढ़ से किया गया वापस

**रायगढ़** 01 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा में चल रहे रेल रोको आंदोलन के चलते सोमवार को इतवारी टाटा को रायगढ़ में ही समाप्त किया गया, साथ ही इस ट्रेन को यहां से वापस इतवारी के लिए रवाना किया गया। ट्रेनों की स्टापेज की मांग को लेकर सोमवार को चक्रधरपुर डिविजन के बिसरा स्टेशन में स्थानीय लोगों ने रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया था। टाटा-इतवारी चक्रधरपुर डिविजन तक जाती है, जिसके चलते इतवारी से चलकर टाटा तक जाने वाली इतवारी-टाटा पैसेंजर रायगढ़ तक आई। जहां आंदोलन को देखते हुए इसे रायगढ़ से ही वापस ईतवारी के लिए रवाना किया गया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## किसानों की दीवाली शुरु...

केंद्रों तक पहुंचा देने की बात कही है। इसी आधार पर भारत सरकार से कुछ दिनों की राहत मांगी गई थी। धान खरीदी के लिए करीब 3 हजार बायोमेट्रिक मशीन की जरुरत है। इसमें 2617 मशीन खरीदी केंद्रों में लगाई जाएगी। बाकी मशीन रिजर्व में रखा जाएगा।

**25 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन**

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.72 लाख मीट्रिक टन किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 61 हजार नये किसान है।

**2040 से 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर**

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2497 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। और सरकार का 125 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य है ।

## अर्जुनी में धान खरीदी ...

से लेखराम साहू समिति प्रबंधक एवम् नूतन साहू गिरधारी लाल साहू रामायण ध्रुव, घासी निसाद, प्रफुल्ल पाठक, दौलत वर्मा, परदेशी साहू, महेतरू निषाद, ढेलू राम साहू, नंदराम साहू आदि किसान उपस्थित थे।

## बलौदाबाजार में पहले दिन ...

धान उपार्जन केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान कुछ कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। ग्राम छेरकापुर निवासी बरातु धीवर एवं मनहरण धृतलहरे ने पहले ही दिन अपना पूरा धान बेच दिया। उनकी लगभग 1 एकड़ जमीन है। उन्होंने लगभग 25 -25 कट्टा धान बेचा है। कुछ बारदाने वे स्वयं लाये थे, बाकि समिति की ओर से उन्हें प्रदान किया गया। इसी तरह छेरकापुर उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुँचे कल्याण साहू ने कहा कि उपार्जन केन्द्र में कर्मचारियों से पूरा सहयोग मिल रहा है। उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नही है। एक ही बार में ज्यादातर किसानों का धान बिक जा रहा है। इस दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे,उप पंजीयक सहकारिता श्री गौड़ एवं बैंक नोडल अधिकारी श्री शर्मा ने विभिन्न केंद्रों में धान बेचने आये किसानों और हमालों से बातचीत की और उपार्जन केन्द्र की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

## 75 सीट जीतकर...

तेंदूपत्ता और धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। फिर से कर्ज माफी और वनोपज को लेकर तमाम तरह के काम कांग्रेस की सरकार में हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मुक्त शिक्षा से लेकर युवाओं को रोजगार देने का काम कांग्रेस पार्टी ने की है, इसलिए फिर से एक बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई देते शुभकामनाएं दी। आचार संहिता के कारण सादगी पूर्ण तरीके से स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के 15 साल के शासन में आदिवासियों को फर्जी एनकाउंटर में करने का काम होता था बेगुनाह आदिवासियों को जेल में बंद करने का काम होता था और 15 साल में इलाके में हाट बाजार बंद हो गए स्कूल बंद हो गए। वनोपज खरीदी होता था जिसके कारण से आदिवासी सड़क पर अपने वन उपज को बेचने के लिए मजबूर थे, ऐसी स्थिति के बीच यहां की जनता भाजपा के 15 साल के शासन को देखे है, जिसकी वजह से आप लोग इन सभी समस्या से वाकिफ है।

उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की पारंपरिक रूप से लगने वाला मुर्गा बाजार भी बंद हो गई थी। भाजपा सरकार में पिछले 15 सालों में मोबाइल, टिफिन, साइकिल बांट कर भ्रष्टाचार करने का काम हुआ। सुकमा आने के लिए भी 10 बार सोचा जाता था लेकिन आज रात के 10 बजे हो या 12 बजे रात हम बेधड़क होकर रात सुकमा से जगदलपुर, दंतेवाड़ा जा सकते हैं। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में सभी वादों को पूरी की है। हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा किए गए सभी वादे पूरे किए गए। किसानों की कर्ज माफी, 25 सौ रूपए धान और वन उपज की खरीदी, तेंदूपत्ता 4 हजार रूपए मानक बोरा, उद्योग के नाम पर अधिग्रहण किए गए भूमि को वापस किया। लघु उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा किए थे। सहित सभी वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो एक बार फिर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अब माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। डॉक्टर खूबचंद बघेल योजना के तहत 5 लाख से बढ़कर 10 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क होगा। मुख्यमंत्री विशेष स्व सहायता योजना में बढ़कर 25 लाख तक, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पूरा इलाज निशुल्क होगा। एलपीजी गैस सिलेंडर में 500 रूपये में मिलेंगी। पीएम किसान । भूमि हीन किसानो ,बैग गुनिया को राशि 7000 से बढ़कर 10 हजार रूपए किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी के द्वारा की 90 सीटों में 75 सीट जीतकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में प्रदेश के कांग्रेस पार्टी की सरकार के द्वारा सभी वर्ग के हितों के लिए काम क्या है, उन्होंने बताया कि फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कर्ज माफी एवं होगा और किसानों के लिए धन की समर्थन मूल्य में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी उद्योगपति की सरकार है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आड़े हाथों लेते हुए कहां की छत्तीसगढ़ में इन 5 सालों में तेजी से विकास हुआ है तो भाजपा के लोगों को भी हैरानी होती है। सभी विकास कार्यों की वजह से कांग्रेस पार्टी को फिर से एक बार बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनेगी।

## जो देश की संपत्ति बेचता है ...

ने कभी भी गरीब जनता से मुलाकात नही किया बल्कि किसानों और गरीबों की बात कहकर वोट मांगने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी मोदी जी जैसा भागने वाली और जुमलेबाजी करने वाली पार्टी नही है। जो वायदा करते है उसे पूरे करते है। वे चुनावी आमसभा को संबोधित करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पहुंचे थे। उन्हें दोपहर 2.35 को पहुंचना था लेकिन सवा दो घंटे के विलंब से पहुंचे जिसके कारण बिना औपचारिकता के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीधे मंच में माइक थामते हुए संबोधन शुरू कर दिया। सीएम के बाद खड़गे ने संक्षिप्त उदबोधन देते हुए जिले के चारों कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से कहा था कि कालाधन लाकर 15 लाख रुपए प्रत्येक व्यक्ति को देंगे, 2 करोड़ नौकरियां नौजवानों को प्रतिवर्ष मिलेगा, किसानों की आमदनी डबल करेंगे लेकिन एक भी वायदा पूरा नही किया। जो जैसा बोलता है वैसा करने वाला एक मात्र कांग्रेस पार्टी की सरकार है। जो भरोसा दिलाने के साथ ही अपनी बातों को अमल में लाती है। मोदी जी गरीब की बात करते है लेकिन कभी भी गरीबों के पास नही गए। श्री खड़गे ने कहा कि मणीपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी एक भी दिन मणीपुर नही गए। इसके पूर्व सीएम बघेल ने पब्लिक से पूछा कि कर्ज माफ करना है कि नही, जोर की आवाज आने पर उन्होंने कहा कि हमारे अध्यक्ष खड़गे जी, राहुल जी, प्रियंका जी ने जो 16 वायदे किए है वे भी कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा करेंगे। उन्होंने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए घोषणाओं का सिलसिलेवार जिक्र करते हुए कहा कि आज से 20 क्विंटल धान खरीदी शुरू हो गया है, किसानों की कर्ज माफी, गैस रिफिलिंग में 5 सौ रुपए की सब्सिडी, 35 किलो चावल, 2 सौ यूनिट तक बिजली बिल माफ, तेंदूपत्ता तोड़ने वाले प्रत्येक परिवार को 4 हजार अतिरिक्त, भूमिहीन मजदूरों को 7 के बदले 10 हजार रुपए और लघुवनोपज में 10 रुपए प्रति किलो की वृद्धि, सभी स्कूलों का आत्मानंद स्कूलों में उन्नयन, केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा जैसे घोषणाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री बघेल ने कहा कि हमने किसानों का कर्ज माफ किया लेकिन मोदी सरकार 24 लाख करोड़ रुपए उद्योगपतियों का माफ किया है।

हमने सत्ता में आने के बाद जनता की सेवा ईमानदारी से की, सुख-दुख सभी परिस्थितियों में जनता के साथ खड़े रहे। आगे भी खड़े रहेंगे। सीएम के साथ छग प्रभारी कुमारी शैलजा नासिरहुसैन भी पहुंचे थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रमोद तिवारी ने कहा कि वे अवध से छग ननिहाल आए है और ननिहाल में मांगने का हक है और आपको देने का, मै केवल पंजा के लिए वोट मांग रहा हूं। चंदन यादव ने कहा कि आज पूरे देश और अन्य प्रांतों में छग मॉडल की चर्चा हो रही है वह भूपेश सरकार की देन है। पूर्व मंत्री नंदकुमार साय ने कहा कि भाजपा केवल राम का नाम लेकर राजनीतिक लाभ लेते रही लेकिन यहां की वर्तमान छग ने सही मायने में राम वनगमन पथ में भगवान की दिव्य प्रतिमाएं स्थापित की है। अधिकांश समय भगवान राम दण्डकारण्य में रहे। बस्तर ही हमारा दण्डकारण्य है जिसे संवारने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। सभा को विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, कांग्रेस प्रत्याशी डा. रश्मि चंद्राकर, द्वारिकाधीश यादव, देवेंद्र बहादूर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का 15 साल यहां की जनता ने देखा है। छत्तीसगढ़ियों का केवल शोसन होता रहा है भाजपा ने धान के कटोरा को केवल कटोरा बनाकर रख दिया था जिसे भूपेश सरकार ने वापस धान का कटोरा बनाया। जो आज धान से लबालब होकर छलक रहा है। मंच में सरायपाली प्रत्याशी चातुरी नंद, दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, नपाध्यक्ष राशि महिलांग, नपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, परमानंद साहू, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, ढेलू निषाद आदि मौजूद थे। संचालन संजय शर्मा ने किया।

**मनोज, मयंक ने किया कांग्रेस प्रवेश**

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले मनोजकांत साहू, भाजपा नेता व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मयंक शेखर साहू, भाजपा के पूर्व एल्डरमेल अरूण साहू, आलोक ठाकुर, राजकुमार ध्रुव व सतपाल चावला ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया। छग सह प्रभारी चंदन यादव व पूर्व मंत्री नंदकुमार साय ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## योगी आदित्यनाथ 8 सभा...

12.40 बजे डोंगरगांव में आमसभा में चुनावी हुंकार भरेंगे। फिर दोपहर 2 बजे पंडरिया जायेंगे। पंडरिया में भी सीएम योगी आमसभा करेंगे। दोपहर 3 बजे पंडरिया से कवर्धा रवाना होंगे। 3.30 बजे कवर्धा में रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कवर्धा से शाम 5.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट लौटेंगे। शाम 6 बजे बिरगांव में सभा और रोड शो करेंगे। रात 8 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में योगी आदित्यनाथ आराम करेंगे। 5 नवंबर को फिर कई विधानसभाओं में धुआंधार प्रचार करेंगे योगी आदित्यनाथ। सीएम योगी लगभग 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे बीजापुर में आमसभा को संबोधित करेंगे। 12.30 बजे बस्तर पहुंचकर आमसभा करेंगे। योगी आदित्यनाथ 2.10 बजे राजनांदगांव में सभा और रोड शो करेंगे। शाम 4.30 बजे भाटापारा में सभा और रोड शो करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

## राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में ...

का सात गुना और चीन से तीन गुना है।सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ ने राजनीतिक फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की। इससे एक दिन पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंकटरमनी से मामले में अपनी राय देने को कहा था। एडीआर का पक्ष रख रहे प्रशांत भूषण ने मंगलवार को कोर्ट में कहा था कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

**सीतलवाड़ की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

## सीएम भूपेश बघेल का...

कि देश की सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ सीमाओं की सुरक्षा के लिए सीमित नहीं बल्कि व्यक्ति की निजता की सुरक्षा भी भारत सरकार की जिम्मेदारी है। यदि प्रकार की कोई घटना होती है तो यह शासन की डिजिटल सुरक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। वहीं नई दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान राहुल गांधी ने फोन 'हैकिंग' को लेकर कहा था कि बहुत कम लोग इसके खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन हम डरे हुए नहीं हैं। आप जितनी चाहें उतनी (फोन) टैपिंग कर सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर आप मेरा फ़ोन लेना चाहो तो मैं वो दे दूँगा। उन्होंने कहा था कि मेरे कार्यालय में कई लोगों को यह संदेश मिला है। कांग्रेस में केसी वेणुगोपाल जी, सुप्रिया, पवन खेड़ा को भी यह संदेश मिला है। वे (भाजपा) युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

## भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा ...

को असम के मुख्यमंत्री आये थे। उनके चुनावी भाषणों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को एक मेमोरेंडम पेश किया है। हमने शिकायत की है, मैं चीफ इलेक्शन कमिश्नर से मिलने खुद गया था। उन्होंने नोटिस असम के मुख्यमंत्री को दिया है जो कवर्धा में उनका भाषण था। हालांकि गृहमंत्री के बारे में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की, पर हम उम्मीद करते है कि गृह मंत्री के भाषण पर उनको जो कार्यवाही करनी है, वो करेंगे। ध्रुवीकरण के अलावा भाजपा के पास और कोई मुद्दा नहीं है।हम इसका मुकाबला करेंगे हम डरते नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री दुनिया भर की बात करेंगे, कांग्रेस की आलोचना करेंगे, लेकिन मोदी गलती से भी सच नहीं कह सकते।नगरनार स्टील प्लांट पर क्या-क्या नहीं कहा? अक्टूबर 2020 से लेकर पिछले ढाई साल मोदी सरकार नगरनार इस्पात कार्यालय को बेचने में लगी है।

आज कह रहे हैं कि निजीकरण नहीं होगा। 5 अक्टूबर को मोदी जी के बयान का खण्डन किया था।अगर मोदी सरकार को मौका मिले तो भिलाई स्टील प्लांट भी निजीकरण कर दें। जयराम ने कहा कि जिस तरह से सार्वजनिक संपत्ति का निजीकरण हो रहा है उसकी नगरनार तो एक शुरुआत थी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कहते है कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं था।मोदी सरकार अक्टूबर 2020 से निजीकरण करने में लगी हुई है।कोरबा के प्लांट का निजीकरण हुआ।केंद्र के निजीकरण की नीति छत्तीसगढ़ के हित के लिए नहीं है।सबसे ज्यादा विलंब ट्रेनों का छत्तीसगढ़ में होता है, प्राथमिकता उन रेल गाड़ियों को दी जा रही है, जो कोयला ले जाता है. 80 प्रतिशत रेल यात्रा में भारी कटौती हुई है। मोदी सरकार की नीतियों से रेल यात्रा प्रभावित है कांग्रेस महासचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को कई बार कहा था कि भेदभाव मत कीजिए। हिमाचल में जो बाढ़ आई, उसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया गया।इस चुनाव में कांग्रेस ने कई वादे किए हैं।हमने कई गारंटी दी, यह कागजी वादे नहीं है। हमने 17 गारंटी दी है, एक गारंटी आज से लागू की गई है, वह है प्रति एकड़ 20 चिंटल धान खरीदी किसानों का वादा पूरा किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान, महिला, युवा, आदिवासियों और वंचित वर्गों के लिए यह गारंटी दी है. गैस सिलेंडर जो 989 रुपए है उसमें 500 रुपए घटाया जाएगा. यह महिलाओं के खाते में जाएगा।सबसे कम गैस सिलेंडर का दाम छत्तीसगढ़ में होगा।

## ग्वालियर, कोझिकोड बने...

यहां महान संगीतकार तानसेन एवं बैजू बावरा हुए हैं और ग्वालियर की संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन सदियों से किया जा रहा है। ग्वालियर संगीत घराने में गुरु शिष्य परंपरा अभी भी चल रही है। आज भी पूर्ववर्ती सिंधिया राजघराने द्वारा ऐतिहासिक संगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकार और उनकी कला को जीवित रखने के लिए उनका संरक्षण किया जाता है। ग्वालियर में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है जिसमें संगीत, नृत्य, ललित कला और नाटक और रंगमंच में पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

## केसीआर सरकार...

को 2040 तक लगभग 31,000 रुपए का बोझ उठाना होगा। तेलंगाना के लोगों का पूरा पैसा केसीआर के परिवार के हाथों में जा रहा है। गांधी ने आगे कहा कि अगर कांग्रेस इस बार सत्ता में आती है तो केसीआर द्वारा चुराया गया पैसा जनता वापस करेगी। तेलंगाना की जनता ने दोराला तेलंगाना नहीं बल्कि जनता के तेलंगाना का सपना देखा था। राज्य में इस बार कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुकाबला नहीं है। बल्कि, असल मुकाबला दारोला तेलंगाना (सामंतों) और प्राजला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) के बीच है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो जनता की अकांक्षाओं के लिए काम करेगी, जिसके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं का ख्याल और उनका सपना पूरा करवाया।

**भाजपा-ओवैसी पर भी साधा निशाना**

राहुल गांधी ने कहा कि आज सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों जांच कर रही हैं लेकिन केसीआर के खिलाफ कोई भी एजेंसी जांच नहीं कर रही। केसीआर ने जीएसटी और कृषि कानूनों सहित लोकसभा में भाजपा का समर्थन किया था। अगर आप बीजेपी और एआईएमआईएम को वोट देंगे तो मदद बीआरएस को मिलेगी।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, **Sindhu Salamatani W/o Ashok Singh Salamatani** resident of Guru Niwas, Shukla Gali, Shanti Apartment ke baju me, Tikrapara, Bilaspur Bilaspur, Chhattisgarh 495001 have changed my old name **Sindhu Salamatani W/o Ashok Singh Salamatani** so in future should be recognized by my new name that is **Sindhu Kour Salamatani W/o Ashok Singh Salamatani** in all Government and other documents.

**Sindhu Kour Salamatani**
Guru Niwas, Shukla Gali, Shanti Apartment ke baju me, Tikrapara, Bilaspur 495001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आरिफा नाजमा पिता लियाकत अली पता वार्ड क्र. 14, हॉस्पिटल दफाई चिरमिरी, हल्दीबाड़ी, कोरिया छत्तीसगढ़-497451 यह शपथ करती हूं कि मैनें अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम आरीफा नाजमा पिता लियाकत अली रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम आरीफा नाजमा पिता लियाकत अली से ही जाना व पहचाना जावें।

**आरीफा नाजमा**
वार्ड क्र. 14, हॉस्पिटल दफाई चिरमिरी
हल्दी बाड़ी कोरिया (छ.ग.)
पिन: 497451

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर फोन नं. (0771) 2583652-54, फैक्स नं. 2583651
Email: dtic-directorate.cg@gov.in
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/ 2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन) मेसर्स ए.जी. इंजीनियरिंग वर्क्स, प्लाट नंबर 206, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, भिलाई, जिला-दुर्ग के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि
1. मेसर्स ए.जी. इंजीनियरिंग वर्क्स, प्लाट नंबर 206, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, भिलाई, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) में स्थापित है। उक्त उद्योग में स्वामित्व में परिवर्तन हेतु मेसर्स ए.जी. इंजीनियरिंग वर्क्स के पूर्व स्वामी श्री नन्द किशोर शर्मा तथा नवीन स्वामी मेसर्स टेक विराज इंजीनियरिंग एण्ड साल्यूशन, प्रोप. श्री हरिशंकर शर्मा, उत्तर वसुन्धरा नगर, भिलाई-3, जिला-दुर्ग के मध्य स्वामित्व में परिवर्तन हेतु सहमति / इकरारनामा का निष्पादन हुआ है।
2. मेसर्स ए. जी. इंजीनियरिंग वर्क्स, बैंक आफ बड़ौदा, नेहरू नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग द्वारा ऋण पोषित है तथा बैंक द्वारा इकाई के स्वामित्व परिवर्तन के संदर्भ में NOC दिया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2014-19 के तहत प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक 35 /औ नीति/2023/18420-23 दिनांक 18/10/2023 द्वारा मेसर्स ए. जी. इंजीनियरिंग वर्क्स, में स्वामित्व में परिवर्तन की अंतिम स्वीकृति दी गई है।
अतः उक्त मेसर्स ए.जी. इंजीनियरिंग वर्क्स, प्लाट नंबर 206, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, भिलाई, जिला-दुर्ग के उद्योग को स्वामित्व में परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वितीय संस्था / बैंक या अन्य किसी को कोई आपति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपति पर विचार नही किया जावेगा।
रायपुर, दिनांक- संचालक

# देश

उवाच

“ राजनीति उन लोगों को आगे नहीं बढ़ा सकती या उनकी सेवा नहीं कर सकती जिनके पास सांप्रदायिक और विभाजनकारी एजेंडा है। आम तौर पर चिनाब घाटी विशेष रूप से भद्रवाह अपने धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भाईचारे के लिए जाना जाता है।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29 | 17 |
| मुंबई | 27 | 26 |
| कोलकाता | 31 | 24 |
| चेन्नई | 28 | 27 |

# लद्दाख के लोगों के लिए पूरे देश में है विशेष स्थान : द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने लद्दाख में नागरिक अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को लद्दाख में उनके नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों के दिल में आप सब के लिए विशेष स्नेह और आदर का भाव है। वे जानते हैं कि शूरवीरों की भूमि लद्दाख के सामान्य नागरिकों ने भी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा में सदैव अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग वीरता और बुद्ध में आस्था दोनों के लिए जाने जाते हैं। कारगिल के सूफी संतों और महापुरुषों ने भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा है कि लद्दाख में आध्यात्मिक, रोमांचकारी एवं साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं हैं।

**पद्मश्री से सम्मानित चेवांग मोटुप गोबा का किया उल्लेख**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित चेवांग मोटुप गोबा का उल्लेख करते हुए मुर्मु ने कहा कि उन्होंने लद्दाख में साहसिक पर्यटन के विकास को नयी ऊर्जा दी है। पर्यावरण संरक्षण के उनके कार्य से भी बहुत लोगों को प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की भी प्रचुर संभावना है। सोवा-



लद्दाख में आध्यात्मिक व प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं : द्रौपदी मुर्मू

रिगपा यानी आमची चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में अच्छा रूझान दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ साथ ऐसी प्राचीन परन्तु वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणालियों को प्रोत्साहित करना समग्र स्वास्थ्य तंत्र के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। मुर्मू ने कहा कि सिंधु नदी सभी देशवासियों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना में विद्यमान है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्ष 1997 के बाद से यहां हर वर्ष सिंधु दर्शन उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां की सभी नदियों और ग्लेसियर से उपलब्ध जल संसाधनों का संरक्षण और उनका समुचित उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। जल संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध छेवांग नोरफेल की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, साहसिक एवं रोमांचकारी तथा प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अतंत संभावनाएं हैं।

### लद्दाख कर रहा है तेजी से बहुआयामी विकास : राष्ट्रपति

श्रीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लद्दाख तेजी से बहुआयामी विकास कर रहा है और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की सराहना की। मुर्मू लेह में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के स्थापना दिवस समारोह में बोल रही थी। वह एक दिन पहले लद्दाख की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्ना व्यक्त की कि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली लद्दाख यात्रा इसके स्थापना दिवस पर हो रही है। उन्होंने कहा कि लेह और कारगिल की स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषदों ने जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को लगातार मजबूत किया है और लद्दाख के विकास, खासकर युवाओं के रोजगार के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख के लिए बजट प्रावधानों को पांच गुना बढ़ाया गया है।

## भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए वेंकटस्वामी

**हैदराबाद,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वेंकटस्वामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को अपने इस्तीफे का पत्र भेज दिया और इसके बाद उन्होंने उसे मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने भाजपा में रहने के दौरान मिले समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसके बाद विवेशन ने शमशाबाद हवाई अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने उनका स्वागत किया। श्री गांधी ने इस अवसर पर वेंकटस्वामी और उनके पुत्र वामशी को पार्टी का दुपट्टा पहनाया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने वेंकटस्वामी के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को चुनौती देने सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। वहीं, वेंकटस्वामी ने तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने के लिए बीआरएस की आलोचना की और आरोप लगाया कि पार्टी के कार्य केसीआर के परिवार के हित सीमित हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने का उनका निर्णय बीआरएस को हटाने सत्ता से हटाने के लिए है।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बने रश्मि रंजन स्वैन

**जम्मू,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। सीआईडी के विशेष डीजीपी और 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी रश्मि रंजन स्वैन जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बन गए हैं। मंगलवार को डीजीपी दिलबाग सिंह ने अपनी सेवाओं के अंतिम दिन स्वैन को पदभार सौंप दिया। दिलबाग सिंह करीब चार साल तक प्रदेश पुलिस के मुखिया रहे। पुलिस के तमाम बड़े अफसरों की मौजूदगी में स्वैन ने पुलिस मुख्यालय में अपना पद संभाला। वह जम्मू कश्मीर के 17वें डीजीपी बने हैं। स्वैन को जम्मू-कश्मीर में सेवाएं देने का लंबा अनुभव है। पुलिस विभाग में वह विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। शुरुआती दौर में वह एसडीपीओ कोठी बाग के रूप में तैनात किए गए थे। इसके बाद वह एसपी रामबन, एसपी कारगिल, एसपी पुंछ, एसएसपी कठुआ, एसएसपी जम्मू, एसएसपी श्रीनगर, एआईजी (पी/डब्ल्यू) पीएचक्यू और डीआइजी सतर्कता रहे। नवंबर 2006 में वह प्रतिनियुक्ति पर चले गए। जून 2020 में वह सीआईडी विंग के प्रमुख के रूप में जम्मू-कश्मीर पुलिस में शामिल हुए। वह 15 सालों से अधिक समय तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहे और 2020 में उन्हें जम्मू कश्मीर में वापस भेजा गया। 15 जून 2020 को अधिकारी स्वैन को बी श्रीनिवास की जगह जम्मू कश्मीर का खुफिया प्रमुख नियुक्त किया गया। स्वैन लगभग 29 महीनों से सीआईडी में तैनात है। सीआईडी में तैनात रहते हुए उनकी तरफ से बेहतर काम करके दिया गया है। इससे की आतंकवाद की कमर को तोड़ा गया है।



- डीजीपी का पद संभालते ही आला अफसरों के साथ की बैठक
- दिलबाग सिंह ने सेवाओं के अंतिम दिन स्वैन को सौंपा पदभार
- करीब चार साल तक प्रदेश पुलिस के मुखिया रहे दिलबाग सिंह

### एसआईए ने तोड़ी आतंकवाद की कमर

नवंबर 2021 में आतंक पर नकेल कसने के लिए जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी का गठन किया गया था। एसआईए का गठन उनके दिमाग की उपज थी और स्वैन को इसका पहला निदेशक बनने और मीरवाइज ए कश्मीर मोलवी मुहम्मद फारूक की दशकों पुराने हत्या के मामले को सुलझाने का सम्मान मिला। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस के तमाम बड़े पुलिस अफसरों के साथ बैठक की।

## सार संक्षेप

### मोदी ने दी 'केरल पिरावी' की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'केरल पिरावी' को केरल की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक बताते हुए लोगों को इस विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर लिखा, 'केरल पिरावी के विशेष अवसर पर शुभकामनाएं। अपनी लगन, मेहनत तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध छवि के प्रतीक केरल के लोग दृढ़ता और संकल्प शक्ति का प्रतीक हैं। मोदी ने केरल के लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा सफलता मिले और वे अपनी उपलब्धियों से प्रेरित होते रहें।

### पीडीपी ने तीन सदस्यीय चुनाव बोर्ड का गठन किया

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को तीन सदस्यीय चुनाव बोर्ड का गठन किया। पीडीपी प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान वीरी को इसका अध्यक्ष और एस अमरीक सिंह रीन तथा सतपाल सिंह चरक को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### धनखड़ ने किसान रामू लाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान में दूदू के किसान रामू लाल बामू और उनके परिजनों तथा श्री धन्ना भगत मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बुधवार को संसद भवन में मुलाकात की। गौरतलब है कि रामू लाल जी बामू ने दूदू में अपनी 14 बीघा जमीन पर उप राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर के उतरने के लिए हेलीपैड निर्माण की खातिर स्वीकृति प्रदान की थी। धनकड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रामू लाल जी बामू ने दूदू में अपनी 14 बीघा जमीन पर उपराष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर के लिए हेलीपैड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की थी।

### संभाजीनगर के ग्रामीण हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मराठा आरक्षण आंदोलन तेज होता जा रहा है। कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होने की आशंका को देखते हुए राज्य के गृह विभाग ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए जिले के ग्रामीण हिस्सों में बुधवार सुबह छह बजे से तीन नवंबर तक 48 घंटों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने आज सुबह इस संबंध में आदेश जारी किया। जिले के नौ तालुकाओं में इंटरनेट सेवा उपलब्ध नहीं होगी, जिनमें छत्रपति संभाजीनगर तालुका, सिल्लोड, सोयगांव, गंगापुर, खुलताबाद, पैठन, वैजापुर, कन्नड़ और फुलंबरी तालुका शामिल हैं।

# आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी : चिदंबरम

## फोन की जासूसी मामले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 1 नवम्बर (देशबन्धु)। फोन की जासूसी मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। विपक्षियों ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। एपल मैसेज चेतावनी आने के बाद से ही विपक्ष ने सरकार पर तीखे सवाल दागे हैं। इसी दौरान पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने एक सरकारी एजेंसी की ओर इशारा करते हुए कहा यह फिलहाल संदेह है। चिदंबरम ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी नेताओं को एपल के जरिए आए खतरे का मैसेज राज्य प्रायोजित प्रयासों के बारे में अलर्ट हो। उन्होंने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह मैसेज सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही क्यों आए। आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा, पेगासस का मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं, वहीं संदेह की उंगली सरकारी एजेंसी की ओर उठ रही है।



बता दें कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक अलर्ट मिला है, जिसमें उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश करने और कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। इस आरोप को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खारिज करते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी। एपल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से फंडिंग वाले और ट्रेंड हैं और उनके अटैक के तरीके समय के साथ बदलते रहते हैं। कई बार ये अलर्ट झूठे भी साबित होते हैं। यह भी संभव है कि एपल की ओर से भेजे गए कुछ अलर्ट झूठे हो सकते हैं। हम इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ हैं कि किस कारण से हमें खतरे की सूचनाएं जारी करनी पड़ रही हैं, क्योंकि इससे हैकर्स को मदद मिल सकती है।

# मप्र का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित : कांग्रेस

## भाजपा पर लगाया पुलिस, पैसे व प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप

**नरसिंहपुर,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर पुलिस, पैसे और प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता इस कुशासन से मुक्ति चाहती है। कमलनाथ ने नरसिंहपुर के करेली में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब वोट देने जाएं तो कांग्रेस के वचनपत्र को पढ़कर जाएं।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं और रोजगार भी नहीं है। प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित है। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्य प्रदेश के भविष्य पर ताला लगा रखा है और यह ताला केवल 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही खुलता है। उन्होंने कहा कि ये युवाओं, महिलाओं, किसानों के भविष्य का चुनाव है। कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर कांग्रेस फिर से किसानों का कर्ज माफ करने वाली है। साथ ही धान का समर्थन मूल्य ढाई हजार रुपए देने का काम होगा।



मप्र में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं : कमलनाथ

कमलनाथ ने सोशल मीडिया के एक्स पर प्रदेशवासियों को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि आइए हम सब मिलकर अपने मध्य प्रदेश को संसार का सबसे स्वस्थ, सुरक्षित, सुखी, समृद्ध और सुसंस्कृत राज्य बनाने का संकल्प लें। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राज्य के स्थापना दिवस पर कहा कि अभी आदर्श आचार संहिता के कारण स्थापना दिवस समारोह आयोजित नहीं किया जा सकता, लेकिन आगामी तीन दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद धूमधाम से राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा।

चौहान ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि हर साल आनंद और उत्साह से राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाने की परंपरा भाजपा सरकार ने शुरू की, लेकिन इस बार आचार संहिता के कारण स्थापना दिवस का शासकीय तौर पर आयोजन नहीं कर पा रहे हैं।

### ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' की मान्यता देने पर दी बधाई

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' के रूप में मान्यता दिए जाने पर बधायी दी है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' के रूप में मान्यता दी है। ग्वालियर की यह ख्याति संगीत सम्राट तानसेन और महान बैजू बावरा के कारण स्थापित है। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण है कि ग्वालियर की समृद्ध संगीत परंपरा को यूनेस्को ने यह सम्मान प्रदान किया है। साथ ही कमलनाथ ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# वादे के मुताबिक़ काम नहीं कर रही नीतीश सरकार : नित्यानंद राय

**पटना,** 1 नवम्बर (देशबन्धु)। नीतीश और तेजस्वी यादव ने साथ मिलकर सरकार बनाई थी तो बिहार के लोगों से काफी वादा किया था। लेकिन आजकल कोई नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए हैं। तेजस्वी यादव छह-छह विभाग को लेकर बैठे हुए हैं और उस विभाग में कितना अधिक घोटाला हो रहा है। कितना भ्रष्टाचार है पूरा बिहार जानता है। देश के लोग भी यह बात जानते हैं। यह बातें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कही है। दरअसल, बिहार में लोक सेवा आयोग द्वारा टीचरों की बहाली करवाई जा रही है। इसको लेकर सीएम नीतीश कुमार और बिहार सरकार के तरफ से गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह भी रखा गया है। अब इस शिक्षक बहाली को लेकर विपक्षी दलों के तरफ से कई तरह के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब इसको लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि नीतीश-तेजस्वी की सरकार अपने वादे के मुताबिक काम नहीं कर रही है। इन्होंने जो वादा किया था उसको लेकर कुछ भी नहीं कर रहे हैं। यह लोग गहरी नींद में सो गए है। बिहार सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। नीतीश कुमार कुम्भकरण की तरह सोए हुए हैं।



- भ्रष्टाचार को लेकर महागठबंध सरकार पर बोला हमलाहै
- गहरी नींद में सोई हुई है बिहार सरकार : राय

### जो भी गलत करेगा उसे सजा मिलेगी

वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन जारी होने के सवालों को लेकर उन्होंने कहा कि जो भी गलत करेगा उसे सजा मिलेगी। हम लोग किसी को गलत नहीं बोलते हैं। इस देश में कानून है अगर गलत होगा तो सजा मिलेगी। कानून अपने हिसाब से काम करती है। जो गलत काम करेगा घोटाला करेगा तो कानून

## जम्मू-कश्मीर में एसआईए के दो साल पूरे

**श्रीनगर,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने अपने अस्तित्व के दो साल पूरे किए और एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में 'शून्य आतंकवाद' हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जम्मू-कश्मीर में एक नवंबर, 2021 को गठित एसआईए को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमा चलाने का काम सौंपा गया। साथ ही इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियां के साथ समन्वय के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया। इन दो वर्षों में, एजेंसी ने 45 मामले दर्ज किए और आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर के अन्य थानों से 12 अतिरिक्त मामले अपने हाथ में ले लिए। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने 31 मामलों में सफलतापूर्वक आरोप लगाए हैं, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया है और 99 आरोपी लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने जासूसी, आतंकी वित्तपोषण, नार्को-आतंकवाद, आतंकवादी कृत्यों और अल्पसंख्यक से संबंधित कई मामलों की सफलतापूर्वक जांच की है।





# किसान सुखी होंगे तो पूरा देश समृद्ध होगा : चंद्रशेखर राव

## प्रदेश में किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान करने का किया दावा

**सत्तुपल्ली,** 1 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने बुधवार को सत्तुपल्ली में आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस नीति को लेकर आगे बढ़ रहे हैं कि किसान सुखी होंगे तो पूरा देश समृद्ध होगा। तेलंगाना भारत का एकमात्र राज्य है जो किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान करता है। हमने किसानों का पानी का बकाया रद्द कर दिया है। उन्हें हम रायथु बंधु के रूप में प्रति वर्ष दस हजार रुपए प्रति एकड़ दे रहे हैं। आने वाले दिनों में हम इसे सोलह हजार तक बढ़ाएंगे। फसल खरीदने के तुरंत बाद हम किसान के खाते में पैसा जमा कर देते हैं। धरणी पोर्टल के आने के बाद किसान वर्ग शांत है। चुनाव के तुरंत बाद यहां दलित बंधु 100 फीसदी लागू होगा। आप केसीआर जैसे नेता को मत खोएं जो आपको जगाते हैं और आपका विकास करते हैं। आप बीआरएस उम्मीदवार को भारी बहुमत से जिताएं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव व्यक्तियों के बीच की लड़ाई नहीं है, पार्टियों के बीच की लड़ाई है। पार्टी ने जो किया वह लोगों के सामने है। आजादी के बाद से कांग्रेस ने क्या किया, हमने इन दस सालों में क्या किया, आपकी आंखों के सामने है। हम तेलंगाना के लोगों के हितों के लिए काम कर रहे हैं, न कि क्षुद्र राजनीतिक हितों के लिए। 25 हजार करोड़ रुपये का घाटा सहने के बावजूद किसानों की मोटरों में मीटर नहीं लगाए गए।



रिपोर्ट — एडीआर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# मध्य प्रदेश के 29 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जनता से भयमुक्त समाज का वायदा करने वाले राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितना अंतर है इसका खुलासा एडीआर की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट से हुआ है। मध्य प्रदेश की मौजूदा विधानसभा में 13 फीसदी यानि 29 विधायक ऐसे है जिनके खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है।**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने मध्य प्रदेश विधानसभा 2018 के 230 मौजूदा विधायकों के हलफनामों का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट जारी की है। इन 230 मौजूदा विधायकों में से 29 मौजूदा विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(1) (2) और (3) के तहत आने वाले अपराधों के लिए अदालत ने आरोप तय किए है। बता दें कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 उन व्यक्तियों के लिए अयोग्यता निर्धारित करती है, जिन्हें संसद के किसी भी सदन का सदस्य या राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुना जाता है । अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1), (2) और (3) में प्रावधान है कि इनमें से किसी भी उप-धारा में उल्लिखित अपराध के लिए दोषी ठहराया गया व्यक्ति दोषी साबित होंने की तारीख से अयोग्य माना जाएगा और रिहाई के बाद से छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहेगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की तीनों उप धाराओं में आईपीसी के तहत आने वाले सभी अपराध शामिल होते हैं।





- कांग्रेस के 16 भाजपा के 12 और बसपा के एक विधायक के खिलाफ हैं अपराधिक मामलें

जिन मौजूदा 29 विधायकों के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है उनमें कांग्रेस के विधायकों की संख्या सबसे अधिक यानी 16 है, इसके बाद भाजपा के 12 और बसपा के 1 विधायक हैं। हैरानी की बात ये हैं कि नागदा-खाचरौद निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक दिलीप गुर्जर के खिलाफ गंभीर अपराधों के मामलें अदालत में 17 साल से लंबित हैं। मानहानि के मामले में अमरपाटन सीट से बीजेपी विधायक रामखेलावन पटेल का मामला 16 साल से, रामपुर-बाघेलान से से भाजपा के विक्रम सिंह का मामला 15 साल से, तराना (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक महेश परमार का मामला 13 साल से और गोटेगांव (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नर्मदा प्रसाद प्रजापति का अपराधिक मामला बारह साल से अदालत में लंबित है। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक 29 में से 10 विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ दस साल से अधिक करीब बारह अपराधिक मामलें लंबित हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज बताया कि प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 2 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

एक ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है।

रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजूकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णत: निरापद बनाया जा सके।

यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त ज़रूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं।

हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इज़ाफ़ा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निज़ात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाईं ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज़ रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंज़र स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी निरापद हैं।

# चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

बीते शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म तेजस रिलीज हुई, और बुरी तरह पिट गई। फिल्मों का फ्लॉप होना कोई अनहोनी नहीं है। तीसरी कसम जैसी उत्कृष्ट फिल्म को भी दर्शकों ने नकार दिया था, लेकिन बाद में उसकी सार्थकता समझ आई। वैसे तेजस की कोई तुलना कालजयी रचना तीसरी कसम से नहीं की जा सकती, न ही ये कहा जा सकता है कि इस फिल्म का भविष्य क्या होगा। फिलहाल तो ये देखकर आश्चर्य हुआ कि जिस फिल्म को लोग थियेटर में देखने नहीं जा रहे, जिस फिल्म के कई शो दर्शकों की गैरमौजूदगी के कारण रद्द करने पड़े, उसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूरी योगी केबिनेट ने लखनऊ में लोकभवन में की गई स्पेशल स्क्रीनिंग में देखा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के आखिरी दृश्यों में योगीजी के आंसू भी निकल आए। इस स्पेशल स्क्रीनिंग की जगह अगर ये दोनों मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट के साथ सिनेमा हॉल जाकर ही फिल्म देख लेते तो थियेटर वालों की कमाई भी हो जाती साथ ही इस पर जनता के पैसों से हुआ खर्च भी बच जाता।

खैर, दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ फिल्म देखने के लिए कंगना रनौत भी मौजूद थीं और इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाराज जी ने इस फिल्म को देखा और सराहा, इससे उन्हें कितनी खुशी हुई है। इसके साथ ही कंगना ने इस फिल्म को न देखने वालों को एंटी नेशनल भी करार दिया। कंगना के विचार सुनने के बाद लगा कि क्या अब इस देश में मनोरंजन का हक भी जनता से छीन लिया जाएगा। क्या अपनी मर्जी से लोग ये भी तय नहीं कर पाएंगे कि कौन सी फिल्म उन्हें देखनी है और कौन सी नहीं। खबर है कि अहमदाबाद में तेजस जिस थियेटर में लगी थी, वो पूरा खाली था, तो क्या कंगना अब अहमदाबाद की जनता को राष्ट्रविरोधी कह देंगी।

वैसे बीते शुक्रवार फिल्म की निराशाजनक शुरुआत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर आकर लोगों से नाटकीय तरीके से अपील की कि उनकी फिल्म को लोग थियेटर में जाकर देखें। कंगना ने अपनी बात में वजन डालने के लिए कोरोनाकाल के बाद की दुश्वारियों और फिल्म उद्योग की परेशानियों का जिक्र भी किया, हालांकि उनकी ये अपील हास्यास्पद ही लगी, क्योंकि कोरोना के बाद पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने खूब कमाई की है। जबकि कंगना रनौत की फिल्में लगातार पिट रही हैं और इसकी एक ही वजह हो सकती है कि दर्शक उनमें उत्कृष्टता की कमी महसूस कर रहे होंगे। दर्शक हो या जनता लोकतंत्र में उनके मन की बात ही सुनी जानी चाहिए। मगर 2014 के बाद जो तथाकथित आजादी देश को मिली है, उसमें दर्शकों और जनता की आजादी पर पहरे बिठाए जा रहे हैं। कंगना ने अपनी फिल्म को देखने की अपील के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों से अपने फैन क्लब से जुड़ने की अपील भी की और इसके अलावा अपने साथ न जुड़ने वाले लोगों को एक तरह से बद्दुआ देते हुए लिखा कि, 'वे सभी लोग जो मेरा बुरा चाह रहे हैं, उनका जीवन हमेशा दुखों से भरा ही रहेगा, क्योंकि उन्हें जीवन भर हर दिन मेरा गौरव ही देखना होगा।'

कंगना रनौत जाहिर तौर पर ये सब प्रचार के लिए कर रही हैं और उनसे पहले भी खुद को लाइमलाइट में लाने के लिए ऐसे अतरंगी तरीके दूसरे कलाकार अपनाते रहे हैं। अब तक ऐसे कलाकारों का मखौल बनाया जाता रहा है। लेकिन कंगना रनौत के मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद जिस तरह वो कभी इजरायली राजदूत से मिल रही हैं, जैसे उनकी फिल्म को देखने पूरी यूपी सरकार पहुंच रही है, उससे समझ आता है कि इस प्रचार-प्रसार के पीछे कोई राजनैतिक खेल छिपा हुआ है। कंगना बार-बार कम उम्र में घर छोड़कर निकलने और अपने संघर्षों का हवाला देकर बताती हैं कि अपना जीवन उन्होंने खुद संवारा है। छोटे शहर की लड़की होने के बावजूद अपनी मेहनत से शोहरत हासिल करना अच्छी बात है। लेकिन ये चारित्रिक दृढ़ता बरकरार भी रहना चाहिए। आपकी फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया तो आप उन्हें राष्ट्रविरोधी कह देंगी, ये तो गलत बात है। मगर राष्ट्रवाद की अफीम का सेवन जिन लोगों ने कर लिया है, उन्हें इस चारित्रिक कमजोरी में भी देशप्रेम ही दिखेगा।

वहीं दूसरी ओर हैं दीपिका पादुकोण, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी मेहनत से ही नाम कमाया है। दीपिका की फिल्म पद्मावत को लेकर किस तरह का बवाल पूरे देश में खड़ा किया गया था, यह सभी को याद होगा। इसके बाद दीपिका की जेएनयू में छात्रों के साथ खड़ी तस्वीर भी बहुत से लोग नहीं भूले होंगे। 2020 में जेएनयू के छात्रों पर नकाबपोश लोगों के हमले के बाद दीपिका जेएनयू पहुंची और चुपचाप प्रदर्शन करने वाले छात्रों के बीच खड़ी रहीं। उनकी चारित्रिक दृढ़ता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया। लेकिन दीपिका को केवल इसलिए निशाने पर लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने समकालीन बहुत से कलाकारों की तरह मोदी सरकार की जी हुजूरी नहीं की। दीपिका अब भी वही कर रही हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जैसे कॉफी विद करण शो में अपने पति रणवीर सिंह के साथ पहुंची दीपिका ने शादी के पूर्व के अपने संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन पर खुलकर बात की। इस पर दीपिका को चरित्रहीन ठहराने की मुहिम सोशल मीडिया पर चल गई। दो वयस्क, जो लंबी दोस्ती के बाद अब पति-पत्नी हैं, खुलकर अपने संबंधों पर बात कर रहे हैं, तो इसमें चरित्रहीनता की बात कहां से आ गई। दीपिका और रणवीर की जिंदगी में उनके आपसी संबंध कैसे रहे और कैसे आगे बढ़े, ये उनका निजी मामला है, जिस पर कुछ बोलने या न बोलने का हक उनका है, दूसरों का कोई हक नहीं बनता कि इसमें किसी को चारित्रिक प्रमाणपत्र दें। विडंबना ये है कि विश्वगुरु बनने के लिए अब भारत ने मध्यकालीन संकीर्णताओं की गलियों से गुजरना शुरु कर दिया है, जहां किसी महिला के चरित्र की मजबूती उसके संबंधों के आधार पर तय की जाती है। उसकी आत्मनिर्भरता और मुद्दों पर स्वतंत्र राय से पुरुष सत्तात्मक समाज तिलमिला जाता है। यहां सिंदूर और खाली प्लॉट जैसी बेहूदगी भरी बातों पर लोगों को गुस्सा नहीं आता, लेकिन एक महिला ने शादी के पहले के अपने जीवन पर कुछ खुलासा कर दिया, तो उन्हें तकलीफ हो जाती है।

> **महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है।**

दरअसल महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है, इसलिए इनके चरित्र हनन की कोशिशें जारी रहती हैं। मगर ट्रोलर्स यहां भी मार खा जाते हैं। क्योंकि दो लोगों के बीच संबंधों के आधार पर किसी का चरित्र तय करने वाले ये समझ ही नहीं पाते कि चरित्र सच्चाई, ईमानदारी, बुलंद हौसले, दृढ़ इच्छाशक्ति जैसे चुनिंदा अवयवों से मजबूत बनता है और जहां इन अवयवों का अभाव होता है, वहां चरित्र कमजोर पड़ जाता है।

कबीर दास जी ने समाज को बहुत पहले चरित्रचित्रण और परीक्षण का तरीका समझा दिया था। कबीर ने कहा था-

सोना सज्जन साधु जन, टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकै धका दरार॥

तो कंगना हो या दीपिका, संघर्ष तो सबके जीवन में रहा है। लेकिन यह उनका चयन है कि सौ बार धक्का खाने के बावजूद वो खुद को जोड़ने की हिम्मत रखती हैं या एक धक्का खाकर ही दरार को भरने के लिए सत्ता का फेवीकोल लेने सरकार की शरण में पहुंचती हैं।

# रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

■ नन्तू बनर्जी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है।

रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलज़ारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे।

> **राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।**

अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये।

आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड ख़राब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये। गलत ट्रैक और एक मालगाड़ी से टकराने से पहले दूसरी यात्री ट्रेन के मलबे से टकराने की घटना घटी। हालांकि, जनता की याददाश्त कमज़ोर है। कुछ ही हफ्तों में ट्रैक की मरम्मत कर दी गई। मार्ग सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। 60,000 किलोमीटर से अधिक लंबे ट्रैक वाले दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए ट्रेनें एक आवश्यक जीवन रेखा रही हैं।

पिछले साल, आधुनिकीकरण योजना के हिस्से के रूप में नयी ट्रेनों और स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 2024 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और 2030 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। 65.8 प्रतिशत पर, भारत अपने नेटवर्क का एक उच्च अनुपात में विद्युतीकरण का दावा करता है जबकि यह फ्रांस में 60 प्रतिशत या यूके में 38 प्रतिशत है। 2022-23 में अब तक का सबसे अधिक 2,03,983 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हासिल किया गया। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2013-14 में 53,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,60,200 करोड़ रुपये हो गया है।

फिर भी, तथ्य यह है कि सरकार ध्यान आकर्षित करने वाली बड़ी बातों को प्राथमिकता दे रही है। जैसे-मौजूदा स्टॉक में कम ग्लैमरस अपग्रेड की कीमत पर ईटी परियोजनाएं। ऐसा कहा जाता है कि कपूरथला कोच फैक्ट्री में विनिर्माण में बड़ी देरी की खबरों के बीच रेलवे 2030 तक 800सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट के साथ अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ायेगा। मौजूदा कोचों के ख़राब मानकों के बारे में क्या? बाद वाले को और अधिक तत्काल बदलने की आवश्यकता है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान कम है। यात्री सेवाएं, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में, गिरावट जारी है।

यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन के मानक में भारी गिरावट रेलवे द्वारा 2017-18 से चलाये जा रहे तरीकों का परिणाम हो सकती है, जब सरकार ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में विलय करने का फैसला किया, जिससे 92 साल पुरानी अलग बजट की प्रथा समाप्त हो गई। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर को एक विशेष पहचान प्रदान करने वाला था एक अलग बजट। रेलवे के पास अब कोई पूर्णकालिक स्वतंत्र मंत्री भी नहीं है।

2.5 लाख करोड़ रुपये के रेलवे विभाग का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव के पास है, जो तेजी से बढ़ते 90,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और संचार विभाग - तीनों का एक केंद्रीय मंत्री के रूप में नेतृत्व करते हैं। एक पूर्व आईएएस अधिकारी से राज्यसभा सांसद बने, वैष्णव एक ही समय में 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।

इस तरह की असंबद्ध हाई-प्रोफाइल एक साथ पोर्टफोलियो साझा करने की व्यवस्था अपरिहार्य आपदा के लिए एक नुस्खा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वयं मंत्री की योग्यता कितनी अधिक है। इससे आपदा से बचना संभव नहीं है। इस प्रकार, कुछ लोग रेलवे के परिचालन प्रदर्शन में गिरावट और यात्री सुविधाओं में गिरावट के लिए वैष्णव को भी दोषी ठहरा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

### भगवान का आशीष

राष्ट्रीय कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने मनुष्य जीवन के बाल्यकाल बचपन के समय को जीवन का श्रेष्ठ काल या यूं कहें कि स्वर्णिम समय निरूपित करते हुये यह शब्दांकित किया है कि-

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी
नंदन वन सी चहक उठी, वो छोटी सी कुटिया मेरी।

यहां जो बचपन है उसकी बहुत प्यारी छबि अंकित की गई है। जो हमेशा पक्षियों के कलरव से संगीतमय रहता है, जो सदा सुरभित, सुशोभित है। जहां शुद्ध-स्वच्छ हवा वृक्ष के कोमल पत्तों से,पुष्पों से अठखेलियां करती है, उस नंदन वन से बचपन को उपमा दी गई है। यहां एक बात गौर करने बाली है वह यह कि बचपन किसी एक को नहीं सबको प्यारा लगता है। आपको, हमको अपना अपना बचपन याद आता है, माता -पिता को अपनी संतान प्यारी लगती है, दादा दादी को नाती-पोतों के बचपन की मधुर स्मृतियां आनंद अनुभूति देती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि बचपन किसी का भी हो मनुष्य का, पक्षी का, पशु का या अवतार पुरुष जगत के ईश्वर जगदीश्वर का, सदा से ही श्रेष्ठ रूप में जीवन के काल में प्रतिष्ठित है। चूंकि बचपन उत्तम है, नाजुक है, निश्छल है, निष्कपट है या एक शब्द में कहें कि अत्यंत ही भोला है, अत: इसका भटक जाना या इसके भोले मन बुद्धि पर गलत मार्ग अंकित हो जाना या किसी गलत कार्य के प्रभाव क्षेत्र में आ जाना संभव है। अत: बचपन की देखरेख, उसका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। बचपन में मन पर पड़ा प्रभाव जीवन पर्यंत हमारे मन पर रहता है। इसीलिए जिंदगी में इस बात की बहुत अहमियत है कि बचपन में क्या सीखा, बचपन का साथी कौन है, बचपन किसकी गोद में बड़ा हो रहा है, बचपन किसकी छत्रछाया में निखर रहा है? उपरोक्त प्रश्नों की महत्ता को समझने के लिये आइये हम अपने बचपन को याद करें। हमसे जब बचपन में कोई भूल होती थी, हम अपने को बचाने, निर्दोष साबित करने जब झूठ बोलते थे, किसी का अपमान कर देते थे या ऐसा कोई कार्य हो जाता था जो अशोभनीय हो, गलत हो, अकरनीय हो तब हमारे ऊपर किस तरह हमसे बड़ों का क्रोध उतरता था वह तो एक बात है, पर गौर करने बाले वे कोप मिश्रित शब्द हैं जो हमारे गलत कृत्य पर कहे जाते थे, वे यह कि इसने यह गलत कार्य कैसे कर दिया? हमने तो सिखाया नहीं, जरूर इसका साथ किसी गलत प्रवृति वाले दोस्त से हो गया है, अवश्य ही इसकी संगति बुरे लोगों से है, यह खराब संगति का शिकार हो गया है। ये जो संगति या साथ है इसको हमारे पूर्वज, हमारे माता-पिता बचपन को संवारने का, निखारने का, न केवल सिर्फ बचपन को अपितु सम्पूर्ण जीवन को सुसंस्कृत बनाने का, जीवन को सार्थकता प्रदान करने का मूल आधार मानते थे, कहने का मतलब सबसे कारगर तरीका मानते थे। समाज मनीषी और सन्त लोग तो कहते हैं कि बचपन कच्चा घड़ा होता है, उसकी घड़ाई, उसका निर्माण ठीक उस तरह होना चाहिये जैसे कुम्हार अपने घड़े को बनाता है। घड़ा बनाते समय कुम्हार ऊपर से ठोकता है, उसको चपत लगाता है, उस पर शक्ति से हाथ चलाता है,पर अन्दर से दूसरा हाथ लगाकर वह घड़े की माटी को साधे रहता है, अंदर की माटी को सहारा दिये रहता है ताकि अंदर से माटी गिरे न, भस्के न। कुम्हार द्वारा घड़े को बाहर से कूटना और अन्दर से सम्हालने का संकेत है कि कच्चा घड़ा बनाते वक्त न टूटे और बाहर से कूटने का संकेत है कि घड़ा पकने के बाद कभी न बिखरे। इसको इस नजरिये से देखिये कि बचपन कच्चा होता है तब भी न खराब हो और बचपन जब बड़ा हो जाय तब भी न फूटे, न बिखरे और ये तभी हो सकता है जब बचपन की संगत कुम्हार जैसे रचनाधर्मी सृजनकर्ता से हो जो हमेशा-हमेशा के लिए बचपन को तराश कर हीरा बना दे। इसीलिए ज्ञानी जन संगति को, सत्संग को भगवान का आशीष मानते हैं।

**गिरिराज चाचा**

## आपके पत्र

### भारतीय सेना के पासंग भी नहीं है इस्राइली सेना

अक्सर भारतीय मीडिया, रक्षा विशेषज्ञ, इंटलेक्चुअल्स, लीडर, एवं आवाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम विमर्श और व्यक्तिगत बहसों में इस्राइली सेना का गुणगान और भारतीय सेना से उसकी तुलना करते रहते हैं। इस तुलना में वो इस्राइली सैन्य कार्रवाहियों के मोह में बंध कर अति उत्साह में कई बार उसे भारतीय सेना से भी बेहतर बताने लगते हैं। लेकिन यह तुलना ही हास्यास्पद और बेमानी है। इस्राइली सेना को एक जरा से भू-भाग(हमारे मणिपुर से भी कम) और महज 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा करना है और वह भी अपने आक़ा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,जर्मनी और इटली जैसे दर्जनों शक्तिशाली, साधन-संपन्न, अत्याधुनिक हथियारों और परमाणु शक्ति से लैस मित्र राष्ट्रों के संरक्षण और वरदहस्त के दम पर। यह सब होने के बाद भी इस्राइली सेना,उसका सुरक्षा तंत्र और उसका बहुचर्चित ख़ुफ़िया संगठन 'मोसाद' इस बार सोता हुआ पाया गया जिसकी बहुत बड़ी क़ीमत निर्दोष इस्राइली नागरिकों को चुकानी पड़ी है।

इसके बरअक्स उसके ख़िलाफ़ लड़ने वाले फिलिस्तीनियों के पास तो अपनी ज़मीन भी नहीं है। वहां के आतंकवादी संगठन हमास में इतना दम नहीं है कि वह आधुनिक इस्राइली सेना को परास्त कर सके। वह बस इसी तरह आकस्मिक हमले कर इस्राइल को कुछ नुक़सान पहुंचा सकता है और सम्भावित अरब-इस्राइल शांति वार्ताओं को पटरी से उतार सकता है। जिसका ख़ामियाजा हमेशा अंतत: निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों, महिलाओं और विशेषकर बच्चों को अपनी जान गंवा कर उठाना पड़ा है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा रहा है।

इस्राइली सेना के दायित्वों की तुलना में हमारी सेना को 140 करोड़ नागरिकों और एक वृहद् भू-भाग की सुरक्षा सिर्फ़ और सिर्फ अपने दम पर सुनिश्चित करनी होती है। हमारे दायें-बाएं - दोनों और परमाणु शक्तिसम्पन्न शत्रु देश हैं जिनमें चीन तो सबसे साधनसंपन्न ख़तरनाक़ विनाशकारी आयुधों वाली बड़ी सेना का अधिपति है। दरअसल इस्राइल की सैन्य क्षमता और दायित्व हमारी सैन्य क्षमता और जिम्मेदारियों को देखते हुए हमारे मुक़ाबले कुछ भी नहीं है। शांति काल में भी प्राकृतिक आपदाओं और आंतरिक ज़रूरतों में भारतीय सेना ने अपने सेवा कार्यों और राहत अभियानों में हमेशा उच्च मानदण्ड स्थापित किये हैं।

तुलना करते समय इस बात का भी ख़याल रखें कि इस्राइल की स्थापना के बहुत पहले प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना ने अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर सात समुंदर पार तमाम विपरीत परिस्थितियों और हाड़ गला देने वाली ठंड में लड़ते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। आज़ादी के फौरन बाद 1948 में तथा 1965, 1971 और सियाचिन के युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त किया। इसमें 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांटने और उसके 93 हज़ार सशस्त्र सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए बाध्य करने का अभूतपूर्व पराक्रम भी शामिल है। दुनिया में जहां कहीं भी देशों में आंतरिक संघर्ष और अशांति हुई है संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के रूप में भारतीय सैनिकों की तैनाती की मांग की जाती है। इसका कारण यह है कि भारतीय सेना ने कहीं भी और कभी भी अपने अभियानों में निर्दोष नागरिकों,बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना नहीं बनाया तथा शत्रु देशों के नागरिकों के साथ हमेशा मानवीय मूल्यों और सैन्य आदर्शों को तरज़ीह दी है। इसके विपरीत इस्राइली सेना ने अपने अभियानों में कभी शुचिता और सैन्य मर्यादाओं का पालन नहीं किया।

इस्राइल की सेना का जितना चाहें गुणगान करें पर निवेदन है कि ऐसा करते हुए यह ध्यान रखें कि हमारी महान सेना की अवमानना न हो।

**-मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़**

देशबन्धु
# संस्कारधानी
गुरुवार 2 नवंबर 2023
5 बिलासपुर

उल्टा पुल्टा

चिंटू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था कि अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो... आंखें बंद करो, गहरी सांस लो, और जोर से कहो- ये विषय बहुत मजेदार है इसलिए अगले साल फिर से पढ़ेंगे।

संपादकीय

## चुनावी भीड़ : आमजन को न हो दिक्कत

*9 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 और 17 नवम्बर को होने वाले मतदान की गहमा-गहमी अब बढ़ चली है। अनेक बड़े नेता आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। चुनाव हो रहे हैं तो यह स्वाभाविक ही है कि बाहरी नेता आएंगे और अपने प्रत्याशियों के लिये प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक कहे जाने वाले बड़े नेताओं के लिये भीड़ उमड़नी स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन, सम्बन्धित राजनैतिक दल एवं उम्मीदवारों को चाहिये कि वे सड़कों पर यातायात सुचारू बनाये रखें। विशेषकर स्कूलों एवं अस्पतालों के पास भीड़ न होने दें तथा वाहनों के काफिलों को रुकने न दें। आम जनता परेशान न हो, इसका खास ख्याल रखना होगा।*

*अब तक नामांकन पत्र भरने के लिये सियासी पार्टियां और उम्मीदवार बड़े-बड़े जुलूसों का आयोजन करते रहे हैं। साथ ही छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित हो रही थीं। जब से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, तकरीबन सभी जिलों में ऐसे भीड़ भरे आयोजन तभी से लगभग रोज ही देखने को मिल रहे थे। राजनैतिक दल और प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला कार्यालय जाते थे। इसके लिये उनकी कोशिश रहती थी कि ज्यादा से ज्यादा लोग और वाहन रहें। वह दौर तो खत्म हो गया है परन्तु उससे होने वाले जाम से सबक लेकर आने वाले समय में होने वाली चुनावी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। नामांकन के वक्त तो फिर भी जुलूसों में शामिल होने वालों की संख्या की एक सीमा भी होती है, लेकिन अब जो आम सभाएं होने जा रही हैं, उनसे ऐसे सभी शहरों की यातायात व्यवस्था ही नहीं, पूरा जीवन भी अस्त-व्यस्त हो सकता है जहां सभाएं होंगी।*

*कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रविशंकर प्रसाद, हिमंता बिस्वा सरमा आदि के अलावा अनेक केन्द्रीय मंत्री एवं विभिन्न दलों के शीर्ष नेता छग के दौरे कर चुके हैं। चूंकि ये सारे स्टार प्रचारक हैं और महत्वपूर्ण ओहदों पर हैं, उनके आगमन एवं लौटने के दौरान ही नहीं बल्कि उनकी सभाओं में भारी भीड़ होती है। जिस शहर या कस्बे में उनकी उपस्थिति होती है वहां की यातायात व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो जाती है। अब मोदी एवं शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई स्टार प्रचारक आयेंगे। ऐसे में लोगों को दिक्कतें न हों इसके इंतज़ाम करने होंगे। ध्यान यह रहे कि उनके मार्ग व सभास्थल ऐसे तय हों कि किसी को कहीं फंसना न पड़े। प्रशासन के साथ राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों की भी यह जिम्मेदारी है। राजधानी एवं हवाई अड्डा यहां होने से रायपुर को खास दिक्कत होती है क्योंकि बाहर से आने वाले सारे विशिष्टजन पहले यहीं उतरते हैं।*

# राज्य स्थापना दिवस पर श्रमदान कर किया गया छठ घाट की सफाई







## 19 और 20 को सूर्य उपासना का महापर्व छठ

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु )। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर के तोरवा स्थित सबसे बड़े मानव निर्मित छठ घाट में सफाई अभियान चलाया गया। पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, कुशवाहा मौर्य समाज, ख्वाब वेलफेयर फाउंडेशन जैसे संगठनों ने श्रमदान कर घाट में इस छोर से लेकर उस छोर तक सफाई की। अरपा नदी के इस घाट में वैसे तो वर्ष पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते ही रहते हैं लेकिन इस घाट की पहचान सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर है। आगामी 19 और 20 नवंबर को छठ महापर्व मनाया जाना है। इसे लेकर पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच और जिला प्रशासन द्वारा घाट में साफ सफाई की जा रही है। एक तरफ जहां निगम प्रशासन द्वारा अरपा नदी में की गई प्रतिमा विसर्जन के अवशेषों को पोकलेन और जेसीबी मशीन के माध्यम से बाहर निकाल कर घाट की सफाई की जा रही है, तो वही समिति के सदस्य और वोलेंटियर द्वारा घाट के ऊपरी स्थल स्थित मैदानी क्षेत्र में मौजूद गंदगी, पॉलिथीन खाने पीने के समान के पैकेट, गोबर, धूल आदि की सफाई की गई।

राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर की सुबह समिति के सदस्य और वॉलिंटियर झाड़ू लेकर सफाई अभियान में जुट गए, जिन्होंने स्वस्फूर्त ढंग से श्रमदान करते हुए कुछ घंटे में ही घाट को चकाचक कर दिया। समिति ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे बिलासपुर छठ घाट को साफ रखने में उनका सहयोग करें। वर्तमान में श्रमदान कर जो सफाई की गई है उसे यथावत रखने घाट पर आने वाले लोगों से भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। उनसे कहा गया है कि यहां-वहां डिस्पोजल, पॉलिथीन आदि न फेंके। वही घाट की पवित्रता कायम रखने की भी अपेक्षा सबसे की गई है ।

### स्वीप अभियान के तहत लिया गया शपथ

आगामी विधानसभा चुनाव में शपथ प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वीप अभियान चलाया जा रहा है । इसी अभियान को समर्थन देते हुए बुधवार सुबह बिलासपुर छठ घाट में सफाई कार्य के पश्चात पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच के सदस्यों और नागरिक को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार दास ने सबको शपथ दिलाते हुए कहा कि वे स्वयं अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने परिचितों और रिश्तेदारों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। लोकतंत्र के इस महायज्ञ शत प्रतिशत आहुति से ही लोकतंत्र के दृढ़ होने की बात कही गई।

### जिला प्रशासन ने भी शुरु की सफाई

हर वर्ष छठ पर्व से पूर्व बिलासपुर के छठ घाट की साफ सफाई की जाती है। इस वर्ष भी दुर्गा विसर्जन के पश्चात घाट में मौजूद प्रतिमा अवशेषों को निकाल कर नदी एवं घाट की सफाई, आसपास उग आये खरपतवारों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी बीच घाट में रंग रोगन का काम भी पूरा कर लिया गया है। फिलहाल घाट में मौजूद स्ट्रीट लाइट बंद है जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि छठ पर्व पर्व से पूर्व ही घाट को पूरी तरह चकाचक कर लिया जाएगा। 17 नवंबर से छठ पर्व का आरंभ होगा। नहाय खाय और खरना के पश्चात 19 और 20 नवंबर को सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। 17 नवंबर को अरपा मैया की महा आरती की जाएगी, जिसके लिए बिलासपुर छठ घाट स्वरूप लेने लगा है।

घाट में मौजूद प्रतिमा अवशेषों को निकाल कर नदी एवं घाट की सफाई, आसपास उग आये खरपतवारों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी बीच घाट में रंग रोगन का काम भी पूरा कर लिया गया है। फिलहाल घाट में मौजूद स्ट्रीट लाइट बंद है जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि छठ पर्व पर्व से पूर्व ही घाट को पूरी तरह चकाचक कर लिया जाएगा। 17 नवंबर से छठ पर्व का आरंभ होगा। नहाय खाय और खरना के पश्चात 19 और 20 नवंबर को सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। 17 नवंबर को अरपा मैया की महा आरती की जाएगी, जिसके लिए बिलासपुर छठ घाट स्वरूप लेने लगा है।

इस अवसर पर पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र दास, सचिव सुधीर कुमार झा, सह सचिव - डॉक्टर कुमुद रंजन सिंह, कार्यालय सचिव- रुपेश कुशवाहा, प्रवक्ता रंजन सिंह, पी सी झा, सपना सराफ, निशु यादव, लक्की ठाकुर, आनंद मोहन मिश्रा, अभिषेक सिंह, कुंदन ठाकुर, विक्रम चौधरी, प्रकाश देवनाथ, राहुल शर्मा, चंदन सिंह, केशव झा, अभिषेक ठाकुर, आदित्य ठाकुर, जे पी सिंह, आर पी सिंह, सतीश सिंह, विनोद सिन्हा, सुनील सिंह काका, रंजन सिंह,कमलेश्वर सिंह, ब्रैंडन डिसूजा, आंजन्ये शर्मा, नवल वर्मा, आदित्य सिंह, सनत चंद्राकर, अजय भोई, चंद्रप्रकाश आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने प्रेक्षकों की मौजूदगी में ली अफसरों की बैठक

## सेक्टर अधिकारी और मतदान दलों के वाहनों की जीपीएस सिस्टम से होगी निगरानी



**बिलासपुर,** 1 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने आज जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में आरओ एवं नोडल आधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में ली।

कलेक्टर ने जिले में अब तक चुनाव आयोग के निर्देशानुसार की गई तैयारियों से प्रेक्षकों को अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि सेक्टर अधिकारी सहित मतदान दलों को पोलिंग बूथ तक ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे उनके लोकेशन की लगातार मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी की टीमों को अब और तेजी गति एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सामान्य प्रेक्षक नायली इते, कुमार प्रशांत, उदयन मिश्रा, पुलिस प्रेक्षक सतीश कुमार गजभीए एवं व्यय प्रेक्षक अजय कुमार अरोरा, आर भूपति, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सभी आरओ सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर अवनीश शरण ने प्रेक्षकों को बताया कि बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के 118 मतदान केंद्र मुंगेली जिले में और कोटा विधानसभा क्षेत्र के 64 मतदान केंद्र जीपीएम जिले में शामिल है। उन्होंने आरओ को इन पोलिंग बूथों का जायजा लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि चुनाव में विभिन्न कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। उन्होंने मतदान केंद्रों में निर्वाचन के लिए सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की भी जानकारी दी। नियुक्त सभी अधिकारियों एवं मतदान दलों का एक चरण का प्रशिक्षण हो चुका है। 351 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने शांति एवं सुरक्षा के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग द्वारा की गई आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस एवं चुनावी सर्विलेंस टीमों द्वारा अब तक लगभग 2 करोड़ रूपए की नकद एवं सामग्री जब्त की गई है। चुनाव के मद्देनजर जिले के गुंडे, बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस की टीम द्वारा अब तक 2 हजार लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है।

प्रेक्षकों ने अवैध नकदी एवं अन्य सामग्रियों पर कड़ी निगरानी रखने कहा। मतदान केंद्रों में दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लेने के निर्देश दिए।

# भ्रष्टाचार समाज में कलंक के समान-डॉ.चक्रवाल

## ईमानदारी और सत्यनिष्ठा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए-आलोक कुमार

### भ्रष्टाचार का विरोध करें,राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर रेलवे में संगोष्ठी का आयोजन

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। भ्रष्टाचार समाज में कलंक के समान है । भ्रष्टाचार चाहे कहीं भी हो उसका विरोध करें। सत्यनिष्ठा जीवन का अपरिहार्य अंग है, इस रास्ते पर चलने से मुश्किलें जरूर आती है, अगर हम उन मुसीबतों का सामना करके आगे बढ़ेंगे तो हम अपनी मंजिल तक जरूर पहुँचेंगे । हमारे दैनिक क्रियाकलाप में सत्यनिष्ठा हमारे राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी दिखाता है। ये विषय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोनल कान्फ्रेंस हाल में आज आयोजित सेमीनार ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। में मुख्य अतिथि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. आलोक कुमार चक्रवाल ने व्यक्त किया । आज 01 नवंबर को जोनल कांफ्रेंस हाल में ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट के प्रति समर्पित रहें, के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. आलोक कुमार चक्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आलोक कुमार उपस्थित थे ।




इससे पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरि,उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सतर्कता विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्रिया-कलापों से सभी को अवगत कराया।

महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आलोक कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि भ्रष्टाचार के समूल नाश के लिए हम सभी को जागृत और एकजुट होना होगा । भ्रष्टाचार उस दीमक की तरह है जो किसी भी संगठन को तो खोखला करता ही है, वह सामाजिक और नैतिक मूल्यों पर भी बुरा प्रभाव डालता है। आगे उन्होनें सभी से ज़ोर देते हुए कहा कि ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का हमारी जिंदगी में, हमारे विचारधारा में सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति, गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय सिंह के द्वारा सतर्कता बुलेटिन 2023 का विमोचन भी किया गया । इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी विभागों के अधिकारियों सहित सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण भी उपस्थित हुए ।

# नगोई रीपा की दीदियों ने मतदान करने और कराने का लिया संकल्प

**बिलासपुर,** 1 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में बिहान की दीदियां बढ़-चढ़ कर भाग ले रही हैं। उन्होंने मतदान करने और कराने का संकल्प लिया है। बिल्हा ब्लॉक के नगोई रीपा में आयोजित कार्यक्रम में दीदियों द्वारा लगाए गए नारों शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान से समूचा बिलासपुर गूंज उठा। रीपा की दीदियों ने स्वीप कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। आत्मनिर्भरता की राह पर चल पड़ी दन दीदियों द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने मुहिम चलायी जा रही है।

कार्यक्रम में, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अफसर और बड़ी संख्या में बिहान की दीदियां शामिल हुई ।श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अपनी भागीदारी निभाए। उन्होंने सभी से कहा कि आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले में मतदान का प्रतिशत कम है इसे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से मतदान करने और आसपास के लोगों को प्रेरित करने की अपील की।

## जिला पंचायत सीईओं ने दिलाई मतदाता शपथ

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अग्रवाल ने बिहान की दीदियों सहित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विधानसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

# आईजी ने की आपराधिक प्रकरणों में हुए दोषमुक्त प्रकरणों की समीक्षा



**बिलासपुर,** 1 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षकों की रेंज स्तरीय बैठक आज रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में श्री अजय कुमार यादव, पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज द्वारा दोषमुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली गई।

दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के पूर्व इसकी समीक्षा कराने तथा दोषमुक्ति प्रकरणो की समीक्षा थाने पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं उप पुलिस अधीक्षक स्वतः पाई गई त्रुटियों के संबंध में विवेचकों को संसूचित करने निर्देशित किया गया। विवेचना में प्रक्रियागत त्रुटि पुनरावृत्ति न हो इसके लिए रेंज के जिलों के विवेचकों की एक कार्यशाला का आयोजन आगामी दिनों किये जाने हेतु कहा गया है। चिन्हित अपराध योजना के तहत चिन्हांकित किये गये प्रकरणों की विवेचना समयावधि में पूर्ण करते हुए इससे संबंधित सभी प्रक्रियाओं को नियमानुसार पूर्ण कराकर समयावधि में चालान न्यायालय प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

साथ ही इन प्रकरणां की मॉनिटरिंग हेतु पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाने के पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

समीक्षा के दौरान जिला बिलासपुर के 02 प्रकरण, रायगढ़ के 13 प्रकरण, कोरबा के 05 प्रकरण, जांजगीर-चांपा के 01 प्रकरण, मुंगेली के 13 प्रकरण, जशपुर के 03 प्रकरण इस प्रकार रेंज के कुल 37 आपराधिक प्रकरणों में विवेचना में त्रुटि के कारण दोषमुक्त प्रकरणों में विवेचकों के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। उपरोक्त बैठक के दौरान आसन्न विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत जिलों की सीमा हो रही चेकिंग के दौरान अमल में लाई जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जिलों की सीमा में चेकिंग हेतु कर्तव्यस्थ किये गये बल को आपस में समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग करें तथा अधिकाधिक मादक पदार्था, अवैध शराब व अन्य वस्तुओं/पदार्थो की जप्ती विधिवत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। चेकिंग की कार्यवाही गंभीरतापूर्वक किये जाने एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता नहीं बरते जाने के संबंध में विशेष रूप से निर्देशित किया गया। उपरोक्त बैठक में डी.रविशंकर, उमनि/वरि.पुलिस अधीक्षक जिला जशपुर, सदानंद कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़, एम.आर.अहिरे, पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती, संतोष कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर, आशुतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला सारंगढ-बिलाईगढ़, योगेश पटेल, पुलिस अधीक्षक जिला गौ.पे.म., अनिल सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला जांजगीर-चांपा, श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मुंगेली सहित श्रीमती सुशीला टेकाम रेंज पु.म.नि. कार्यालय बिलासपुर एवं संयुक्त संचालक अभियोजन बिलासपुर माखन लाल पाण्डेय, उप संचालक अभियोजन बिलासपुर श्याम लाल पटेल तथा संबंधित जिलों के अन्य अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### इंदिरा विहार में मना करवा चौथ



**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। इंदिरा विहार कॉलोनी में करवा चौथ पर बुधवार को महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए पंजाबी तरीके से थाल घुमा कर पूजा की। करवा चौथ की पूजा पिंकी भाटिया के निवास स्थान पर संपन्न हुई। पूरे विधि-विधान से पूजा कर के सभी ने चांद देखकर व्रत तोड़ा। इस दौरान सविता सलूजा, रश्मि श्रीवास, दीप सलूजा, पिंकी भाटिया, किक्की भाटिया एवं अन्य लोग भी शामिल हुए।

### सीके जमातिया ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

कोरबा, 01 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के चारों विधानसभा के लिये प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रेक्षक कोरबा पहुंच गये हैं।

इसी कड़ी में आज कोरबा और रामपुर विधानसभा के प्रेक्षक आई.ए.एस. प्रियतु मंडल और पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के प्रेक्षक आईएएस सीके जमातिया ने संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री जमातिया ने पाली-तानाखार विधानसभा अन्तर्गत ग्राम हरनमुड़ी के मतदान केन्द्र क्रमांक 299 एवं 300, ग्राम ईरफ के मतदान केंद्र क्रमांक 190 व 191, गोपालपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 194, ग्राम चैतमा के मतदान क्रमांक 209 एवं 210, विधानसभा कटघोरा अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 33 मोहलाईन भाठा, मतदान केंद्र क्रमांक 31 एवं 32 कसनिया, मतदान केंद्र क्रमांक



30 जुराली, मतदान केंद्र क्रमांक 36 एवं 40 कटघोरा, मतदान केंद्र क्रमांक 49, 53,55 एवं 56 ग्राम जेंजरा, मतदान केंद्र क्रमांक 196 रजकम्मा सहित दीपका, गेवरा, कुसमुंडा, कटघोरा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने पाली-तानाखार विधानसभा अन्तर्गत ग्राम ईरफ में मतदाताओं के घर में मतदाता कार्ड और मतदान करने के संबंध में भी जानकारी ली। प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसी तरह कोरबा और रामपुर विधानसभा के प्रेक्षक प्रियतु मण्डल ने शासकीय प्राथमिक शाला डूमरमुड़ा, बरेड़ीमुड़ा, चोरभट्टी, गोपालपुर, रामपुर, झगरहा, बालको, रूमगरा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

### 30 किलो तांबा तार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा-बांगो,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। बांगो पुलिस ने प्लास्टिक की बोरी में रखा 30 किलो तांबा तार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसपी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कैस फ्लो रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर एवं थाना प्रभारी बांगो निरीक्षक मनीष चन्द्र नागर के नेतृत्व में बुधवार को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मानिकपुर गांव के पास खार में एक संदिग्ध व्यक्ति तांबे के केबल वायर को चोरी कर तांबा निकालने एवं बेचने के लिये जला रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम टीकम उर्फ मोनू गुप्ता पिता स्व. विजय कुमार गुप्ता 28 वर्ष इंदिरा चौक पथर्रीपारा का निवासी होना बताया। उसके कब्जे से प्लास्टिक बोरी में रखा 30 किलो तांबा का तार कीमती 18000 रुपये व होण्डा कम्पनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी-12एएक्स-1582 कीमती 35000 रूपये जुमला कीमती 53000 रूपये जप्त किया। उक्त मशरुका एवं मोटरसायकल चोरी का होने के संदेह पर आरोपी को 41(1-4) जाफी / 379 भादवि के तहत गिरफतार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### आम नागरिक प्रेक्षकों से कर सकते हैं मुलाकात

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी.के.जमातिया .(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

निर्वाचन संबंधित शिकायतों हेतु आम नागरिकों के लिए कोरबा जिले में हेल्पलाइन नंबर 07759-224608 जारी की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1950 में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सी-विजील ऐप में आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# प्रेक्षक प्रियतु मंडल ने किया स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस प्रियतु मंडल ने झगरहा स्थित आईटी कालेज में स्थापित किए जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री मण्डल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।

प्रेक्षक प्रियतु मण्डल को अपर



कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। प्रेक्षक ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया तथा विधानसभावार गणना के लिए लगने वाली टेबलों की स्थिति, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के बैठने आदि की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से ली।

### शराब दुकान व गोदाम का किया निरीक्षण

प्रेक्षक प्रियतु मंडल और व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव तथा पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने शराब दुकान और गोदाम में जाकर यहां किये जा रहे रिकार्ड संधारण सहित उपलब्ध स्टाक की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

### कंट्रोल रूम का भी लिया जायजा

कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रियतु मंडल ने वाणिज्य कर कार्यालय में विधानसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई(एमसीएमसी), वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल-कंट्रोल रुम, वेयर हाउस आदि का अवलोकन किया। उन्होंने एमसीएमसी इकाई द्वारा प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया एकाउंट में अभ्यर्थियों के प्रचार संबंधी सामाग्रियों को चिन्हित कर पेड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक ने एमसीएमसी कक्ष, वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल-कंट्रोल रुम में तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यों के संबंध में बारीकी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

# नर्स के साथ हुई मोबाइल की लूट का हुआ खुलासा



### आरोपी से मोटर सायकल, मोबाइल बरामद

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना अंतर्गत कृष्णा अस्पताल के स्टॉफ नर्स के साथ हुई मोबाइल लूट के मामले को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पोड़ीबहार निवासी प्रार्थिया आशा चौहान पिता मनीराम चौहान 23 वर्ष कृष्णा अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत है। उसने सिविल लाइन थाना रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अक्टूबर की दोपहर वह कोसाबाड़ी नेक्सा शोरूम से पैदल अपने मोबाईल फोन से बात करते हुए पोड़ीबहार अपने घर जा रही थी। नेक्सा शोरूम से थोड़ी दूर आगे पहुंची थी तभी मोटर सायकल सवार एक अज्ञात युवक ने उसके दाहिना हाथ से मोबाईल फोन को छिनकर भाग निकला। आशा चौहान की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन रामपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया जिसमें एक व्यक्ति मोटर साइकिल से लूट करते हुए दिखाई दिया, जिसके आधार पर आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि घटना दिनांक को स्टॉफ नर्स से लूट करने वाला आरोपी रामसागरपारा का है। इसके बाद पुलिस की एक टीम बनाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अपना नाम सलमान खान पिता नफीस खान 19 वर्ष निवासी रामसागरपारा वार्ड क्रमांक 1 बताया एवं जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी से मोबाइल सैमसंग ग्लैक्सी एफ 23 5जी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एआर 0438 को जप्त कर लिया गया है। आरोपी को नायक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में सिविल लाइन रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय, एएसआई राकेश गुप्ता, आरक्षक संदीप भगत, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडे, गुनाराम सिंहा, आरक्षक सुशील यादव, रवि चौबे, आलोक टोप्पो, रितेश शर्मा की भूमिका रही।

### फांसी लगाकर महिला ने की खुदकुशी

**कोरबा-दीपका,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुड़ापार निवासी अंजली रात्रे 23 वर्षीय ने घर के म्यांर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अंजली ने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया इस बात का पता नहीं चल सका है। दीपका निवासी अंजली ने डेढ़ साल पहले मुड़ापार निवासी मनोज रात्रे से प्रेम विवाह किया था और उनका एक बच्चा भी है। खुदकुशी करने से पहले अंजली ने सुसाईड नोट भी छोड़ा है जिसमें उसने अपनी मर्जी से खुदकुशी करने की बात लिखी है। अंजली की मौत से पूरे परिवार में मातम का माहौल पसर गया है। घटना की जनकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मर्ग, पंचनामा की कार्यवाही बाद शव पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है जिसके उपरांत ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### आत्महत्या के प्रकरण में 3 आरोपी भेजे गए जेल



**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना रामपुर अंतर्गत सिंचाई कालोनी निवासी गिरधारी सिंह राजपूत के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट्स के आधार पर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है।

जानकारी के अनुसार रामपुर चौकी अंतर्गत मर्ग क्रमांक 167/2021 धारा 174 जा.फौ. जांच में मृतक गिरधारी सिंह राजपूत पिता स्व. भार्गव सिंह राजपूत 64 वर्ष निवासी सिंचाई कालोनी रामपुर की मौत 13 दिसंबर 2021 को फांसी लगने से हुई थी। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल से मृतक के पहने पेट के पीछे पॉकेट से 2 पन्ने का सुसाईड नोट प्राप्त हुआ है। जिसे गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है। मृतक द्वारा अपने सुसाईड नोट में बहु ज्योति राजपूत, उसकी माँ राजकुमारी बहन पूजा, भाई मोहन एवं जीजा लाला बहादुर नामक व्यक्तियों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से परेशान होकर सुसाईड किया है, सुसाईड नोट में लेख किया गया है। मर्ग जाँच के दौरान उक्त आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 306, 34 भादवि का पाए जाने से दिनांक 02.07.2022 को चौकी रामपुर में अपराध कमांक 614/2022 कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में जप्तशुदा मृतक का सुसाईड नोट एवं मृतक का स्वाभाविक लिखावट को राजकीय परीक्षक प्रष्नास्पद प्रलेख छग शासन को हस्तलिपि परीक्षण भेजा गया। जिन्होंने अपने अभिमत में मृतक के द्वारा लिखा गया सुसाइड नोटस मृतक का ही होना लेख किया गया है। जिसके आधार पर आरोपीगण श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत पति मनोज सिंह राजपूत 26 वर्ष, श्रीमती राजकुमारी राजपूत पति स्व. ओमप्रकाश सिंह राजपूत 60 वर्ष, मोहन सिंह पिता स्व. ओमप्रकाश सिंह राजपूत 23 वर्ष पता-सर्वमंगला नगर दुरपा रोड बरमपुर चौकी सर्वमंगला थाना कुसमुंडा को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय थाना प्रभारी सिविल लाईन रामपुर, एएसआई दुर्गेश राठौर, आरक्षक राकेश कर्ष, महिला आरक्षक रेहाना की भूमिका रही।

### गोंगपा की हुई बैठक

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को सरपंच संघ के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में सरपंच संघ एवं गोंगपा की पदाधिकारियों ने संकल्प लिया है कि पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। संकल्प के साथ यह भी चर्चा हुआ कि हम सभी को मिलकर एकजुट होकर सर्वसम्मति से निष्ठापूर्वक गोंगपा को भारी मतों से विजय बनाना है।

## 7 अंडों को निगल के बैठा था कोबरा, किया गया रेस्क्यू

*कोरबा,`1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में साप निकलने की घटना निरंतर जारी हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार घर, गाड़ी में सांप घुसने की घटना सामने आ रही है।*

*आज दोपहर 112 टीम को झगरहा के एक मकान में सांप घुसने की इवेंट मिला जिस पर 112 टिम मौके स्थल पर पहुंच कर सांप पर नजर बनाएं रखी। आरक्षक और*



*चालक ने बिना समय गवाए वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दी गई।*

*उस वक्त जितेन्द्र सारथी मोतीसागर पारा के एक घर में रेस्क्यू कर ही रहे थे। थोड़ी देर बाद पहुंचे जितेंद्र सारथी ने कोबरा (गेहूवन) सांप का रेस्क्यू शुरू किया। घर वालों ने बताया कोबरा ने 7 मुर्गी के अंडों को निगल गया हैं, जिसके कारण वो भाग नहीं पा रहा है। आखिरकार कोबरा को स्टोर रुम से बाहर निकाला गया, फिर कोबरा सांप ने एक एक कर सभी अंडो को उगल दिया फिर उसे रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया गया तब जाकर घर वालों ने राहत भरी सांस ली। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।*

### विज्ञापन की अनुमति के लिए एमसीएमसी कक्ष में कर सकते है संपर्क

कोरबा,`1 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 223 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फलेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 2 में अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 913155865 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 98149382 तथा मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## दिव्यांग मतदाताओं ने निकाली जागरूकता रैली

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर तथा स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत बुधवार को जिले के दिव्यांग मतदाताओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली घंटाघर से निहारिका सुभाष चौक से होकर वापस घंटाघर तक ट्राई सायकल से रैली निकालकर सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीआरसी कोरबा व टीम प्रभारी अनिल रात्रे द्वारा बताया गया कि जिले के निर्वाचन प्रेक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा द्वारा उपस्थिति समाज कल्याण के अधिकारी एवं दिव्यांग मतदाताओं




को 17 नवंबर को होने वाली मतदान दिवस में शत-प्रतिशत मतदान व निष्पक्ष मतदान करने सभी को शपथ दिलाकर हरी झंडी दिखाकर दिव्यांग मतदाताओं विशाल रैली निकाला गया। इस प्रकार के आयोजन को आम लोग के साथ-साथ व्यापारी वर्ग के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# नए कीर्तिमानों के साथ एसईसीएल में विशेष अभियान 3.0 का हुआ समापन

## स्क्रैप का निस्तारण कर राजस्व अर्जित करने में कोल इंडिया रही अव्वल

**कोरबा,** 01 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल द्वारा नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए भारत सरकार के विशेष अभियान 3.0 की 31 अक्टूबर को समाप्ति की गई। अभियान के तहत चिन्हित जगहों की सफाई एवं स्क्रैप निस्तारण में एसईसीएल कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सबसे आगे रही। 2 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में एसईसीएल द्वारा मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य 120 स्थानों को पीछे छोड़ते हुए 160 से ज़्यादा जगहों को साफ किया गया है और इस प्रकार लगभग 29 लाख वर्ग फुट से अधिक का क्षेत्र स्क्रैप मुक्त



हुआ है जोकि लक्ष्य से लगभग 7 लाख वर्ग फुट अधिक रहा। स्क्रैप निस्तारण की बात करें तो कंपनी द्वारा 2000 मेट्रिक टन से अधिक स्क्रैप हटाया गया जिससे 10 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा इस साल 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 3.0 चलाने की घोषणा की गई थी, जिसमें साफ-सफाई एवं स्क्रैप/कबाड़ के निस्तारण के साथ सरकारी कार्यालयों में लंबित फाइलों के निपटान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### लंबित फाइलों व शिकायतों के निपटान पर जोर

अभियान के दौरान साफ-सफाई एवं स्क्रैप निस्तारण के अलावा एसईसीएल द्वारा लंबित फाइलों के निपटान पर भी विशेष ध्यान दिया गया। विशेष अभियान 3. के तहत एसईसीएल द्वारा लगभग 43 से अधिक फाइलों एवं 5,7 से अधिक ई-फाइलों की समीक्षा की गई एवं 33 से अधिक फाइलों एवं 25 से अधिक ई-फाइलों का निपटान किया गया। वहीं कंपनी द्वारा सीपीग्राम्स में शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए द्रुत गति से कार्य किया जा रहा है। नतीजन एसईसीएल लोक शिकायत के निपटान में लगने वाले समय में काफी कमी आई है। 1 अक्टूबर 222 से 3 सितंबर 223 की समयावधि में शिकायतों के निपटान में औसतन 8 दिन का समय लगा है।

### कबाड़ से कलाकृति की अनोखी पहल

विशेष अभियान 3. की सामान्य गतिविधियों से हटकर एसईसीएल द्वारा एक अनोखी पहल करते हुए खनन स्क्रैप सामग्री को सुंदर प्रतिमाओं में बदलकर इस अभियान को कचरे के सर्वश्रेष्ठ उपयोग के अवसर के रूप में अंगीकृत किया गया। एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में स्क्रैप का इस्तेमाल करते हुए 4 सुंदर कलाकृतियों का निर्माण कर एक सार्वजनिक पार्क में स्थापित किया गया है। वहीं एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के होनहार कामगारों द्वारा कबाड़ से चंद्रयान रॉकेट की सुंदर कलाकृति को बनाया गया है। इन प्रतिमाओं के निर्माण में महिल कामगारों द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# सार-संक्षेप

## जिले के दो विधानसभा क्षेत्र में 25 प्रत्याशियों के नामनिर्देशन पत्र स्वीकृत

**बलरामपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले विधानसभा निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 तक बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 02 विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 33 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया था। दोनों विधानसभा क्षेत्रों से अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा स्क्रूटनी की कार्यवाही की गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज से 11 अभ्यर्थियों एवं 08-सामरी से 14 अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन पत्र स्वीकृत किये गये।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज के लिए कुल 15 प्रत्याशियों ने नामनिर्देशन पत्र जमा किया था। जिसमें 11 अभ्यर्थी वैध पाये गये, इण्डियन नेशलन कांग्रेस से डॉ. अजय कुमार तिर्की, भारतीय जनता पार्टी से श्री रामविचार नेताम, आम आदमी पार्टी से श्रीमती नीलम दीदी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्री ज्ञानी सिंह, हमर राज पार्टी से श्री उपेन्द्र मुरूम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री दयाशंकर मरकाम, समाजवादी पार्टी से श्री रामविलास पण्डो, निर्दलीय प्रत्याशी में श्री अजय तिर्की, श्री करमचन्द सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह, श्री सूरजदेव सिंह के नामनिर्देशन पत्र वैध पाये गये।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामनिर्देशन पत्र जमा किया था। जिसमें 14 अभ्यर्थी वैघ पाये गये, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्री विजय पैकरा, बहुजन समाज पार्टी से श्री आनन्द तिग्गा, आम आदमी पार्टी से श्री देवगणेश सिंह टेकाम, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्रीमती प्रभात बेला मरकाम, हमर राज पार्टी से श्री परशुराम भगत, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री बलासियुस तिग्गा, जनता कांग्रेस से श्री विद्यासागर पैकरा, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से शीतल खलखो, तथा निर्दलीय प्रत्याशी में श्री प्रभुराम भगत, श्री सचिन कुमार, श्री सुदामा भगत, श्रीमती सुलिमा तिग्गा एवं श्री संतोष सिंह के नामनिर्देशन पत्र वैध पाये गये।

## मोटर साइकल सवार युवक से सात लाख जब्त



कोरिया 01 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में बीते 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच की कार्यवाही की जा रही है। जिला निर्वाचन आयोग, कोरिया द्वारा गठित एसएसटी कूड़ेली नाका प्रभारी अमित तिग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक मोटर साइकिल सी जी 16 सी 9975 में ग्राम चेर, बैकुंठपुर निवासी राज कुमार, पिता समय लाल से आज दोपहर को नगद 7 लाख 31 हजार 800 रुपए उनके बैग से बरामद कर जब्ती की कार्यवाही की गई है। बता दे जिले में लगातार मोटर साइकिल सहित सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच, नाके व चेक पोस्ट पर वीडियोग्राफी के साथ लगातार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आज एसएसटी द्वारा कूड़ेली नाका में 7 लाख 31 हजार 800 रुपये बरामद कर जब्ती की कार्यवाही की गई है।

## प्रेक्षकों ने किया मतदान क्षेत्रों का दौरा

**बलरामपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री काये ताये तथा डॉ. जय कृष्ण अभीर के द्वारा अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तथा जिले की सीमा पर स्थित चेकपोस्ट का निरीक्षण किया गया तथा मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें अवश्य मतदान करने को कहा।

रामानुजगंज विधानसभा हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री काये ताये ने रामचन्द्रपुर तहसील के दूरस्थ मतदान केंद्रों कनकपुर, चिनिया, रामचंद्रपुर, रेवतीपुर, बरवाही मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र भवनों तथा वहां मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात अनिरुद्धपुर स्थित चेकपोस्ट पहुंच स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों को अवैध परिवहनों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सामरी विधानसभा हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री डॉ. जय कृष्ण अभीर के द्वारा राजपुर तहसील के सिधमा, अखोरखुर्द, बरियों, राजपुर, झींगों, जिगड़ी, बकसपुर तथा अलखडीहा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा मतदान केंद्र भवन की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का आंकलन कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के दो लाख से अधिक मतदाता बनेंगे मजूबत लोकतंत्र के साक्षी

**कोरिया** 01 नवंबर (देशबन्धु)। 9 अक्टूबर 2023 से छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में बस्तर संभाग व दुर्ग संभाग के कुछ विधानसभा सहित 20 सीटों के लिए 7 नवम्बर तथा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा तथा दुर्ग संभाग के कुछ विधानसभा के 70 सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। बैकुण्ठपुर एवं भरतपुर-सोनहत विधानसभा में दूसरे चरण में मतदान होगा। उक्त विधानसभा क्षेत्र में 21 अक्टूबर 2023 को नामांकन भरना शुरू हुआ और 30 अक्टूबर को नामांकन भरने की अंतिम तिथि हुई। 11 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया था, जिसमें से 8 लोगों ने नामांकन पत्र जमा किया और 31 अक्टूबर को स्क्रूटनी पश्चात आठ प्रत्याशियों का ही नामांकन पत्र वैध हुआ है।

बैंकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-3 में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अंबिका सिंहदेव सहित कुल आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किया है। आम आदमी पार्टी से डॉ. आकाश कुमार, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्री दुर्गेश साहू, भारतीय जनता पार्टी से भईया लाल राजवाड़े, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्री मेजर प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से श्री सोमार साय लोहार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री संजय सिंह कमरो तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी श्री बृजमोहन साहू अपना भाग्य आजमाएंगे। वैसे नाम वापसी गुरूवार 2 नवम्बर 2023 को निर्धारित है। बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-03 में 228 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 84 हजार 47 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 84 हजार 29 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 5 है। इस तरह 1 लाख 68 हजार 81 मतदाता है। वहीं भरतपुर-सोनहत (आंशिक) के 78 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 159, महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 215 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या मात्र एक है। इस तरह 306 मतदान केन्द्रों में 2 लाख 4 हजार 456 मतदाता इस लोकतंत्र के साक्षी बनेंगे।

# प्रेक्षकों ने पॉलिटेक्निक मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

अम्बिकापुर 01 नवंबर 2023/ जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के पर्यवेक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मंजूनाथ ए.एन. एवं पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अमित बरदार ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के साथ बुधवार को विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में तैयार किए गए मतगणना स्थल तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन कर सभी प्रेक्षकों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, निर्वाचन संबंधी सामाग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना, वाहन एवं रूट चार्ट की जानकारी लेते हुए तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों और विद्युत तथा लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री कुंदन ने आवश्यक तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त अम्बिकापुर श्री अभिषेक कुमार, सभी रिटर्निंग अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



## कोटवारों -वनरक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी का दर्जा प्राप्त

छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा जारी पत्र अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में कोटवारों एवं वनरक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी का दर्जा दिया जाना है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। अधिसूचना अनुसार इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर दण्ड के रूप में दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

## सी-विजिल में प्राप्त शिकायतों का त्वरित किया जा रहा निराकरण

**सूरजपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप्प से लोगों द्वारा प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल के माध्यम से मिल रही है। इस एप्प के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सी-विजिल के माध्यम से अब तक की स्थिति अनुसार प्रेमनगर से 09, भटगांव से 10, प्रतापपुर से 04 अर्थात कुल 23 शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमें सभी शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

## 2 अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापसी

**सूरजपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 02 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक प्रेमनगर से 01 अभ्यर्थी व प्रतापपुर से 01 अभ्यर्थी कुल 02 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया है।

## आमजन सामान्य प्रेक्षक से कर सकते हैं मुलाकात



**सूरजपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राकेश शंकर (आईएएस) सामान्य प्रेक्षक जिले में उपस्थित हैं। जिनका मोबाइल नंबर 7587016674 है। आम नागरिक प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक व्यक्तिगत तौर पर न्यू सर्किट हाउस के रूम नंबर 02 में उनसे मिलकर, निर्वाचन से संबंधित अपनी बात, उनके समक्ष रख सकते हैं।

## मतदान प्रतिशत, वेबकास्टिंग आदि विषयों पर हुई विशेष चर्चा

**अम्बिकापुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक द्वारा सरगुजा में निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव, विधानसभा लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा तथा विधानसभा लुण्ड्रा और अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा, विधानसभा सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मंजूनाथ ए.एन. एवं पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अमित बरदार



के समक्ष जिले की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्री सिंह एवं श्री राव ने जिले में मतदान अवधि में सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी ली। उन्होंने जिले में संवेदनशील मतदान केंद्रों, मतदान की चुनौतियों, पुलिस के जवानों की तैनाती और ट्रेनिंग सहित विभिन्न सुरक्षा के बिंदुओं पर चर्चा की जिसपर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। सामान्य प्रेक्षक श्री सतीशा ने जिले में गठित फ्लाइंग स्क्वॉड दल, आदर्श मतदान केंद्रों की तैयारी, दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में सुविधाओं पर जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक श्री वर्मा और श्री मंजूनाथ ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर की जा रही जप्ती अथवा नोटिस की कार्रवाइयों पर रिटर्निंग अधिकारियों से प्रक्रिया की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक श्री बरदार ने निर्वाचन के दौरान पुलिस बल की उपलब्धता पर चर्चा की। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक द्वारा जिले की निर्वाचन संबंधी जानकारी, मतदाता परिवर्धन, निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारी, वेबकास्टिंग, संगवारी, आदर्श, युवा एवं सक्षम जैसे विशेष मतदान केंद्रों की पारंपरिक थीम पर सजावट, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मतदान दलों एवं विभिन्न दलों का प्रशिक्षण, सेक्टर अधिकारी, रूट और वाहनों का अधिग्रहण, रेंडमाइजेशन, बीयू, सीयू एवं वीवीपैट, शिकायतों का निराकरण, संपत्ति विरूपण, मतगणना केंद्र और स्ट्रॉन्ग सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में एमसीसी नोडल एवं नगरपालिक निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, स्वीप नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, समस्त रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश सीमा में चेकिंग के दौरान मिला विस्फ़ोटक सामान



**मनेन्द्रगढ़** 01 नवंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश छत्तीशगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग अलर्ट मोड़ पर है वही अन्तर्राज्यीय बैरियर में सुरक्षाबलों को लगाया गया है जिसके तहत एक राज्य से दूसरे राज्य में आने वाले सभी वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है उसी के तहत मध्यप्रदेश की सीमा में मध्यप्रदेश के शहडोल से मनेंद्रगढ़ आ रही नफीस बस लगभग 1:30 के समय बस को मध्यप्रदेश निर्वाचन दल व एस एस टी के जवानों के द्वारा बस की तलाशी के दौरान एक बैग बस में लावारिस हालत में मिला जिसको चेक करने पर लगभग दस किलो विस्फोटक समान मिला जिसे एस एस टी के जवानों के द्वारा उसे अपने कब्जे में लिया गया व तत्काल अपने उच्च अधीकारियो को जानकारी दी गई व बस को खड़ा करवा लिया गया है कि बम निरोधक दस्ते को अनूपपुर से बुलाया गया है जिसके बाद ही बताया जाएगा कि किस तरह का विस्फोटक समान है बैग में वही निर्वाचन दल के सेक्टर मजिस्ट्रेट शिव कुमार के द्वारा बताया गया कि उनके निगरानी में एस एस टी टीम द्वारा लगातार सभी वाहनों व बसों को रोक कर चेकिंग की जा रही है ।

## दो कर्मचारियों को किया गया संलग्न

**बलरामपुर।** आदर्श आचार सहिंता के दौरान संबंधितो के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने के फलस्वरूप श्रीमती विक्टोरिया खाखा, सेक्टर पर्यवेक्षक, पचावल को कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी,राघवेन्द्र सिंह, सहायक शिक्षक(एलबी) अखोराखुर्द, रिजपुर को रिटर्निंग अधिकारी, विधानसभा 08-सामरी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुसमी में तत्काल प्रभाव से संलग्न किया है।

## महिलाओं ने विधि-विधान से रखा करवा चौथ का व्रत



**मनेन्द्रगढ़** 01 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का पावन पर्व मनाया जाता है इस वर्ष संकट चतुर्थी बुधवार कोहोने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है इस वर्ष लगातार 22 में वर्ष नरेंद्र अरोड़ा के निवास स्थान विनय होटल के समीप में सामूहिक तौर यह पर्व मनाया गया जिसमें समाज के सभी वर्गों की महिलाएं शामिल हुई उल्लेखनीय है कि करवा चौथ के दिन सभी महिलाएं अपने घर की सुख शांति समृद्धि एवं पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत बड़े ही श्रद्धा भाव से रखती हैं सुबह 4:00 सरगी करके व्रत शुरू किया जाता है और पूरा पूरा दिन निर्जला व्रत रखकर रात में चंद्रमा को अर्क देकर पति के हाथों से जल पीकर इस व्रत को खोलते हैं शाम को सभी महिलाएं एकत्रित होकर बड़े ही श्रद्धा भाव से सोलह सिंगार करके पूजा अर्चना करती हैं इस आयोजन में पम्मी अरोड़ा नीलम इलाहाबादी रिया अरोड़ा कुलदीप अरोड़ा अनीता दुआ हैप्पी अरोड़ा सुप्रिया ऐलाबादी दीक्षा ऐलाबादी लीना दुआ अनुष्का दुआ स्वीटी इच्छापुरानी संगीता दुआ शालू दुआ सुषमा मनोचा रितु दुआ सिमरन अरोड़ा सोनल अरोड़ा गुड़िया गुप्ता रूबी गुड़िया ठुड्डुझल्डु श्वेता चावला आदि उपस्थित रही पूजा कार्य पिंटू पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया।

## गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च करने वाले बरतें विशेष सावधानी

- **कस्टमर केयर इंजीनियर बनकर ठग ने व्हाट्सएप पर भेजा पैमेंट लिंक और खाते से कट गये 7 लाख**

**रायगढ़** 01 नवंबर (देशबन्धु)। गूगल पर कस्टमर केयर के फर्जी टोल फ्री नंबर अपलोड कर उनके माध्यम से ठगी के मामले पूर्व में सामने आए है। कोतवाली रायगढ़ थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। ठग ने एमआई टीवी मरम्मत के नाम पर कस्टमर केयर का इंजीनियर बनकर स्थानीय रहवासी से 7 लाख रूपये की ठगी कर लिया।




पीड़ित कल थाना कोतवाली में आवेदन देकर ऑनलाइन ठगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़ित ने बताया कि 13 अक्टूबर को उसने एमआई टीवी के मरम्मत के लिये गूगल से कस्टमर केयर नंबर ढूंढा और कॉल किया, थोड़ी देर बाद एक अंजान नंबर से पीड़ित के व्हाट्सएप पर पैमेंट का एक लिंक भेजा गया जिसमें रजिस्ट्रेशनध्सर्विस 400 रूपये बताया गया।

पीड़ित अपने यूपीआई के माध्यम से लिंक में रूपये भेजने का प्रयास किया किन्तु रकम नहीं जमा होने का पता चला। उसके बाद फिर एक नये मोबाईल नंबर से फोन आया जिसने बोला कि मैं कस्टमर केयर का इंजीनियर बोल रहा हूं यदि आपका लिंक में पेमैंट नहीं हो रहा है तो हम आपके घर आकर टी वी मरम्मत करने के बाद चार्ज घर पर नगद ले लेंगे। 20 अक्टूबर की सुबह बिना जानकारी के खाता से पैसे कटने का आभास होने पर तुरंत बैंक जाकर बैंक खाता तथा यूपीआई नंबर व एटीएम कार्ड को बंद करवाया। बैंक से जानकारी मिला कि 14 से 20 अक्टूबर तक लगभग 7 लाख रूपये खाते से यूपीआई के माध्यम से वाले मोबाईल नंबर के धारक द्वारा रूपये निकाला गया है। आवेदन पर कस्टमर केयर मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## सामान्य पुलिस व व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की ली बैठक

**सूरजपुर** 01 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक राकेश शंकर (आईएएस) की उपस्थिति में आज सर्व रिटर्निंग ऑफिसर ,सर्व नोडल अधिकारी एवं सर्व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। जिसमें डॉ विष्णुकांत (आईपीएस) पुलिस प्रेक्षक, श्रीजू एस एस (आईआरएस) व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम (स्वीप नोडल), संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में राकेश शंकर (आईएएस) सामान्य प्रेक्षक द्वारा सभी रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से निर्वाचन के संबंध में अपनाई जा रही कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने निर्वाचन के सफल संचालन के लिए मैन पावर मैनेजमेंट पर संबंधित नोडल से जानकारी मांगी और बैकअप प्लान को पुख्ता करने की बात कही। उन्होंने निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगाए गए



कर्मचारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन के सफल संपादन के लिए प्रशिक्षण को अहम बताया। उन्होंने प्रशिक्षण को इंटरएक्टिव तरीके से संचालित करने के लिए कहा ताकि मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों के बीच एक बेहतर तालमेल बने और प्रशिक्षार्थी बेहतर तरीके से निर्वाचन संबंधी तथ्यों से अवगत हो सकें। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को पावर प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करने के लिए कहा ताकि मतदान दिवस व मतगणना के दिन कोई भी व्यवधान उत्पन्न ना हो ।व्यय प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक द्वारा भी निर्वाचन के संबंध में उपस्थित जनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, सी विजिल, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, एमसीएमसी व अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

## सार-संक्षेप

### सरकारी कार्यालयों में राज्य स्थापना दिवस पर रोशनी नहीं



**सारंगढ** 01 नवंबर (देशबन्धु)। एक नवम्बर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर पर जिला मुख्यालय सारंगढ के कई प्रमुख कार्यालयों में झालर इत्यादि लगाकर सजावट नहीं किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से एसपी कार्यालय जनपद पंचायत कार्यालय पशु चिकित्सा विभाग जिला विपणन अधिकारी व वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन इत्यादि प्रमुख हैं वहीं जिला कार्यालय कोतवाली थाना इत्यादि में झालर लगाकर रोशनी किया गया था।

### करंट लगाकर शिकार की फिराक में थे शिकारी, तीन गिरफ्तार



**सारंगढ** 01 नवंबर (देशबन्धु)। वनमंडलाधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ गणेश यू आर के निर्देशानुसार परिक्षेत्र सहायक- सुअरगुड़ा, जोगेंद्र सिंह ठाकुर एवम सुअरगुड़ा सर्किल के समस्त स्टाफ तथा हाथी मित्र दल के सदस्यों की संयुक्त टीम द्वारा वन परिक्षेत्र सारंगढ़ सा. अंतर्गत सुअरगुड़ा सर्किल के ग्राम सेमरा में अवैध शिकार करने के उद्देश्य से तार (सरिया तार ) गांव से जंगल की ओर लगाते हुए 03 अपराधियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवम भारतीय वन अधिनियम 1927 की तहत प्रकरण दर्ज कर अपराधियों को न्यायिक रिमांड पर सारंगढ़ उप जेल दाखिला कराया गया।

### 36 देशी व 07 पाव अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 01 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर पुलिस ने 36 पाव देशी प्लेन शराब एवं 07 पाव अंग्रेजी अवैध शराब के साथ बिक्री करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि थाना जांजगीर को 31 अक्टूबर 23 को जरिए मुखबिर से सूचना मिला की बस स्टैण्ड जांजगीर के पास आम रोड के किनारे में एक व्यक्ति काफी मात्रा में शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा हुआ है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपी रूपचंद राठौर उम्र 55 वर्ष निवासी धुरकोट के कब्जे से एक झोला के अंदर 36 पाव देशी प्लेन शराब एवं 07 पाव अंग्रेजी शराब कुल 07.380 लीटर शराब कुल कीमती 3480 रुपए को बरामद कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी रूपचंद राठौर उम्र 55 वर्ष निवासी धुरकोट के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, प्रधान आर. आलोक शर्मा एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### सवा लाख के 10 किलो गांजा के साथ पकड़ाया आरोपी

**रायगढ़** 01 नवंबर (देशबन्धु)। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर मोटर स्टैंड के सामने एक व्यक्ति ट्रॉली वाले बैग में गांजा रख कर गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी से 10 किलो गांजा बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय को सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, नगर कोतवाल शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम बनाकर गांजा रेड कार्रवाई के लिये रवाना किया गया। रेल्वे स्टेशन के दोनों ओर कोतवाली स्टाफ संदेही की घेराबंदी करते हुए मोटर स्टैंड के सामने चबूतरा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को घर दबोचा गया जो एक चाकलेटी कलर के ट्रॉली बैग रखे हुआ था जिससे अवैध रूप से गांजा विक्रय के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम, पता और प्रयोजन बताया।

संदेही ने अपना नाम सागर राजाराम उमाशरे पिता राजाराम उमाशरे उम्र 30 साल निवासी थाना व चिपलुन जिला रत्नागिरी (महाराष्ट्र) का होना बताकर और गांजा को विक्रय करने रेल्वे स्टेशन के बाहर ग्राहक तलाश करना बताया। पुलिस ने गवाहों के समक्ष ट्राली बैग की तलाशी ली जिसमें एक-एक किलो वाले 10 गांजा के पैकेट, वजन 10 किलो गांजा, कीमत करीब 1,20,000 रुपए का बरामद हुआ जिसकी विधिवत जप्ती कर आरोपी सागर राजाराम उमाशरे को थाने लाया गया। थाना कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश में जुट गई है कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आ रहा था और कहां ले जा रहा था।

विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चैकी प्रभारी को अवैध शराब, गांजा पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस लगातार अवैध शराब पर कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया सड़क पर फ्लैग मार्च

**सक्ति**, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सक्ति एमएल अहिरे ने कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आदर्श आचार संहिता का पालन सुनश्चित करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। इसी के परिपालन में कल शाम सक्ति शहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री सिंह के नेतृत्व में थाना सक्ति और जिला बल का फ्लैग मार्च निकाला गया।



सड़को पर पैदल मार्च कर, पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिताके पालन करने तथा त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय और उनकी टीम भी इस दौरान साथ रही, जिन व्यवसायियों ने अपना सामान बेतरतीब सड़क पर फैला कर रखा था उन्हें हिदायत दी गई। कुछ जगह चालानी करवाई भी की गई। शहर के गुंडे बदमाश आपराधिक प्रकृति के लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाने की हिदायत भी एसएसपी श्री आहिरे के द्वारा पुलिस अधिकारियों को दी गई है। इस फ्लैग मार्च में एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ति और उनकी टीम के साथ पुलिस के निरीक्षक गण विवेक शर्मा नगर निरीक्षक सक्ति, अमित सिंह प्रभारी साइबर यूनिट सक्ति, श्री कुजूर, रक्षित निरीक्षक उमेश राय तथा थाना सक्ति और लाइन का बल सम्मिलित रहा।

# कायाकल्प: साफ सफाई और सुविधाओं पर जिला अस्पताल को मिला 93 अंक

**जांजगीर**, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले की 9 सदस्यीय कायाकल्प की टीम ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने जिला अस्पताल के लेबर रूम, ओटी, पैथोलेब, सहित साफ सफाई का जायजा लिया। टीम ने अस्पताल के हर एक व्यवस्थाओं की जांच की और स्टाफ नर्सों से आवश्यक जानकारी ली। साथ ही अस्पताल पहुंचे मरीजों से भी अस्पताल की सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। टीम ने आठ बिन्दूओं में निरीक्षण करने के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए 93 प्रतिशत अंक दिए। राज्य को इसकी जानकारी भेजी जाएगी उसके बाद फिर एक दिन राज्य स्तर की टीम निरीक्षण करेगी।

कायाकल्प योजना में शामिल प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों को ग्रेड दिया जाएगा और पुरस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने रैटिंग निर्धारण करने से पहले सभी जिला अस्पतालों के निरीक्षण के लिए टीम का गठन किया है। कायाकल्प योजना में शामिल जिला अस्पताल की रैटिंग फिक्स करने गठित रायगढ जिले की टीम ने मंगलवार को सिविल सर्जन रायगढ़ डा. आए एन मंडावी, डा. अभिषेक अग्रवाल, डा. देवेंद्र गुर्जर, मारिया धन, प्रमिला प्रधान, एकता थामस, लता मेहर, कमला पटेल और सुनील प्रधान ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की सुविधाओं से लेकर सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। सिविल सर्जन रायगढ़ डाक्टर आए एन मंडावी ने बताया कि डायरेक्टर स्वास्थ्य के निर्देश पर टीम का गठन किया गया है। हास्पिटल निरीक्षण के बाद रिपोर्ट को रायपुर भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर सरकार अस्पतालों की रैटिंग तय करेगी। टीम के सदस्यों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान रखा गया है। इसमें साफ सफाई, मशीन, प्रबंधन, मरीजों की सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। अस्पताल में आए मरीजों के परिजनों ने बताया कि कायाकल्प टीम के आने से जिला चिकित्सालय आज काफी साफ सुथरा नजर आया। मरीजों के खाने पीने पर प्रबंधन ने पूरा ख्याल रखा। निरीक्षण के दौरान डा. अनिल जगत, डा. ममता जगत, डा. अश्वनी राठौर व स्टाफ नर्स उपस्थित थे।



### 70 प्रतिशत से अधिक अंक पर ही कायाकल्प योजना में शामिल

पहले निरीक्षण के आधार पर जिला अस्पताल को 7 फीसदी से अधिक मिल गया था। इसके बाद ही कायाकल्प योजना में शामिल किया गया था। राज्य में सबसे ज्यादा अंक लाने पर जिला अस्पताल को 5 लाख रुपए, दूसरे स्थान पर 3 लाख व तीसरे स्थान पर 1 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाता है। वहीं इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाता है।

### अस्पताल की सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की

कायाकल्प योजना के तहत रायगढ़ जिले की टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है। टीम ने अस्पताल की सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए 93 प्रतिशत अंक दिया है। वे अपनी रिपोर्ट सरकार को देंगे। इसके बाद राज्य की टीम निरीक्षण के लिए आएगी। : डा. अनिल जगत, सिविल सर्जन

# मोबाईल में सट्टा खिलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 01 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध रूप से मोबाईल में सट्टा खेलाने वाले आरोपी को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम व मोबाइल जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक एमआर अहीरे द्वारा अवैध रूप जुआ, सट्टा खेलने/खेलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति गायत्री सिंह को 31अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुआ कि राम मंदिर सक्ती के पास अंकित अग्रवाल ऊर्फ कालू अवैध रूप से रूपये पैसों का दाव लगाकर सट्टा लिखकर जुआ खेला रहा है। सूचना पर हमराह स्टाप व गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी अंकित अग्रवाल ऊर्फ कालू पिता जयप्रकाश अग्रवाल साकिन राम मंदिर रोड सक्ती को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 01 नग ओप्पों कंपनी का मोबाईल एवं नगदी रकम 1020 रूपये पाया गया। आरोपी सट्टा खेलाने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नही करने हेतु नोटिस दिया, जिसके द्वारा कोई वैध दस्तावेज नही होने पर उपरोक्त मोबाईल एवं नगदी रकम को जप्त कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के पास से लाखो रुपए के सट्टे का हिसाब किताब मिला है। पुलिस आरोपी के संपर्को को भी खंगाल रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना सक्ति के प्रधान आरक्षक अजय प्रताप कुर्रे, आरक्षक वेश जाटवर, गणेश साहू,दिलाराम मनहर श्याम गबेल, सेतराम पटेल, महिला आरक्षक अफसा परवीन ज्वाला,का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### सेवा निवृत्त आरक्षक को दी गई विदाई

जांजगीर, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। सेवा निवृत्त आरक्षक को शाल श्रीफल भेंट कर पुलिस अधीक्षक द्वारा विदाई दी गई। आरक्षक राजेश दास को पुलिस विभाग में सेवा अवधि पूर्ण हो जाने से पुलिस विभाग द्वारा विदाई दी गई। रक्षित केन्द्र जांजगीर में पदस्थ आरक्षक राजेश दास का पुलिस विभाग में सेवा अवधि पूर्ण होने जाने से 31 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा सम्मानित करते हुए साल श्रीफल भेंटकर सम्मान पूर्वक दी गई विदाई।

# विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन



### टीचिंग लर्निंग मटेरियल टीएलएम का किया गया प्रदर्शन

**डभरा**, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्त्रोत केंद्र डभरा में आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड के 29 संकुल केंद्रों के शिक्षकों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ एवं टीचिंग लर्निंग मटेरियल टीएलएम का सफल प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रमेश पटेल खंड स्त्रोत समन्वयक एवं मनीष शर्मा, पुष्पलता एक्का, रजनी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे, मोहन पटेल, पुरुषोत्तम साहू, विजय वैष्णव, अनिल भार्गव, कमलेश्वर पटेल, अर्जुन खूंटे, आशीष गुप्ता, पीललाल पटेल ,सुभद्रा पटेल, दुर्गा साहू, ज्योति पटेल, वंदना किशोर सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेमचंद शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेड़ापाली, द्वितीय स्थान लता कुमारी एवं कुमारी वंदना किशोर शासकीय प्राथमिक शाला रामभाठा, टीएलएम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभद्रा पटेल शासकीय प्राथमिक शाला ढेकनाभाठ, द्वितीय स्थान योगेश चौहान शासकीय प्राथमिक शाला कवलाझर को प्राप्त हुआ। इस तरह की प्रतियोगिता बीच-बीच में शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसको रुचिकर बनाने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# प्रेक्षको ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

### मतगणना स्थल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

जांजगीर, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम अर्शी, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित तीनों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया।



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रेक्षकों को मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी की मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली, सुरक्षा संबंधी, विधानसभावार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी।

प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, निर्वाचन संबंधी सामग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आदि कार्य के किये जा रहें तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**जांजगीर,** 01 नवम्बर (देशबन्धु)। कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभिव्यक्ति एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम. अर्शी, व्यय प्रेक्षक श्री विमल चंद्र दास, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिला पंचायत परिसर में बोर्ड में हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत पूरे जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, श्रीमती लवीना पाण्डेय, गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत सीईओ आरके खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित सभी नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी

# प्रेक्षको ने नोडल अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

### निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य, समन्वय बनाकर दायित्वों का करें निर्वहन

**जांजगीर**, 01 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, श्री जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम. अर्शी, व्यय प्रेक्षक विमल चंद्र दास ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की



तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बनाकर दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन की सम्पूर्ण तैयारियों से सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अकलतरा, जांजगीर-चांपा एवं पामगढ़ के मतदान केंद्रों की संख्या, मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन, मतदान दलों का प्रशिक्षण, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र, स्वीप गतिविधियां, कानून व्यवस्था, जिला की सीमा क्षेत्रों में निगरानी दलों की तैनाती, ईवीएम मशीनों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था, एफएसटी व एसएसटी, एमसीएमसी, मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने सहित अन्य निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कानून व्यवस्था, सामान्य निर्वाचन केंद्र और संवेदनशील मतदान केंद्रों एवं चेक पोस्टों में की जा रही निगरानी की जानकारी दी। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार ने जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु किये जा रहे स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधी किए गए तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, श्रीमती लवीना पाण्डेय, गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत सीईओ आरके खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित सभी नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू

शंघाई, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान दल पांच महीने से अधिक समय तक चलने वाले मिशन की शुरुआत करते हुए बुधवार सुबह रवाना हुआ। यह पहली बार है कि चीन का अंटार्कटिक वैज्ञानिक अनुसंधान मिशन तीन जहाजों द्वारा किया जाएगा। अनुसंधान आइसब्रेकर ज़ुएलॉन्ग और ज़ुएलॉन्ग दो या स्नो ड्रैगन और स्नो ड्रैगन दो, शंघाई से रवाना हुए, जबकि मालवाहक जहाज तियान हुई पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के झांगजीगांग से रवाना हुए।

# कोलंबिया, चिली ने इजराइल से अपने राजदूत वापस बुलाए

बोगोटा/सैंटियागो, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा में हमास-इजरायल संघर्ष के बीच कोलंबिया और चिली ने इजरायल में अपने-अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में, कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा मैंने बातचीत के लिए इज़राइल में अपने राजदूत को बुलाने का फैसला किया है। अगर इजराइल फिलिस्तीनी लोगों का नरसंहार नहीं रोकता है, तो हम वहां नहीं रह सकते।

**कोलंबिया ने गाजा में इजरायली सुरक्षा बलों के हमलों की कड़ी निंदा की**



मंगलवार देर रात एक बयान में, कोलंबियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार गाजा में इजरायली सुरक्षा बलों के हमलों की कड़ी निंदा करती है। सरकार इस दायित्व को दोहराती है कि इजरायल के सुरक्षा बलों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करना होगा। इसमें कहा गया है, दुनिया के सभी देशों द्वारा दोनों देशों की पूर्ण मान्यता से ही क्षेत्र में शांति आएगी। इस बीच, चिली के विदेश

## इज़रायल ने गाजा पट्टी में फिर से हमास को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में हमास और उसके 'आतंकवादी सेल' के कमांड पॉइंट को फिर से निशाना बनाया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, रात भर में, संयुक्त आईडीएफ सैनिकों ने पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशनल कमांड सेंटर और हमास आतंकवादी सेल सहित कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने फिलिस्तीनी एक्सक्लेव के उत्तर में एक अस्पताल और सरकारी सुविधाओं के बगल में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में हमास लड़ाकों के एक समूह की पहचान की और उनके खिलाफ हवाई हमला किया था। आईडीएफ सैनिकों ने गाजा पट्टी में सक्रिय बलों की ओर जा रहे एंटी-टैंक मिसाइलों से भरे एक वाहन की पहचान की। जवाब में, सैनिकों ने वाहन की ओर फायर करने के लिए एक विमान को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मौजूदा संघर्ष की शुरुआत में गाजा में 11 हजार से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए हैं।

## हौथी के मिसाइल हमलों के बाद इज़राइल ने लाल सागर में सुरक्षा बढ़ाई

तेल अवीव। इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि यमन में ईरान समर्थित हौथी द्वारा कई मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इसने लाल सागर क्षेत्र में हवाई सुरक्षा बढ़ा दी है। टाइम्स ऑफ़ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, यमन से इज़राइल में एक मिसाइल और दो ड्रोन लॉन्च किए जाने के बाद, मंगलवार को स्थिति के आकलन के बाद जहाजों को तैनात किया गया। लाल सागर के पास इज़राइल के सबसे दक्षिणी शहर इलियट के पास बुधवार सुबह एक हौथी के मिसाइल को रोका गया। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, रिसॉर्ट शहर इलियट, जहां लगभग 50,000 लोग रहते हैं, में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं जिन पर हाल के हफ्तों में बमबारी की गई है। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि हौथी हमलों से बचाने के लिए क्षेत्र में हवाई सुरक्षा की कई परतें हैं। अमेरिकी सेना भी लाल सागर क्षेत्र में तैनात है और उसने कई हौथी मिसाइलों और ड्रोनों को रोका है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने धमकी दी कि इजराइल हमलों का जवाब दे सकता है। उन्होंने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा, हम रक्षा तैयारी बहुत ऊंचे स्तर की है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 2 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

मेष - आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

वृषभ - आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा। आज संभव हो, तो प्रवास को टालें।

मिथुन - आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें।

कर्क - आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता हैं। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे। अति महत्वपूर्णनिर्णय आप टाल दें।

कन्या - आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

तुला - व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। क्रोध पर संयम रखें। नियम विरोधी एक्टिविटी से दूर रहें।

धनु - आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

मकर - आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

कुंभ - आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा। संतान की चिंता रहेगी।

मीन - आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी। किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मैक्रॉं बुधवार को कजाकिस्तान की करेंगे यात्रा

पेरिस, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं मध्य एशिया में अपने दो दिवसीय दौरे के पहले चरण के लिए बुधवार को कजाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। इस यात्रा में उज्बेकिस्तान का दौरा भी शामिल होगा। इसी दौरान, श्री मैक्रॉं उज्बेकिस्तान की भी यात्रा करेंगे। श्री मैक्रॉं कजाकिस्तान राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव से मुलाकात कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा करने की उम्मीद है। चर्चा में फ्रांस और यूरेनियम समृद्ध मध्य एशियाई देश के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग, विशेष रूप से ऊर्जा पर हावी होने की उम्मीद है। श्री मैक्रॉं की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब फ्रांस यूरेनियम की सख्त जरूरत के साथ रूसी ऊर्जा आयात को छोड़ने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे वह अपने पूर्व उपनिवेशों में हालिया सैन्य तख्तापलट से पहले अफ्रीका के साहेल क्षेत्र से प्रचुर मात्रा में आयात करता था।



## थाई नागरिकों की रिहाई के लिए हमास से बात करेंगं अब्दुल्लाहियन

तेहरान, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने कतर में थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा से मुलाकात की और बंधक बनाए गए थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई के लिए फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने की बात कही। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि श्री पारनप्री गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए थाईलैंड नागरिकों की रिहाई में मदद लेने के लिए कतर और मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। न्यूज एजेंसी मेहर ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि बैठक के दौरान थाईलैंड के शीर्ष राजनयिक ने गाजा पट्टी में हाल के गटित हुयी घटना पर चिंता व्यक्त की और अपने ईरानी विदेश मंत्री से थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई में सहायता करने के लिए कहा। इसके बाद श्री अमीर बदोल्लाहियन ने श्री पारनप्री के संदेश को हमास तक पहुंचाने का वादा किया। थाईलैंड के अधिकारियों के अनुसार



## विदेशी बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार हमास

गाजा। हमास की मिलिट्री विंग अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि वह गाजा में रखे गए कुछ विदेशी बंधकों को कुछ दिनों के भीतर रिहा करने के लिए तैयार है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एक रिकॉर्डेड संदेश में सशस्त्र विंग के प्रवक्ता अबू ओबैदा के हवाले से कहा, हमने मध्यस्थों को आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि हम आने वाले दिनों में उनमें से कई को रिहा कर देंगे। हमें अब उन्हें हिरासत में रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ देशों ने हस्तक्षेप किया है कि उनके देश के लोगों को मुक्त किया जाय।



## ओटिस तूफान से मेक्सिको बुरी तरह प्रभावित

मेक्सिको सिटी, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। मेक्सिको के रिसॉर्ट शहर अकापुल्को से कुल 305 विदेशियों का सफलतापूर्वक पता लगाने के बाद उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। यह शहर तूफान 'ओटिस' से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। मैक्सिकन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्सिकन विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, लोगों को उनके मूल देशों और मेक्सिको में उनके राजनयिक प्रतिनिधियों के अनुरोध पर मांगा गया था। इसमें बताया गया, निकाले गये नागरिकों में जर्मनी, अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, कोलंबिया, स्पेन, जापान, पेरू और स्विटजरलैंड के साथ बेलीज, क्रोएशिया, यूनाइटेड किंगडम और उरुग्वे के नागरिक शामिल हैं। ओटिस, श्रेणी 5 का तूफान है, जिसने पिछले बुधवार को मैक्सिकन राज्य ग्युरेरो के प्रशांत तट पर हमला किया, जिससे मुख्य रूप से मेक्सिको के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को के साथ-साथ राज्य के अन्य तटीय शहरों में गंभीर क्षति हुई।

**मेक्सिको के अकापुल्को से 300 से अधिक विदेशियों को निकाला**

## संरा महासचिव ने शहरों के सतत विकास को बढ़ावा देने का आग्रह किया



संयुक्त राष्ट्र, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विश्व शहर दिवस के अवसर पर कहा कि शहर सतत विकास, आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, विश्व शहर दिवस सतत विकास में शहरों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार करने का समय है। उन्होंने कहा कि शहर न केवल आर्थिक महाशक्ति हैं, बल्कि वैश्विक तात्कालिकताओं को संबोधित करने में भी अग्रणी हैं। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि शहरों को जलवायु परिवर्तन से लेकर बढ़ती सामाजिक असमानताओं और राजनीतिक विभाजन जैसी जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की आधी से अधिक आबादी पहले ही शहरी जीवन को अपना चुकी है, और संयुक्त राष्ट्र मानव निपटान कार्यक्रम के अनुमानों से संकेत मिलता है कि 2050 तक लगभग 70 प्रतिशत लोग शहरों में रहेंगे।

## सुडोकू 6364


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6364




**बायें से दायें:-**

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा, मापतौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया हुआ, ढाक या छिपा हुआ
९. धन-दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्यप्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

### वर्ग पहेली-6363



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

## आज का इतिहास

1534 – सिखों के चौथे गुरु रामदास का जन्म हुआ था।
1834 – एटलस नामक जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था।
1841 – अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया।
1852 – फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे।
1914 – रूस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी।
1936 – बीबीसी ने टेलीविजन सेवा शुरू की थी।
1950– नोबेल पुरस्कार विजेता, महान नाटककार एवं कुशल राजनीतिज्ञ जार्ज बर्नार्ड शा का निधन हुआ था।
1960 – बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक का जन्म हुआ था।
1965 – बॉलीवु अभिनेता शाहरुख़ ख़ान का जन्म हुआ था।
1982 – प्रसिद्ध पहलवान योगेश्वर दत्त का जन्म हुआ था।
1984 – अमेरिका में 1962 के बाद पहली बार एक महिला वेल्मा बारफिल्ड को फांसी की सजा दी गयी थी।
1999 – पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केन्द्रों पर रॉकेट से हमला हुआ था।
2002 – पीडीपी के नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया।
2004– चीन के हेनान में जातीय संघर्ष में 20 लोगों की मौत ।
2005 – कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया।
2007 – अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ख़राब सोलर पंखों को ठीक करने के बाद डिस्कवरी के यात्री धरती पर सुरक्षित लौटे।
2008 – केन्द्र सरकार ने सेवानिवृत्त के बाद पेंशन फंड से धन निकालने की सुविधा समाप्त की थी।
2012– प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीराम शंकर अभयंकर का निधन हुआ था।

**कूटनीति** *भारत की सहायता से तैयार हुई परियोजनाएं*

# भारत-बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों ने विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को भारत की सहायता से तैयार तीन विकास परियोजनाओं- अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।दोनों नेताओं ने आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन तीन परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगी।**

अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्?पर्क परियोजना भारत सरकार द्वारा बंगलादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत तैयार की गई है। बंगलादेश में 6.78 किलोमीटर लंबी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के साथ रेल सम्?पर्क की कुल लंबाई 12.24 किलोमीटर है।

खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना भारत सरकार की रियायती ऋ्रण सुविधा के तहत 38.892 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से तैयार की गई है। इस परियोजना में मंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉडगेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही बंगलादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह, मंगला, ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है।



इसी तरह से 1.6 अरब अमरीकी डालर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋ्रण के अंतर्गत मैत्री सुपर ताप विद्युत परियोजना, बंगलादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल स्थित 1320 मेगावाट (2गुणा660) का सुपर ताप विद्युत संयंत्र (एमएसटीपीपी) लगाया गया है। यह परियोजना

### साझा प्रयासों से सोनार बंगलादेश का विजन साकार करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की सोच के साथ भारत एवं बंगलादेश के बीच विकास साझीदारी के 1 अरब डॉलर के स्तर को पार कर जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ साझा प्रयासों से बंगबंधु के 'सोनार बंगलादेश' का विज़न साकार होगा।

## दुनिया को जानें

### बांग्लादेश ने स्थानीय मुद्रा कार्ड लॉन्च किया

ढाका, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने कैशलेस सोसायटी के निर्माण के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को देश में पहला स्थानीय मुद्रा कार्ड (लोकल करेंसी कार्ड), टका पे लॉन्च किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को राजधानी ढाका में अपने आधिकारिक आवास गणभवन से टका पे का उद्घाटन किया। यह कार्ड बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक के सहयोग से राज्य के मालिकाना हक वाले सोनाली बैंक, निजी मालिकाना हक वाले सिटी बैंक और ब्रैक बैंक द्वारा जारी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि यह कार्ड बांग्लादेश में कैशलेस समाज (सोसायटी) के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एक स्वतंत्र और संप्रभु देश के रूप में, दूसरों पर निर्भरता कम करने के लिए बांग्लादेश की वित्तीय प्रणाली को स्वतंत्र और संप्रभु होना होगा। पीएम ने आगे कहा, हमें किसी एक कठिन मुद्रा पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने नए शुरू किए गए डेबिट कार्ड के प्रत्येक धारक के लिए डेटा सुरक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# खेल जगत

## वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बने पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां) पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार, सात स्थानों की छलांग लगाकर इस प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए। आफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया। भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें) दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है। आफरीदी वर्तमान में विश्व कप में एडम ज़म्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16-16 विकेट लिए हैं।



# भारत की निगाहें श्रीलंका को भी हरा लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर

■ श्रीलंका से भारत के विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। रंग में चल रहे धुरंधर विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई में जीत का छक्का जड़ चुके भारत की निगाहें अब श्रीलंका को भी बृहस्पतिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हरा कर मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में अपनी जीत का सिलसिला जारी रख लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर लगी हैं। वहीं अपने छह में से चार मैच हारने और मात्र दो जीतने वाली श्रीलंका से भारत के हाल ही के दमदार प्रदर्शन के मद्देनजर उसके विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच विराट कोहली की जीवट भरी बल्लेबाजी और इंग्लैंड के खिलाफ छठा मैच अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के गेंद से कहर से कुछ लडखड़ाने के बाद जीता। इंग्लैंड के खिलाफ चाहे वह तेज गेंदबाज बुमराह हों या फिर मोहम्मद शमी और निचले मध्यक्रम में बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव ने विश्वास से बल्ले से प्रदर्शन कर दर्शाया कि भारत के पास हर मुश्किल स्थिति से उबारने के लिए अलग -अलग नायक हैं। भारत की कोशिश 2003 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया की तरह अजेय रहकर खिताब जीतने पर लगी है। बहुत क्रिकेट पंडितों व भारतीय प्रशंसक बस यही कामना कर रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंचने पर भी उसके कौशल के साथ तकदीर भी साथ रहे और फाइनल में पहुंचे।

लगातार छह जीत के साथ एक पैर सेमीफाइनल में रख चुके की बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ जीत उसके अंतिम चार में पहुंचने को लेकर किसी भी गुणा भाग और अगर मगर को खत्म कर देगी। तब भारत के लगातार सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो जाएंगे और वह सबसे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम होगी। भारत की कोशिश शीर्ष पर रह कर सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी है और उसने इस ओर अपने मजबूत कदम बढ़ा भी दिए हैं। भारत और श्रीलंका ने अब तक वनडे विश्व कप के इतिहास में हुए कुल नौ मुकाबले में से चार-चार जीते हैं जबकि एक बेनतीजा खत्म हुआ है। भारत ने 2019 में पिछले संस्करण में कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल के शतकों और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कमाल की बदौलत श्रीलंका को सात विकेट से शिकस्त दी थी। भारत ने श्रीलंका से एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले लगातार पांच मैच जीते हैं। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को लखनऊ में पहली बार पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर कम स्कोर वाले मैच में जिस तरह अपने अनुभवी सदाबहार रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कहर से सौ रन से शिकस्त दी उससे यह साफ हो गया कि उसके गेंदबाजों को भी अपनी टीम को मझधार से निकालना आता है।

अब तक मौजूदा संस्करण में एक एक शतक जड़ चुके पहले स्थान पर चल रहे कप्तान रोहित शर्मा (कुल 398 रन), दूसरे स्थान पर चल रहे विराट कोहली (कुल 354 रन) के साथ केएल राहुल (कुल 271 रन) ने मैच के मिजाज के मुताबिक जोश के साथ होश भी दिखाकर भारत को अब तक के लगातार छहों मैच जीत दिलाने में योगदान किया। शुभमन गिल ने चार मैच खेल कर एक अर्द्धशतक सहित भले ही अब कुल 104 रन बनाए हैं लेकिन वह क्रीज पर एकदम सहज दिखे। बल्लेबाजी में भारत की अकेली चिंता शुरू के छहो मैच खेलने वाले श्रेयस अय्यर (कुल 134 रन) का पहले न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड के खिलाफ शॉर्ट गेंद पुल करने की कोशिश में कैच थमा अपना विकेट गंवाना है। श्रेयस को ऐसे में एकादश में बने रहने के लिए सूर्यकुमार यादव और बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण इशान किशन से चुनौती मिल रही है।

भारत की लगातार छह जीत का सबब यह है कि हार्दिक पांडया के चौथे मैच में चोट खाने के बाद उपलब्ध न होने के बावजूद शानदार जीत दर्ज कर बताया कि उसके पास उसे मुश्किल स्थिति से उबारने वाले खिलाड़ी हैं। भारत ने शुरू के पांच मैचों में लगातार लक्ष्य का पीछा करते हुए हासिल की। कप्तान दसुन षणाका और तेज गेंदबाज लाहिरु कुमार जैसे अपने कई शीर्ष खिलाडि़यों के चोट के चलते श्रीलंका टीम से बाहर होने से श्रीलंका की टीम की टीम सही संयोजन के लिए मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को हराने को छोड़ बराबर संघर्ष करती दिखी।

## डिकॉक और दुसें का प्रहार, न्यूजीलैंड को बनाने होंगे 358



**पुणे** 1 नवंबर (एजेंसियां)। क्विंटन डिकॉक(114) और रासी वान दर दुसें (133) के बीच दूसरे विकेट के लिये 200 रन की साझीदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 357 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की रनो से भरपूर पिच पर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में मदद मिली,नतीजन डिकॉक और कप्तान तेम्बा बवूमा (24) को खेलने में परेशानी नजर आयी। कुछ अच्छी बाउंड्री से दर्शकों की वाहवाही लूट चुके बवूमा हालांकि नौवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने जिनका कैच स्लिप में खड़े मिचेल सैंटनर ने लपका मगर नये बल्लेबाज दुसें के क्रीज पर आते ही रनो की रफ्तार तेज हो गयी। दुसें और डिकॉक ने कीवी गेंदबाजों को बगैर कोई मौका दिये मैदान के चारों ओर रन बटोरना शुरु कर दिया। खतरनाक रूप ले चुकी इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान टॉम लेथम ने बदल बदल कर गेंदबाजों को लगाया। इस बीच डिकॉक ने 98 के स्ट्राइक रेट से विश्व कप में अपना चौथा शतक पूरा किया। उनके एक दिवसीय करियर का यह 21वां शतक था। दूसरे छोर में दुसें ने भी अपनी शतकीय पारी के दौरान 118 गेंद खेल कर नौ चौके और पांच छक्के लगाये। न्यूजीलैंड के अनुभवी टिम साउदी ने 40वें ओवर में डिकॉक का विकेट लेकर अपनी टीम को राहत पहुंचायी मगर तब तक दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर को ओर बढ़ चली थी। नये बल्लेबाज डेविड मिलर (53) ने तूफानी अंदाज में कीवी गेंदबाजों पर प्रहार किया और मात्र 30 गेंदो में दो चौके और चार छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच दुसें टिम साउदी के दूसरे शिकार बने जबकि मिलर का विकेट जिमी नीशम ने उखाड़ा।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | ` | ` | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | ` | 1` |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | ` | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | ` | 8 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | ` | 6 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | ` | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | ` | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | ` | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | ` | 2 |

## बाबर आजम स्पिन के खिलाफ सहज नहीं दिखाई देते : रमीज राजा

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी पारी की शुरुआत में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में सहज महसूस नहीं करते हैं और उन्होंने बाद में उन्हें शतक के साथ वापसी करने की सलाह दी। आईसीसी विश्व कप 2023 के अब तक सात मैचों में बाबर ने 30.85 की औसत से 216 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। सात पारियों में से, वह स्पिनरों कॉलिन एकरमैन, मेहदी हसन मिराज, नूर अहमद, तबरेज़ शम्सी और एडम ज़म्पा द्वारा पांच बार आउट हुए हैं।

रमीज ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए बाबर को टर्निंग ट्रैक पर स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए स्वीप शॉट खेलने का सुझाव दिया, यदि आप उसकी बल्लेबाजी में गलती ढूंढना चाहते हैं, तो जब वह पारी की शुरुआत करता है तो स्पिन के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी होती है। रमीज ने कहा, स्पिन के खिलाफ वह उतना धाराप्रवाह नहीं है जितना वह तब होता है जब वह गति का सामना कर रहा होता है। मुझे नहीं पता कि यह उसका फुटवर्क है या यह उसके दिमाग में है, या क्या उसके पास बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं क्योंकि वह स्वीप शॉट नहीं खेलता है। धीमी पिचों पर आपको स्वीप शॉट खेलने की जरूरत होती है।



बाबर का स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष मौजूदा विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लिए एक बड़ा झटका है। रमीज़ को लगता है कि इस तरह से आउट होने से बल्लेबाज के आत्मविश्वास में कमी आती है। उन्होंने कहा, जब भी वह आक्रामक रहा है, वह आउट भी हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने जोरदार छक्का लगाया और फिर गलत समय पर आउट हो गए। रमीज ने कहा, उसे बस शतक तक पहुंचने के लिए मेहनत करने की ज़रूरत है जहां वह गति, स्पिन का सामना करता है और अपनी भूमिका के बारे में सहज महसूस करता है। वह पूरी तरह से आउट ऑफ टच नहीं है, वह अभी भी गेंद को मिडल कर रहा है, लेकिन ऐसा है कि जब वह स्पिन के खिलाफ अपनी पारी शुरू करता है, तो वह थोड़ा घबराया हुआ दिखता है।

पाकिस्तान मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और उसका सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन अभी भी बरकरार है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा।

## बीसीसीआई ने दिल्ली, मुंबई मैच में पटाखों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने दिल्ली और मुंबई में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को देखते हुए इन दोनों शहरों में विश्व कप के शेष मैचों के दौरान आतिशबाजी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुंबई 2 नवंबर (भारत बनाम श्रीलंका), 7 नवंबर (ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान) और 15 नवंबर को सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि दिल्ली बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच अपने आखिरी लीग मैच की मेजबानी 6 नवंबर को करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को एक मीडिया बयान में कहा, बीसीसीआई पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। मैंने इस मामले को औपचारिक रूप से आईसीसी के सामने उठाया और मुंबई में कोई आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं होगा, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। बोर्ड पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने प्रशंसकों और हितधारकों के हितों को हमेशा सबसे आगे रखेगा। बीसीसीआई मुंबई और नई दिल्ली दोनों में वायु गुणवत्ता को लेकर तत्काल चिंता को स्वीकार करता है जबकि हम क्रिकेट के उत्सव के अनुरूप आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करने का प्रयास करते हैं, हम अपने सभी हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। उपर्युक्त दोनों शहर हवा की बहुत खराब गुणवत्ता का सामना कर रहे हैं, दिल्ली में बुधवार को 372 के एक्यूआई के साथ बहुत खराब दर्ज किया गया, जबकि मुंबई 150-200 के एक्यूआई के साथ खराब श्रेणी में था।

## हार्दिक पांड्या श्रीलंका, द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो सकते हैं : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या मौजूदा विश्व कप 2023 में चोट के कारण श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से भी बाहर हो सकते हैं। हार्दिक पांड्या पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे। गेंद को रोकने के प्रयास में हार्दिक का दाहिना टखना मुड़ गया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। फिर, पांड्या को रिहैब के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, बेंगलुरु भेजा गया था जिससे वो जल्द से जल्द फिट होकर वापसी कर सकें। हालांकि, इस ऑलराउंडर के इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर के मुकाबले के लिए सीधे लखनऊ में टीम में शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन लिगामेंट की चोट के कारण उन्हें उस मैच से भी बाहर बैठना पड़ा। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट मेडिकल टीम एनसीए के साथ लगातार संपर्क में है। अगले कुछ दिनों में उनकी फिटनेस पर अपडेट मिलने की उम्मीद है। मगर वह श्रीलंका और दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। टीम में हार्दिक पांड्या की कमी मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव ने पूरी की। शमी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से विश्व कप के अब तक सिर्फ दो मैचों में 9 विकेट लिए हैं। सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 रन पर आउट हो गए लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेलकर वापसी की। भारत अंक तालिका में शीर्ष पर है और इतने ही मैचों में छह जीत के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले उन्हें गुरुवार को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है।



## शमी को उनकी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है : सिद्दीकी

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के लिए विश्व कप 2023 के पहले चार मैच नहीं खेलने के बावजूद, मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो मैचों में अपने महत्वपूर्ण स्पैल से बेहद प्रभावशाली रहे हैं। चाहे धर्मशाला हो या लखनऊ का मैदान, शमी ने गेंद को दोनों तरफ घुमाया है और बल्लेबाजों को तेजी से छकाते हुए (5-54) और (4-22) के खतरनाक स्पैल के साथ वापसी की है। पहले चार मैचों तक बाहर रहने वाले मोहम्मद शमी को चोटिल हार्दिक पांड्या की जगह टीम में मौका मिला। मगर उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से अब अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बीच शमी के बचपन के कोच ने आईएएनएस से खास बातचीत की। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, किसी भी चीज में पूर्णता प्राप्त करने के लिए, आपको बहुत मेहनत करनी होगी और जुनून ऐसा होना चाहिए कि लोग आश्चर्यचकित रह जाएं। जब कोई किसी कौशल में महारत हासिल करने के लिए उस स्तर की कड़ी मेहनत करता है, तब उसे उसका फल भी मिलता है।

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड के मैट हेनरी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बीच ओवर में मैदान से बाहर चले गए

**पुणे।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को बुधवार को यहां एमसीए स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 223 मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बीच में ही मैदान छोड़ना पड़ा। हेनरी प्रस्थान करने से पहले अपने छठे ओवर में तीन गेंदें डालने में सफल रहे, जिमी नीशम ने शेष गेंदों को पूरा करने के लिए कदम बढ़ाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, छठे ओवर के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस होने के बाद मैट हेनरी फिलहाल पुणे में मैदान से बाहर हैं। इसमें कहा गया है, आगे के आकलन के बाद वह इस स्तर पर मैदान पर नहीं लौटेंगे। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनकी चोट न्यूजीलैंड टीम के लिए नवीनतम झटका है, उनके कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन क्रमशः अंगूठे और अकिलिस चोटों के कारण पहले ही बाहर हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, मार्क चैपमैन को पिंडली की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड विश्व कप लीग चरण में छह मैचों में चार जीत के साथ तीसरे स्थान पर है। सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए वे पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैचों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### चोट लगने के कारण मैक्सवेल इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल सोमवार को गोल्फ से संबंधित घटना में चोट लगने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए हैं। यह समझा जाता है कि मैक्सवेल अपने निर्धारित अवकाश के दिनों में शाम को क्लब हाउस से टीम बस की ओर लौटते समय गोल्फ कार्ट के पिछले हिस्से को पकड़ रहे थे, तभी उनकी पकड़ छूट गई। उनके छह से आठ दिनों तक कन्कशन प्रोटोकॉल के तहत रहने की उम्मीद है। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने कहा, वह अपनी दी गई जानकारी के प्रति ईमानदार है। वह अच्छा कर रहा है, वह आज कुछ हल्के अभ्यास शुरू करेगा और हमें लगता है कि यह प्रोटोकॉल खेलने के लिए काफी सीधी वापसी होगी। मान लीजिए कि भाग्यशाली बात यह थी कि कोई अन्य चोट नहीं लगी थी। अभी जो है, उससे कहीं अधिक खराब स्थिति हो सकती थी। उन्होंने कहा, सोचिए निष्पक्ष होने के लिए इसने सभी को चौंका दिया जब यह निष्कर्ष निकला कि एक चोट थी और वह एक मैच से चूक जाएगा। पूरे दिन व्यवहार में कुछ भी अप्रिय नहीं था, यह एक स्पष्ट दुर्घटना थी और दुर्भाग्य से, इसमें समझौता हो गया है हम एक टीम के रूप में क्या कर रहे हैं।

## नवनीत व संगीता के एक-एक गोल से भारत ने जापान को हरा लगातार चौथी जीत दर्ज की

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर नवनीत कौर और संगीता कुमारी के एक-एक गोल की बदौलत भारत की महिला हॉकी टीम ने जापान को रांची में मंगलवार रात रोचक संघर्ष में राउंड रॉबिन लीग मैच में 2-1 से हरा कर झारखंड महिला एशियन ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पराजित जापान की ओर से एकमात्र गोल काना उराता ने दागा।



अपनी डच कोच यांकी शॉपमैन के मार्गदर्शन मे भारत की शुरू से ही आक्रामक हॉकी खेलने की रणनीति से जापान की टीम बौखला गई। जापान ने भारत के हमलों को नाकाम करने के लिए पूरी ताकत अपनी किले की चौकसी पर लगा दी। जापान ने इसके बाद जवाबी हमले बोल कर वापस भारत पर दबाव बना लिया। जापान को पहले क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाई। जापान की गोलरक्षक अकियो तनाका ने गजब की मुस्तैदी दिखाते हुए दूसरे क्वॉर्टर में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर को रोकने के साथ उसके गोल करने के हमले नाकाम कर उसे शुरू के दो क्वॉर्टर में गोल करने से रोके रखा। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने तीसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में डी में पहुंच दनदनाता शॉट जमा गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। काना उराता के छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने एक एक की बराबरी पा ली। जापान के बराबरी पाने के बाद लगातार हमले बोल कर भारत ने पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन तीसरे हाफ में अकियो तनाका की जगह उतरने वाली जापन की गोलरक्षक अइका नाकामुरा ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर भारत को फिर बढ़त लेने से रोक दिया और तीसरे क्वॉर्टर की समाप्ति पर दोनों टीमें एक एक गोल से बराबर रही।

भारत ने दनादन हमले बोल कर चौथे क्वॉर्टर के रूप मे ही लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। संगीता ने तीसरे पेनल्टी पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद को संभाल गोल कर भारत को चौथे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने बराबरी पाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी लेकिन भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर उसकी हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत अब अपने और अंतिम पूल मैच में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से रात साढ़े आठ बजे भिड़ेगा।

## वर्ल्ड कप के बाद डेविड विली लेंगे संन्यास

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की है कि वह भारत में खेले जा रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

33 साल के डेविड विली एक खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, भारत में खेले जा रहे मेगा-इवेंट में वो अपनी टीम के लिए कुछ खास नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि विली का संन्यास लेने का निर्णय ईसीबी के 2023-24 चक्र के लिए उन्हें केंद्रीय अनुबंध की पेशकश नहीं करने के फैसले के बाद आया है।



विली ने विश्व कप में अपने तीन मैचों में पांच विकेट लिए हैं। जिसमें भारत के खिलाफ मैच में तीन विकेट (केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव) और निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन शामिल हैं। विली ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में लिखा, मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। मैंने बचपन से केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। मैंने बहुत विचार करने के बाद और बहुत अफसोस के साथ यह फैसला लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मैं विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा।

विली ने मई 2015 में आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड में डेब्यू किया और इयोन मोर्गन, ट्रेवर बेलिस और एंड्रयू स्ट्रॉस की कप्तानी में खेले। उन्होंने अब तक 70 वनडे मैचों में 94 विकेट लिए हैं और 43 टी20 में 51 विकेट चटकाए। अपने करियर में उतार-चढ़ाव भरे सफर के बाद विली 2019 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की अंतिम टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चयन में शामिल करने के लिए अंतिम समय में उन्हें हटा दिया गया।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| सन फार्मा | 2.67 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.47 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.35 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.15 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.02 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 2.04 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.81 प्रतिशत |
| मारुति | 1.61 प्रतिशत |
| जएसडब्ल्यू स्टील | 1.54 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.34 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# भारतीय रेलवे ने की 887.25 टन माल ढुलाई

- रेलवे अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान भारतीय रेलवे ने 887.25 टन की माल ढुलाई की
- पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 टन अधिक है




**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे चालू वित्त वर्ष के सात माह में 887.25 टन माल ढुलाई करके नया रिकॉर्ड कायम किया है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान भारतीय रेलवे ने 887.25 टन की माल ढुलाई की जबकि पिछले साल की पहले सात माह में माल ढुलाई 855.64 टन थी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 टन अधिक है। रेलवे ने पिछले वर्ष अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 92345.27 करोड़ रुपये अर्जित किये थे, इसकी तुलना में इस वर्ष इसी अवधि में लगभग 3584.03 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 95929.30 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं।

आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2022 में 118.95 टन के लदान की तुलना में, इस वर्ष अक्टूबर माह में 129.03 टन की माल ढुलाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.47 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2022 में माल ढुलाई से 13353.81 करोड़ रुपये की आय हुई थी, इसकी तुलना में बीते माह 14231.05 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.57 प्रतिशत अधिक है।

भारतीय रेलवे ने अक्टूबर 2023 के दौरान, कोयला 64.82 मिलियन टन, लौह अयस्क 14.81 मिलियन टन, कच्चा लोहा और फिनिश्ड स्टील 5.74 मिलियन टन, सीमेंट (इएक्?ससीएल्. क्लिंकर) 6.32 मिलियन टन , क्लिंकर 4.77 मिलियन टन , खाद्यान्न 3.62 मिलियन टन, उर्वरक 5.72 मिलियन टन, खनिज तेल 4.35 मिलियन टन, कंटेनर 7.15 मिलियन टन और शेष अन्य वस्तुओं में 8.55 मिलियन टन माल ढुलाई की।

## अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने आज कहा कि आकलन वर्ष 223-24 के लिए 31 अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। विभाग ने यहां आंकड़े जारी करते हुये समय पर अनुपालन के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना की और कहा कि 31 अक्टूबर आईटीआर 7 को छोड़कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। विभाग ने अब तक रिटर्न नहीं दाखिल करने वालों से समय पर कर अनुपालन करने की भी अपील की है।




आंकलन वर्ष 223-24 के लिए 31 अक्टूबर तक दाखिल कुल रिटर्न अब का सर्वाधिक 7.85 करोड़ रिटर्न रहा है जबकि आंकलन वर्ष 222-23 के लिए 7.78 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये थे। विभाग ने कहा कि आंकलन वर्ष 223-24 के लिए दाखिल रिटर्न में से 7.51 करोड़ का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापित 7.51 करोड़ रिटर्न में से 7.19 करोड़ रिटर्न 31 अक्टूबर तक प्रोसेड किया जा चुका है जो कुल सत्यापित रिटर्न का 96 प्रतिशत है।

## 'जेम पर सेवाओं की खरीद इस वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है'

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के ई मार्केट पोर्टल जेम पर सेवाओं की खरीद फरोख्त तेजी से बढ़ रही है और वर्ष 2023-24 में इस पर सेवाओं की सकल खरीद-बिक्री का स्तर 1.50 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। यह अनुमान जेम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने व्यक्त किया है।




जेम पोर्टले के सीईओ पीके सिंह ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 30 अक्टूबर, 2023 तक के रुझानों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में में जेम पर सेवाओं की खरीद 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि 2019 में इस पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों और उपक्रमों ने 3069 करोड़ रुपये मूल्य की सेवाओं की खरीद की थी और 2022-23 में यह 66 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गयी।

श्री सिंह ने बताया कि 2019-20 में जेम पर खुई सकल खरीद-फरोख्त के मूल्य के हिसाब से सेवाओं का हिस्सा 13.4 प्रतिशत था जो 2020-21 में 22 प्रतिशत, 2021-22 में 23.1 प्रतिशत और 2022-23 में 32.8 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष में अब तक सेवाओं का हिस्सा 47 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने जेम पोर्टल की शुरुआत अगस्त 2016 में की थी और तमाम विभागों, मंत्रालयों और उनके उपक्रमों को बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं की खरीद इसी आनलाइन सुविधा के माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया था। जेम पर आज 63,000 सरकारी इकाइयां खरीदार के रूप में पंजीकृत है। इनमें राज्य सरकारें और केंद्रीय पुलिस बलों के संगठन भी हैं।

इसके माध्यम से सेवा और वसतुओं की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या 62 लाख तक पहुंच गयी है। श्री सिंह ने बताया कि आज कुशल, अर्धकुशल तथा कुशल श्रम-शक्ति की सेवाएं जेम के जरिए क्रय की जा सकती हैं। पिछले वित्त वर्ष में इस पोर्टल से श्रमि-शक्ति की सेवाओं के लिए 40 हजार ठेके जारी किए गए थे।

## एलएंडटी ने फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइनिंग में किया प्रवेश



**मुंबई,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। लार्सन एंड टुब्रो एक सहायक कंपनी स्थापित करके फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन में प्रवेश कर रही है। कंपनी के बोर्ड ने 830 करोड़ रुपये तक के निवेश के साथ फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन और उत्पाद स्वामित्व के व्यवसाय में संलग्न होने के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के निगमन को मंजूरी दे दी।

एलएंडटी के मुख्य वित्तीय अधिकारी आर शंकर रमन ने कंपनी द्वारा 2023-24 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा के बाद संवाददाताओं से एक कॉन्फ्रेंस कॉल में यह बात कही, हम फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए डिजाइन तैयार करेंगे। हमने डिजाइन के अंत तक बने रहने का फैसला किया है क्योंकि इसे पेटेंट कराया जा सकता है और यह सबसे मूल्यवान होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी की रणनीति आपूर्ति श्रृंखला के कम निवेश वाले हिस्से पर ध्यान केंद्रित करने की है। यह देखते हुए कि वैश्विक निर्माता, विशेष रूप से चीन में, कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इसकी विनिर्माण क्षेत्र में उतरने की कोई योजना नहीं है। रमन ने कहा, हमारा मानना है कि (सेमी-कंडक्टर चिप) विनिर्माण क्षेत्र में चीनी, ताइवानी और कोरियाई कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में बहुत समय लगेगा, इसलिए यह वह क्षेत्र नहीं है जिसे हम इस समय लक्षित कर रहे हैं।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर बुधवार को अब तक के सबसे निचले स्तर 83.33 पर पहुंच गया। विदेशी फंडों ने शेयर बाजारों से पैसा निकालना जारी रखा और मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते तेल की कीमतों में इजाफा हुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक पर अमेरिकी ग्रीनबैक भी मजबूत हुआ, जो 0.20 प्रतिशत बढ़कर 106.87 पर पहुंच गया। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर खुला और निचले स्तर 83.35 तक गिर गया। हालांकि, कुछ उतार-चढ़ाव के बाद, यह आखिरकार पिछले दिन के मुकाबले 9 पैसे कम होकर 83.33 पर अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय रुपए को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी बांड पर अधिक यील्ड के



कारण भारतीय शेयर बाजारों से पैसा बाहर जा रहा है और वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने डॉलर की मांग बढ़ा दी है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, हालांकि आरबीआई अपने भंडार से अमेरिकी डॉलर जारी कर रुपए को स्थिर करने में कुछ हद तक सफल रहा है, लेकिन यह एक हद से आगे नहीं जा सकता। हाल के हफ्तों में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार गिर रहा है। रुपए को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.29 से नीचे गिरने से रोकने के लिए आरबीआई ने अक्टूबर में विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार हस्तक्षेप किया। शुक्रवार को जारी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 20 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.36 अरब डॉलर घटकर 583.53 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह हालांकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.15 अरब डॉलर बढ़ गया था, जिसने पिछले पांच हफ्तों में लगातार गिरावट को रोक दिया। 6 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14.166 अरब डॉलर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 584.74 अरब डॉलर पर आ गया था। ताजा गिरावट के साथ, विदेशी मुद्रा भंडार और भी गिर गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपए को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम है, जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो जाएगी।


# कमोडिटीज, धातु और पावर समूह में भारी बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई** 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमरेकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर चल रही बैठक के निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से आजा शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूट गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.60 अंक का गोता लगाकर 63591.33 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.45 अंक की गिरावट लेकर 18989.15 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.35 प्रतिशत उतरकर 31,136.68 अंक और स्मॉलकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 36,883.01 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3783 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में बिकवाली जबकि 1637 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां लाल जबकि 14 हरे निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूह बिकवाली के दबाव में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 1.18, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.17, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.33, इंडस्ट्रियल्स 0.45, आईटी 0.75, यूटिलिटीज 1.13, ऑटो 0.55, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.59, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 1.45, पावर 1.19, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.15 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.06 प्रतिशत फिसल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 2.41 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.14 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 45 अंक उतरकर 63,829.87 अंक पर खुला लेकिन लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 63,896.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 63,550.46 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 63,874.93 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत गिरकर 63,591.33 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 16 अंक फिसलकर 19,064.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,096.05 अंक के उच्चतम जबकि 18,973.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,079.60 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत टूटकर 18,989.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 2.04, टाटा स्टील 1.81, मारुति 1.61, जएसडब्ल्यू स्टील 1.54, एनटीपीसी 1.34, एलटी 1.18, इंफोसिस 1.10, एक्सिस बैंक 1.06, टीडीएस 1.06, टेक महिंद्रा 0.75, पावरग्रिड 0.59, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, विप्रो 0.26, टाटा मोटर्स 0.18, एचडीएफसी बैंक 0.13, आईटीसी 0.13 और आईसीआईसीआई बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 2.67, बजाज फिनसर्व 0.47, रिलायंस 0.35, एसबीआई 0.15 और भारती एयरटेल ने 0.02 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91315 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 42127 करोड़ रुपये भी शामिल है। क्षतिपूर्ति अधिभार के रूप में 12456 करोड़ रुपये संग्रहित हुये हैं जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1294 करोड़ रुपये भी शामिल है।




सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 42873 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 36614 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 72934 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 74785 करोड़ रुपये रहा है।

## सार संक्षेप

### दो हजार मूल्य के 97 प्रतिशत बैंक नोट आरबीआई के पास लौटे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज कहा कि प्रचलन से हटाये गये दो हजार मूल्य के 97 प्रतिशत बैंक नोट उसके पास वापस आ गये हैं। केन्द्रीय बैंक ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 19 मई 223 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय लिया गया था और उस समय 3.56 लाख करोड़ मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। 31 अक्टूबर तक प्रचलित दो हजार मूल्य के बैंक नोट में से 97 प्रतिशत वापस आ गये हैं जबकि`.1 लाख करोड़ मूल्य के बैंक नोट नहीं आये हैं। उसने कहा कि दो हजार रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा है और जिन लोगों के पास है वे उसके 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं। इसके लिए लोगों को क्षेत्रीय कार्यालय तक जाने की जरूरत भी नहीं है और वे भारतीय डाक से भेजकर बदल सकते हैं।

### एसबीआई ने जुटाये 1 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में बेसल तीन अनुपालन के अनुरूप टियर 2 बांड के जरिये 1 हजार करोड़ रुपये जुटाये हैं। बैंक ने आज यहां बताया कि 7.81 प्रतिशत कूपन दर यह राशि जुटायी गयी है। इसकी परिपक्वता अवधि 15 वर्ष है लेकिन 1 वर्ष के बाद पहले विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। बैंक के इस निर्गम को निवेशकों से 1597 करोड़ रुपये या मूल इश्यु चार हजार करोड़ रुपये से करीब चार गुना अधिक अभिदान मिला। निवेशकों ने कुल 98 बोलियां लगायी।

### भारत ने रूस से कच्चे तेल के आयात में की कटौती, अक्टूबर में सऊदी से अधिक खरीददारी

**नई दिल्ली।** रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात सितंबर की तुलना में अक्टूबर में 4 प्रतिशत से अधिक गिर गया। एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा द्वारा संकलित आंकड़ों से ये बात पता चली है। भारत ने अक्टूबर में रूस से 1.55 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात किया, जो सितंबर में 1.62 मिलियन बीपीडी से कम है। हालांकि, रूस भारत के लिए सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जिसका देश के कुल कच्चे तेल आयात में एक तिहाई से अधिक का योगदान है। अक्टूबर में आयात में गिरावट की मुख्य वजह रूस द्वारा दी जा रही छूट में कमी है। इसके कारण कीमत रूसी तेल पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाई गई 6 डॉलर प्रति बैरल की सीमा से ऊपर बढ़ गई है। इसके चलते खरीददारों को भुगतान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, जहां रूस से आयात कम हुआ है, वहीं भारत ने अक्टूबर में सऊदी अरब से कच्चे तेल की खरीद को पिछले महीने के 5,23` बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़ाकर 9,24` बैरल प्रति दिन कर दिया है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में लगातार वृद्धि हुई और देश ने सऊदी अरब और इराक को पीछे छोड़ दिया, जो भारत के पहले दो शीर्ष आपूर्तिकर्ता थे।

## खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा

**नई दिल्ली,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठा कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा जबकि गेहूं के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 3588 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट गिरकर 51.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं में 100 रुपये प्रति क्विंटल को तेजी रही जबकि चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# उत्तर प्रदेश में टमाटर के बाद प्याज के दाम आसमान पर

**लखनऊ,** 1 नवंबर (एजेंसियां)। टमाटर के बाद अब प्याज त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रहा है। खुदरा बाजार में प्याज की कीमत पिछले एक सप्ताह में दोगुनी हो गई हैं, जो 30-35 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 60-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

पिछले चार महीनों में यह दूसरी बार है जब अगस्त के बाद प्याज की कीमतें बढ़ी हैं, जब प्याज 100 रुपये के पार पहुंच गया था। कुछ महीने पहले टमाटर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद इसने रसोई के बजट पर दबाव डाला है। प्याज की कीमतों में यह वृद्धि परिवारों और रेस्तरां वालों के लिए परेशानियों का सबब बनी हुई है। व्यापारियों को चिंता है कि आने वाले महीनों में कीमतें बढ़ती रह सकती हैं। प्याज की ऊंची कीमतों के कई कारण हैं।



थोक विक्रेताओं के अनुसार, इस साल की शुरुआत में खराब मौसम, ज्यादा गर्मी, नियमित बारिश के कारण प्याज की फसल खराब हो गई, जिसके चलते थोक प्याज की कीमतें बढ़ गईं।

सीतापुर मंडी के एक व्यापारी पप्पू सोनकर ने बताया, वर्तमान में हमें स्थानीय बाजार में केवल 20-30 ट्रक प्याज मिल रहा है। हाल ही में पड़ोसी राज्य में प्याज व्यापारियों की हड़ताल से भी आपूर्ति बाधित हुई, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हुई। कई रेस्तरां पहले ही सलाद की प्लेटों से प्याज हटा चुके हैं, जबकि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं ने भी प्याज का उपयोग कम कर दिया है।

पुराने शहर में रेस्टोरेंट चलाने वाले नजमुल हसन ने कहा, प्याज की बढ़ती कीमत हमारे कारोबार पर काफी दबाव डाल रही हैं। प्याज हमारे मांसाहारी व्यंजनों में महत्वपूर्ण है और जब इसकी कीमतें बढ़ती हैं, तो यह हमारे भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। बड़े रेस्तरां के विपरीत, हम सलाद और प्याज के लिए अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकते हैं, और इससे हमारे लिए लाभदायक बने रहना मुश्किल हो रहा है।

# शुरू हुआ एटीआर में सैर सपाटा

## पर्यटक जिप्सी से करगें वन्यप्राणियों का दीदार





**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। आज 1 नवम्बर को अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत जंगल सफारी का शुभारंभ किया गया। वर्षा ऋतु के बाद आज से पर्यटकों के लिये जंगल सफारी खोल दिया गया है। सहायक संचालक अचानकमार टाईगर रिजर्व कोर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी के लिए जिप्सी रवाना किया गया।

इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अचानकमार एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। सुबह पाली में 1 जिप्सी बुकिंग तथा शाम पाली में 1 जिप्सी आज दिनांक को बुकिंग हुआ। सुबह पाली में जंगल सफारी हेतु पहुंचे पहले पर्यटकों का गुलदस्ते से स्वागत किया गया।

आगामी दिनों में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। गाईड एवं ड्राईवर को अचानकमार टाईगर रिजर्व के इतिहास के संबंध में पर्यटकों को विस्तृत जानकारी देने हेतु आवश्यक निर्देशित किया गया है।

सतपुड़ा मैकल की पहाड़ियों से अचानकमार टाईगर रिजर्व घिरा हुआ है। जंगल सफारी हेतु 7 जिप्सी एवं 1 बस उपलब्ध है। यहाँ चारों ओर की खूबसूरती, प्राकृतिक वातावरण और मन को खुशी से भर देने वाली शांती का अनुभव होता है। इस जगह पर आकर आप खुद को प्रकृति की गोद में पाएंगे। जंगल सफारी के दौरान पयटकों को टाईगर, तेंदुआ, भालू, सोनकुत्ता, बाइसन, चीतल, सांभर, मोर, खरगोश आदि वन्यप्राणी देखने को मिलता हैं।

# सिम्स को लेकर हाईकोर्ट सख्त: पूरी व्यवस्था आईएएस अधिकारी को सौंपने के दिए आदेश

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने सिम्स की अव्यवस्था को लेकर सख्त आदेश दिए है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सिम्स में एक पूर्णकालिक आई.ए.एस. अफसर की तैनात करने के आदेश दिए है।



कोर्ट ने महाधिवक्ता को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्य सचिव से बात कर सिम्स में आई.ए.एस. अफसर की पोस्टिंग तुरंत कराएं।

चीफ जस्टिस के बेंच में आज मामले की सुनवाई हुई, कोर्ट ने सिम्स प्रबंधन के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि 15 दिन बाद कोर्ट कमिश्नर और हेल्थ सिक्रेट्री की टीम अलग अलग सिम्स की जांच करें कि उसमे कितना सुधार हुआ है। गौतलब है की सिम्स की खामियों पर मीडिया में प्रकाशित खबरों को संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस ने पीआईएल दर्ज किया है। सिम्स की व्यवस्था से मरीजों की लगातार हो रही मौत पर चिंता जाहिर की थी।

प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने न्याय मित्र की टीम गठित कर सिम्स मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। न्यायामित्रों को रिपोर्ट में वीडियो ग्राफी और फोटोग्राफ्स भी देने के निर्देश दिए थे। जब निरीक्षण के बाद न्याय मित्रों ने रिपोर्ट सौंपी तो उसे देखकर हाईकोर्ट सकते में आ गया। कोर्ट ने वीडियो क्लिप और डीएम की रिपोर्ट में जमीन आसमान का अंतर होने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि यंग आईएएस से बहुत उम्मीद रहता है किंतु यह कैज्यूवल रिपोर्ट है।

हाईकोर्ट ने सिम्स मेडिकल कॉलेज में इलाज के नाम पर लापरवाही और अव्यवस्था को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने सुनवाई में उपस्थित अधिकारियों और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की थी। इस नाराजगी के बाद स्वास्थ विभाग में हड़कंप मच गया था। विभाग के आला अधिकारी भी सिम्स पहुंचकर निरीक्षण किया था।

## सार-संक्षेप

### एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष बने लक्की मिश्रा

**बिलासपुर,** 1 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय राष्टीय छात्र संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के युवा प्रदेश महासचिव लक्की मिश्रा ( शुशांक ) के पूर्व कार्यकाल को देखते हुए पदोन्नति कर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी सौपी है । लक्की मिश्रा की पदोन्नित को देख कर राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल , युवा विधायक देवेन्द्र यादव , युवा काँग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा , बिलासपुर, बेलतरा विधानसभा के छात्रों ने खुशी जाहिर की है । लक्की मिश्रा के पूर्व कार्यकाल को देख कर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौपी गयी है।



### पुलिस चेकिंग में पकड़ाया सवा 3 लाख का चांदी



**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक के आदेश से विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने एवं अवैध सामग्री जप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है, जिसमें लगातार जिले में सघन वाहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में थाना तोरवा द्वारा एफ.एस.टी. और आर.पी.एफ. के सहयोग से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मुखबिर की सूचना पर अवैध चांदी के विभिन्न किस्म के जेवर पाए जाने पर और मौके पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होना पाये जाने से 102 जाफौ. के तहत चांदी के जेवर 4 किलो 660 ग्राम कुल कीमती 325000 रूपये को जप्त किया गया है।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,** 1 नवंबर (देशबन्धु) । आगामी विधान सभा चुनाव के मददेनजर थाना सिविल लाइन के समस्त स्टाफ को थाना क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने हिदायत दिया गया है। आज टाउन भ्रमण के दौरान मगरपारा चौक के पास आदतन बदमाश शिव कुमार उर्फ पप्पू डहरिया पिता शंभू डहरिया उम्र 35 वर्ष निवासी शेर गली जरहभाठा जिला बिलासपुर के द्वारा एक बटनदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना थाना सिविल लाईन को मिलने पर तत्काल उपनिरीक्षक बघेल प्रधान आरक्षक हरप्रसाद डहरिया के हमराह आरक्षक मनोज साहू को आवश्यक हिदायत के साथ मौके पर भेजकर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। जिसके कब्जे से एक नग बटनदार चाकू जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना सिविल लाईन उपनिरीक्षक बघेल, प्रधान आरक्षक हरप्रसाद डहरिया, आरक्षक मनोज साहू, का विशेष योगदान रहा।

# जिला ऑटो संघ के सदस्यों ने ली शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। स्वीप गतिविधियों के तहत सेक्रसा स्टेडियम बिलासपुर में स्वीप संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला ऑटो संघ के सदस्यों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल ने शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी की शपथ दिलाई और स्वीप का दूत नियुक्त करते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा।



जिला परिवहन कार्यालय और यातायात विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल ने कहा कि ज़िले में पिछले विधानसभा चुनाव में वोटिंग का प्रतिशत कम था और इस बार ''शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान'' ये संकल्प लेकर हम आगे बढ़ें हैं। हमें जिले के हर नागरिक को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने ऑटो संघ के सदस्यों से अपील की कि वे अपने ऑटो के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश का प्रसार करें और हर मतदाता को चुनाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करने में अपनी भूमिका निभाएं। श्री अग्रवाल ने ऑटो चालकों से ऑटो में बैनर, फ्लेक्स के जरिए और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए वीडियो ज़िला प्रशासन द्वारा दिए गए वाट्सअप नंबर पर साझा करने का आग्रह किया और उत्कृष्ट वीडियो को पुरुस्कृत करने की घोषणा की।

कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी अनुभव शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑटो चालकों की भूमिका लोगों को गंतव्य तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण है हजारों लोग आपके संपर्क में रोज आते हैं ऐसे में यदि आप लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते है तो लोकतंत्र के इस महापर्व में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी उन्होंने कहा कि वर्ष में एक बार आने वाला ये पर्व किसी राज्य के भविष्य को निर्धारित करता है एक एक मत बहुत कीमती है ऐसे में ये जरूरी है कि हम सब इस महापर्व में भागीदारी निभाएं और स्वयं के साथ दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में ऑटो संघ के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और सभी सदस्यों को शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की शपथ दिलाई गई। ऑटो चालकों ने अपने ऑटो के माध्यम से वोट 100 प्रतिशत का आकार बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कैलाश दीदी का शहर आगमन

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कैलाश दीदी का शुभ आगमन हो रहा है। पिताश्री ब्रह्मा बाबा के पालना में पली आदरणीय दीदी जी गुजरात गांधीनगर की सेवाएं संभाल रही है। उनके सानिध्य का लाभ लेने व आशीर्वचन प्राप्त करने आज सद्गुरुवार के दिन संध्या 6 से 8 बजे तक योग साधना कार्यक्रम आयोजित है। कैलाश दीदी जी सभी भाई बहनों से मिलेगी व अपने अनुभवों से सभी साधकों को लाभान्वित करेंगी। सभी को दीदी जी के द्वारा ईश्वरीय वरदान व टोली दिया जाएगा। आज राजयोग शिविर के सत्र में पिताश्री ब्रह्मा बाबा का जीवन परिचय देते प्रीति बहन ने बताया कि वेद शास्त्रो के ज्ञाता, बारह गुरूओं के सानिध्य के बाद जब सतगुरु परमात्मा की प्रवेशता दादा लेखराज मे हुआ तो उनका जीवन एकदम से परिवर्तित हो गया और उन्होंने सर्वस्व परमात्मा के कार्य मे समर्पित कर दिया। ब्रह्मा बाबा अलग-अलग नाम से प्राय: सभी धर्मों के आदर्श है। उनके पवित्रता आदर्श को अपनाकर लाखो भाई बहन गृहस्थ मे रहते पवित्र जीवन जी रहे है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| विज्ञापन क्र. | पद नाम | रिक्त | श्रेणी/ समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|---|
| CRPD/SCO/2023-24/23 | सर्किल डिफेन्स बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) | 1 | - |
| CRPD/SCO/2023-24/24 | बिजनेस विश्लेषक | 1 | एमएमजीएस II |

आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए बैंक की करियर वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें. आवेदन करने के लिए, हमारे करियर पेज (**https://bank.sbi/careers/current-openings**) पर जाएं।

- **ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 21.10.2023 से 10.11.2023 तक**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 21.10.2023
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में जुटी पुलिस

**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिलासपुर जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं नशे के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा है। इस वर्ष अब तक रिकॉर्ड 17,079 लीटर शराब और आचार संहिता के दौरान 2,179 लीटर अवैध शराब जप्त की जा चुकी है।



इसमें आचार संहिता लागू होने के पश्चात माह अक्टूबर में तीन हफ्ते में कार्यवाहियों में और तेजी लाते हुए अब तक 2179 लीटर अवैध शराब जप्त हुई है।

जबकि पिछले वर्ष 2022 में 6322 लीटर अवैध शराब, 2021 में 5460 लीटर और पिछले विधानसभा 2018 के दौरान 7819 लीटर शराब जप्त हुई थी।निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हेतु निर्देश दिए दिए गए है। शराब प्रलोभन हेतु उपयोग न हो इसके लिए अवैध शराब पर विशेष कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। इस चुनावी वर्ष में दस माह में जहां 5010 लोगों पर एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाहियां कर 17, 079 लीटर शराब जप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में पहले से ही पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशे के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है, जिसके तहत निरंतर कार्यवाहियां हो रही हैं।

शराब के संग्रहण व वितरण की मॉनिटरिंग के लिए आबकारी के गतौरी, सिरगिट्टी और कोटा क्षेत्र में स्थित; भंडारण गृह, बोटलिंग और डिस्टिलरी केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बल के रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के जवान तैनात कर दिए गए हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों, कार्यालयों पर 2 से 31 अक्टूबर तक चलाया गया साफ-सफाई अभियान

### 3497 फिजिकल फाइलों एवं 1889 ई-फाइलों का किया गया निपटारा

### 1372 मिलियन टन स्क्रैप का डिस्पोजल कर 5.9 करोड़ राजस्व का सृजन



**बिलासपुर,** 1 नवंबर ( देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए 'विशेष अभियान 3.0' चलाया गया । अभियान की शुरुआत एक प्रारंभिक चरण से हुई, जिसे अभियान अवधि के दौरान प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों की पहचान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर 2023 को शुरू किया गया था । मुख्य अभियान 2 अक्टूबर, 2023 से शुरू हुआ और 31 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहा । इस दौरान प्रत्येक विभाग और कार्यालय चयनित श्रेणियों में लंबित मामलों की पहचान की गई । अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक शिकायतों का प्रभावी निपटान, संसद सदस्यों के संदर्भ, संसद के आश्वासन, स्वच्छता अभियान, स्क्रैप का निपटान फाइलों की छंटाई और अन्य स्वच्छता संबंधी गतिविधियों पर आधारित थी । इस विशेष अभियान 3.0 को सफल बनाने के लिए जोनल मुख्यालय, प्रत्येक विभाग, मंडल, कार्यालयों में नोडल ऑफिसर नामित किये गए थे । विशेष अभियान 3.0 के लिए मंडलों और विभागों में स्वच्छता के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों और दूरवर्ती स्थानों की पहचान की गई और समीक्षा के लिए फाइलें और ई-फाइलों की पहचान की गई । साथ ही इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कारखानों, रेलवे कॉलोनियों आदि में स्वच्छता अभियान और कार्यालयों में लंबित मामलों का निपटान सुनिश्चित किया गया ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में चलाये गए स्पेशल कैंपेन 3.0 के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ रेल, स्वच्छ रेल परिसर बनाने का संकल्प के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्मों, कांकोर्स एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी, रेलवे ट्रैक, स्टेशन यार्ड एरिया, शौचालयों आदि की गहन साफ सफाई सुनिश्चित कराई गई । स्टेशन परिसर को संक्रमण मुक्त, साफ सुथरा बनाये रखने के लिए नियमित साफ सफाई का काम किया गया । प्लेटफार्म, रेलवे ट्रैक, वेटिंग रूम, शौचालय, परिभ्रमण क्षेत्र, स्टाल, फुट ओवर ब्रिज एरिया तथा रेलवे कालोनी की नालियों को साफ सुथरा और संक्रमण मुक्त रखने के लिए विशेष निगरानी की गई । साथ ही पुराना अनुपयोगी स्क्रैप का डिस्पोजल किया गया ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के कार्मिक, परिचालन, वाणिज्य, लेखा, संरक्षा, सुरक्षा, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा चिकित्सा विभाग के अलावा बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर तीनों मंडलों एवं वर्कशॉप में पुराने अनुपयोगी फाइलों रद्दी का निपटारा किया गया ।

रिकार्ड मैनेजमेंट के अंतर्गत फाइलों की फिजिकली समीक्षा की गई इसके अंतर्गत लगभग शत-प्रतिशत फाइलों की समीक्षा की गई । उपयोग में नहीं 3497 फिजिकल फाइलों एवं 1889 ई-फाइलों का निपटारा किया गया । स्क्रैप का डिस्पोजल इसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 1372 मिलीयन टन स्क्रैप का डिस्पोजल किया गया तथा इससे लगभग 5.9 करोड़ रुपये का राजस्व का सृजन किया गया । इस सम्पूर्ण अभियान के दौरान 1668 कार्यालयों में व 2169 परिक्षेत्रों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की गई । स्टेशनों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया इसके अंतर्गत कुल 319 स्टेशनों पर कैंपेन कर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया ।

स्पेशल कैंपेन 3.0 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान पर सोशल मीडिया के माध्यम से विशेषकर ट्विटर पर ट्विट्स करके कैंपेन अभियान चलाया गया । यात्रियों से जन उद्घोषणा प्रणाली यानि पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से स्टेशन परिसर साफ सुथरा रखने में मदद की अपील की गई । साथ ही स्टेशन पर कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बन्द करने, स्टेशन की स्वच्छता बनाये रखने के लिए आमजन को जागरूक किया गया ।

अभियान 3.0 के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे संरक्षित, सुरक्षित एवं सुगम ट्रेन परिचालन के साथ-साथ अपने सम्माननीय रेल यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुंदर एवं सुखद अनुभूतिपरक वातावरण मुहैया कराने के प्रति निरन्तर प्रयत्नशील रहा ।

**NECC**

| 02.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 533 | 92 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 107 | 195 |

डिलीवरी 548 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188